कर्नाटक सरकार

# हिंदी सुमन

## प्रथम भाषा हिंदी

**Hindi First Language**

# 9

## नौवीं कक्षा

## Ninth Standard

©KTBS Not to be republished

**Karnataka Text Book Society (R.)**
100 Ft. Ring Road, BSK 3rd Stage,
Bengaluru - 560 085.

>

# PREFACE

The Textbook Society, Karnataka has been engaged in producing new textbooks according to the new syllabi which in turn are designed on NCF- 2005 since June 2010. Textbooks are prepared in 12 languages, seven of them serve as the media of instruction. From standard 1 to 4th there is the EVS, mathematics and 5th to 10th there are three core subjects namely mathematics, science and social science.

NCF - 2005 has a number of special features and they are :

- connecting knowledge to life activities
- learning to shift from rote methods
- enriching the curriculum beyond textbooks
- learning experiences for the construction of knowledge
- making examinations flexible and intergrating them with classroom experiences
- caring concerns within the democratic policty of the country
- making education relevant to the present and future needs.
- softening the subject boundaries-integrated knowledge and the joy of learning.
- the child is the constructor of knowledge

The new books are produced based on three fundamental approaches namely.

Constructive approach, Spiral Approach and Integrated approach

The learner is encouraged to think, engage in activities, master skills and competencies. The materials presented in these books are integrated with values. The new books are not examination oriented in their nature. On the other hand they help the learner in the all round development of his/her personality, thus help him/her become a healthy member of a healthy society and a productive citizen of this great country, India.

©KTBS
Not to be republished

The most important objectives of teaching language are listening, speaking, reading, writing and reference work. These skills have been given a lot of importance in all the language textbooks. Along with the inculcation of these skills, fundamental grammar, opportunities for learners to appreciate beauty and imbibe universal life values have been integrated in language textbooks. When learners master these competencies, they would stop studying textbooks for the sake of passing examinations. In order to help learners master these competencies, a number of paired and group activities, assignments and project work have been included in the textbooks. It is expected that these activities would help learner master communicative skills. Ultimately, it is expected that students master the art of learning to learn and make use of these competencies in real life.

The Textbook Society expresses its gratitude to the chairpersons, writers, scrutinisers, artists, staff of DIETs and CTEs and the members of the Editorial Board and printers in helping the Text Book Society in producing these textbooks. A few works of some writers and poets have been includedin these textbooks. The textbook society is extremely grateful to them for giving their consent for the inclusion of these pieces in the textbooks.

**G S Mudambadithaya**
Coordinator
Curriculum Revision and
Textbook Preparation
Karnataka Textbook Society®
Bengaluru, Karnataka

**Nagendrakumar**
Managing Director
Karnataka Textbook Society®
Bengaluru, Karnataka

©KTBS Not to be republished

# प्रस्तावना

यह पाठ्य पुस्तक एन सी एफ-2005 द्वारा सुझाए गए मूल्यों को ध्यान में रखकर, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक सोसाइटी की ओर से तैयार की गई है । राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा - 2005 सुझाती है कि बच्चों के स्कूली जीवन को बाहर के जीवन से जोड़ा जाना चाहिए । हमारी व्यवस्था में कहीं न कहीं स्कूल और घर के बीच अंतर बना हुआ है। इस अंतर को दूर करने के प्रयास में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या पर आधारित पाठ्यक्रम और पाठ्य -पुस्तकें दत्तचित्त हैं।

यह पाठ्य-पुस्तक हिंदी सुमन-9 नौवीं कक्षा (प्रथम भाषा-हिंदी) के शिक्षार्थियों के बौद्धिक और भाषिक स्तर को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

पाठों का चयन करते समय बच्चों के सर्वतोमुखी विकास को ध्यान में रखा गया है । पाठों में विभिन्न प्रकार के प्रश्न-अभ्यासों द्वारा शिक्षार्थियों की भाषिक अभिव्यक्ति और व्याकरण संबंधी ज्ञान को अधिक बेहतर बनाने का प्रयत्न किया गया है ।

इस संकलन में जिन लेखकों की रचनाएँ ली गई हैं, उन सबके प्रति हम आभार व्यक्त करते हैं । जीवन मूल्य वर्धक, ज्ञानवर्धक, देशप्रेम संबंधी लेखों के प्रकाशन संस्थाओं के प्रति भी हम आभारी हैं । हिंदी सुमन-9 तैयार करने में अनेक विशेषज्ञों ने अपना अमूल्य सहयोग दिया है और पाठ्य-पुस्तक निर्माण समिति के सभी सदस्यों के प्रति हम कृतज्ञ हैं। पुस्तक को और अधिक उपयोगी बनाने हेतु अध्यापकों एवं छात्रों के सुझावों का स्वागत है।

आशा है, यह संग्रह पाठकों को रोचक लगेगा ।

**डॉ. एस. पी. विद्याकुमार**

अध्यक्ष

*****

© KTBS Not to be republished

# पाठ्य-पुस्तक रचना समिति

**अध्यक्ष**

**डॉ एस.पी. विद्याकुमार,** मुख्यस्थ हिंदी विभागाध्यक्ष, श्री महावीर कॉलेज, मूडबिद्री, कोडंगल्लू - 574197.

**सदस्य :**

**श्रीमती उमादेवी बाहेती,** अवकाश प्राप्त हिंदी अध्यापिका, दांडेली एज्यूकेशन सोसाइटी, बांगड नगर, दांडेली - 581325.

**श्री आर. डी. बागवान,** हिंदी शिक्षक एस.बी. पाटिल पदवी पूर्व कॉ-लेज, नवनगर, बागलकोट.

**श्रीमती आर. चपलाक्षी,** सह शिक्षिका, सरकारी पदवी पूर्व कॉलेज, नूतन वाणी विलास काँलेज, वी.वी. पुरम, बेंगलूर.

**डॉ. दस्तगीर एम. मुल्ला,** हिंदी प्राध्यापक,मराठा मंडल आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज खानापुर, बेलगाावि.

**डॉ. श्रीमती सुवर्णा गाड,** हिंदी विभागाध्यक्षा, एस,डी.एम. पदवी कॉलेज, होन्नावर-581334.

**कलाकार :**

**श्रीमती मंजुला. एस,** सरकारी हाईस्कूल, तेंडेकर, के.आर. पैटे तालूका, मंड्या जिला.

**परिशीलक :**

**डॉ. शोभा राव,** प्राचार्या, नंदी पी. यू, कॉलेज, बल्लारी - 583101.

©KTBS Not to be republished

**अध्यक्ष, संपादक मंडल :**

**प्रो. शशिधर एल. जी,** अध्यक्ष, हिंदी अध्ययन एंव अनुसंधान विभाग, मानसगंगोत्री मैसूरु विश्वविद्यानिलय, मैसूरू.

**प्रधान संयोजक :**

**श्री जी. एस्. मुंडबडित्ताय,** संयोजक, पाठ्य पुस्तक रचना समिति, कर्नाटक पाठ्य- पुस्तक संघ, बेंगलूरू.

**सहायता और मार्गदर्शन :**

**श्री. नागेद्रकुमार,** प्रबंध निदेशक,कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**श्रीमती सी. नागमणि,** उपनिदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डी.,** सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

©KTBS Not to be republished

# ಪರಿಷ್ಕರಣೆ ಕುರಿತು

ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಬಗ್ಗೆ ಪ್ರಕಟಗೊಂಡ ಸಾರ್ವಜನಿಕ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಗಮನಿಸಿ ಮಾನ್ಯ ಮುಖ್ಯಮಂತ್ರಿಯವರೂ ಅರ್ಥಸಚಿವರೂ ಆಗಿರುವ ಶ್ರೀ ಸಿದ್ದರಾಮಯ್ಯನವರು ತಮ್ಮ 2014–15ರ ಬಜೆಟ್‌ನಲ್ಲಿ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ರಚಿಸುವ ಘೋಷಣೆ ಮಾಡಿದರು. ತಜ್ಞರು ಅನುಸರಿಸಬೇಕಾದ ಮೂಲ ಆಶಯವನ್ನು ಹೀಗೆ ಹೇಳಿದರು: "ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯ, ನೈತಿಕಮೌಲ್ಯಗಳು, ವ್ಯಕ್ತಿತ್ವವಿಕಸನ, ವೈಜ್ಞಾನಿಕ ಮತ್ತು ವೈಚಾರಿಕ ಮನೋಭಾವ, ಜಾತ್ಯಾತೀತತೆ ಮತ್ತು ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಬದ್ಧತೆಗಳಿಗೆ ಅನುವಾಗುವಂತೆ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ಪುನರ್‌ರಚಿಸಲಾಗುವುದು" – ಇದು ಬಜೆಟ್ ಭಾಷಣದಲ್ಲಿ ಸಾದರಪಡಿಸಿದ ಆಶಯ.

ಆನಂತರ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆಯು ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯವರೆಗಿನ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಾಗಿ 27 ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ದಿನಾಂಕ: 24.11.2014 ರಂದು ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ವಿಷಯವಾರು ಮತ್ತು ತರಗತಿವಾರು ಮಾನದಂಡಕ್ಕನುಗುಣವಾಗಿ ರಚಿತವಾದವು. ವಿವಿಧ ಪಠ್ಯವಿಷಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರು, ಅಧ್ಯಾಪಕರು ಈ ಸಮಿತಿಗಳಲ್ಲಿದ್ದಾರೆ. ಈಗಾಗಲೇ ಲಿಖಿತವಾಗಿ ಬಂದಿರುವ ಅನೇಕ ಆಕ್ಷೇಪಗಳು ಮತ್ತು ವಿಶ್ಲೇಷಣೆಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಿ, ತಪ್ಪು ಒಪ್ಪುಗಳ ಬಗ್ಗೆ ನಿರ್ಣಯಿಸಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ ಹೊಣೆಹೊತ್ತ ಈ ಸಮಿತಿಗಳಿಗೆ 'ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪಠ್ಯವಸ್ತುವನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸಿ ನಂತರ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ' ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು 24.11.2014ರ ಆದೇಶದಲ್ಲೇ ನೀಡಲಾಗಿತ್ತು. ಆನಂತರ 19.09.2015 ರಂದು ಹೊಸ ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿ 'ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪುನರ್ ರಚಿಸುವ' ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು ನೀಡಲಾಯಿತು. ಹೀಗೆ ಸಮಗ್ರ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗೊಂಡ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು 2016–17ರ ಬದಲು 2017–18ನೇ ಶೈಕ್ಷಣಿಕ ವರ್ಷದಲ್ಲಿ ಜಾರಿಗೊಳಿಸಲಾಗುವುದೆಂದು ಇದೇ ಆದೇಶದಲ್ಲಿ ತಿಳಿಸಲಾಯಿತು.

©KTBS Not to be republished

ಅನೇಕ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳೂ ಸಂಘಟನೆಗಳೂ ಸ್ವಯಂಪ್ರೇರಿತರಾಗಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಮಾಹಿತಿದೋಷ, ಆಶಯದೋಷಗಳನ್ನು ಪಟ್ಟಿಮಾಡಿ ಶಿಕ್ಷಣ ಸಚಿವರಿಗೆ, ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘಕ್ಕೆ ಕಳುಹಿಸಿದ್ದರು. ಅವುಗಳ ಪರಿಶೀಲನೆಮಾಡಿದ್ದಲ್ಲದೆ, ಸಮಿತಿಗಳಾಚೆಗೆ ಅನೇಕ ಸಂವಾದಗಳನ್ನು ಏರ್ಪಡಿಸಿ ವಿಚಾರ ವಿನಿಮಯ ಮಾಡಿಕೊಂಡಿದ್ದೇವೆ. ಪ್ರಾಥಮಿಕ ಮತ್ತು ಪ್ರೌಢಶಾಲಾ ಅಧ್ಯಾಪಕರ ಸಂಘಗಳ ಜೊತೆ ಚರ್ಚಿಸಿದ್ದಲ್ಲದೆ ಪ್ರಶ್ನಾವಳಿ ಸಿದ್ಧಪಡಿಸಿ ಅಧ್ಯಾಪಕರಿಗೆ ಕಳಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಸಂಗ್ರಹಿಸಲಾಗಿದೆ. ಅಧ್ಯಾಪಕರು, ವಿಷಯಪರಿವೀಕ್ಷಕರು ಮತ್ತು ಡಯಟ್ ಪ್ರಾಂಶುಪಾಲರ ಪ್ರತ್ಯೇಕ ಸಭೆಗಳನ್ನು ನಡೆಸಿ ವಿಶ್ಲೇಷಣಾತ್ಮಕ ಅಭಿಮತಗಳನ್ನು ಪಡೆಯಲಾಗಿದೆ. ವಿಜ್ಞಾನ, ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ, ಭಾಷೆ ಸಾಹಿತ್ಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರಿಗೆ ಮೊದಲೇ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಕಳುಹಿಸಿ ಆನಂತರ ಸಭೆ ನಡೆಸಿ ಚರ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಮಹಿಳಾ ಸಂಘಟನೆ ಹಾಗೂ ವಿಜ್ಞಾನ ಸಂಬಂಧಿ ಸಂಸ್ಥೆಗಳನ್ನು ಆಹ್ವಾನಿಸಿ ಚಿಂತನೆ ನಡೆಸಲಾಗಿದೆ. ಹೀಗೆ ಎಲ್ಲಾ ಮೂಲಗಳಿಂದ ಪಡೆದ ಅರಿವಿನ ಆಧಾರದ ಮೇಲೆ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಕಡೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಬಹುಮುಖ್ಯವಾದ ಇನ್ನೊಂದು ಸಂಗತಿಯನ್ನು ಇಲ್ಲಿ ಹೇಳಬೇಕು. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ **(N.C.E.R.T)** ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ತೌಲನಿಕವಾಗಿ ಅಧ್ಯಯನ ಮಾಡಿ ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ನೀಡಲು ವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ ಮತ್ತು ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದಂತೆ ತಜ್ಞರ ಮೂರು ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಲಾಯಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ನೀಡಿದ ತೌಲನಿಕ ವಿಶ್ಲೇಷಣೆ ಮತ್ತು ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ಆಧರಿಸಿ ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟವನ್ನು ಹೆಚ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳಿಗಿಂತ ನಮ್ಮ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟ ಕಡಿಮೆಯಾಗದಂತೆ ಕಾಯ್ದುಕೊಳ್ಳಲಾಗಿದೆ. ಜೊತೆಗೆ ಆಂಧ್ರ, ತಮಿಳುನಾಡು, ಮಹಾರಾಷ್ಟ್ರ ರಾಜ್ಯಗಳ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ನಮ್ಮ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಇನ್ನೊಂದು ಸ್ಪಷ್ಟನೆಯನ್ನು ನೀಡಲು ಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ನಮ್ಮ ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿರುವುದು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯೇ ಹೊರತು ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸಮಗ್ರ ರಚನೆಯಲ್ಲ. ಆದ್ದರಿಂದ ಈಗಾಗಲೇ

©KTBS Not to be republished

ರಚಿತವಾಗಿರುವ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸ್ವರೂಪಕ್ಕೆ ಎಲ್ಲಿಯೂ ಧಕ್ಕೆಯುಂಟುಮಾಡಿಲ್ಲ. ಲಿಂಗತ್ವ ಸಮಾನತೆ, ಪ್ರಾದೇಶಿಕ ಪ್ರಾತಿನಿಧ್ಯ, ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಸಮಗ್ರತೆ, ಸಮಾನತೆ, ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯಗಳ ಹಿನ್ನೆಲೆಯಲ್ಲಿ ಕೆಲವು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಳು ನಡೆದಿವೆ. ಹೀಗೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವಾಗ ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟು ಮತ್ತು ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟುಗಳನ್ನು ಮೀರಿಲ್ಲವೆಂದು ತಿಳಿಸಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ಜೊತೆಗೆ ನಮ್ಮ ಸಂವಿಧಾನದ ಆಶಯಗಳನ್ನು ಅನುಸರಿಸಲಾಗಿದೆ. ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿದ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯನ್ನು ಮತ್ತೊಮ್ಮೆ ಪರಿಶೀಲಿಸಲು ವಿಷಯವಾರು ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನ ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಪಡೆದು ಅಳವಡಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಹೀಗೆ ಕ್ರಮಬದ್ಧವಾಗಿ ನಡೆದ ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ತಮ್ಮನ್ನು ತಾವು ಸಂಪೂರ್ಣ ತೊಡಗಿಸಿಕೊಂಡ 27 ಸಮಿತಿಗಳ ಅಧ್ಯಕ್ಷರು ಮತ್ತು ಸದಸ್ಯರನ್ನು ಹಾಗೂ ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನಾ ಸಮಿತಿಯ ಸಮಸ್ತರನ್ನು ಕೃತಜ್ಞತೆಯಿಂದ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಅಂತೆಯೇ ಸಮಿತಿಗಳ ಕೆಲಸ ಸುಗಮವಾಗಿ ನಡೆಯುವಂತೆ ವ್ಯವಸ್ಥೆಮಾಡಲು ಕಾರ್ಯಕ್ರಮ ಅಧಿಕಾರಿಗಳಾಗಿ ನಿಷ್ಠೆಯಿಂದ ದುಡಿದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘದ ಎಲ್ಲಾ ಅಧಿಕಾರಿಗಳನ್ನೂ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಸಹಕರಿಸಿದ ಸಿಬ್ಬಂದಿಗೂ ನಮ್ಮ ವಂದನೆಗಳು. ಅಭಿಪ್ರಾಯ ನೀಡಿ ಸಹಕರಿಸಿದ ಸರ್ವ ಸಂಘಟನೆಗಳು ಮತ್ತು ತಜ್ಞರಿಗೆ ಧನ್ಯವಾದಗಳು.

**ನರಸಿಂಹಯ್ಯ**
ವ್ಯವಸ್ಥಾಪಕ ನಿರ್ದೇಶಕರು
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ)
ಬೆಂಗಳೂರು–85

**ಪ್ರೊ. ಬರಗೂರು ರಾಮಚಂದ್ರಪ್ಪ**
ಸರ್ವಾಧ್ಯಕ್ಷರು
ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಪರಿಷ್ಕರಣ ಸಮಿತಿ
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ)
ಬೆಂಗಳೂರು–85

©KTBS Not to be republished

# पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति

**सर्वाध्यक्ष :**

**प्रो. बरगूरु रामचंद्रप्पा,** अध्यक्ष, कर्नाटक राज्य पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति, बेंगलूरु.

**सहयोग :**

**श्री नरसिंहय्या,** प्रबंध निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु-५६००८५

**श्रीमती. नागमणि सी,** उपनिदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**अध्यक्ष:**

**डॉ. नामदेव. एम. गौडा,** विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, महाराजा कॉलेज, मैसूरु विश्वविद्यानिलय, मैसूरु-५७०००५

**सदस्य :**

**श्रीमती. सुमा. एस. के,** विषय परिवीक्षिका (हिंदी) बेंगलूरु विभाग आयुक्तालय बेंगलूरु-५६० ००१

**डॉ. रागिनी. आर,** हिंदी अध्यापिका (स्वैच्छिक अवकाश प्राप्त) ७३८/४, सोप्पिनकोला स्ट्रीट, काशीपति अग्रहार, के.आर. मुहल्ला, मैसूरु - २४

**डॉ. एस. ए. मंजुनाथ,** सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, पंपई कॉलेज, ऐकला, मंगलूरु-५७४१४१

**डॉ. एस. विजि,** सह-शिक्षक (हिंदी), सरकारी हाईस्कूल, वोंटीकोप्पल, मैसूरु-५७००२०

**श्री. एम. जी. मंजुनाथ,** सह-शिक्षक (हिंदी), सरकारी पी.यु. कॉलेज, गौनीपल्ली, श्रीनिवासपुरा ताल्लुका, कोलार जिला-५६३१६१

**श्रीमती. वसंतकुमारी बाई,** सह-शिक्षिका (हिंदी), एस. एस. पी. एस. हाईस्कूल, कोप्पा ताल्लुका, चिक्कमगलूरु जिला - ५७७१२६

**वासुदेवमूर्ति. एस,** हिंदी अध्यापक, सरकारी हाईस्कूल, उद्बूरु, मैसूरु तालूक, मैसूरु जिला - ५७००२६.

**उन्नत परिशीलन समिति :**

**डॉ. काशीनाथ अंबलगे,** अवकाश प्राप्त प्रोफेसर, गुलबर्गा विश्वविद्यालय, कलबुरगि.

**डॉ. के.ए. सेबास्टियन,** क्राइस्ट विश्वविद्यालय, होसूर रोड, बेंगलूरु

**डॉ. गणेश पवार,** कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय, कलबुरगि.

**कलाकार:**

**श्री डी. एन. वेंकटेश,** सरकारी हाईस्कूल, उरमार कसलगेरे, मंड्या जिला.

**कार्यक्रम संयोजक :**

**श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डी.,** सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

©KTBS Not to be republished

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं | शीर्षक | विधा | पृ.सं. |
|---|---|---|---|
| १ | जन्म दिवस | कविता | १ |
| २ | अब्बूखाँ की बकरी | कहानी | ६ |
| ३ | अगर नाक न होती | निबंध | २० |
| | मित्रता अनमोल रत्न है | पूरक वाचन | ३० |
| ४ | काँटे कम से कम मत बोओ | कविता | ३१ |
| ५ | तीन प्रश्न | कहानी | ३७ |
| ६ | सफाई और व्यायाम | पूरक वाचन | ४८ |
| | शुचिता और सादगी | पूरक वाचन | ५८ |
| ७ | अंतरिक्ष केंद्र - श्रीहरिकोटा | लेख | ६२ |
| | श्रीमंत प्रकृति | पूरक वाचन | ७३ |
| ८ | पथ की पहचान | कविता | ७५ |
| ९ | पार्श्व गायिका - लता मंगेशकर | जीवनी | ८० |
| १० | मातृभाषा के प्रति | कविता | ९० |
| ११ | क्रांतिवीर संगोल्ली रायण्णा | व्यक्ति- परिचय | ९६ |
| | आओ जानें अपना कर्नाटक | परियोजना | १०५ |
| १२ | वाङ्चू | कहानी | १०७ |
| १३ | कन्यादान | कविता | ११६ |
| १४ | जान से प्यारे | एकांकी | १२१ |
| १५ | नागरिकों के मूल अधिकार | निबंध | १४० |
| | सीप समान बनो : एक लक्ष्य चुन लो | पूरक वाचन | १४८ |
| १६ | रसखान के सवैये | मध्यकालीन कविता | १५० |
| १७ | बचपन | संस्मरण | १५७ |
| १८ | प्राकृतिक स्थल - बदरीनाथ | यात्रा वर्णन | १६७ |
| | पाप और पुण्य | पूरक वाचन | १७३ |
| १९ | मीराबाई के पद | मध्यकालीन कविता | १७५ |
| | वाच्या, समास, संधि | | १८० |


©KTBS Not to be republished

# कंठस्थ करने वाले पद्य भाग

## आधुनिक पद्य -

१) जन्म-दिवस : - प्रथम ८ पंक्तियाँ

२) काँटे कम से कम मत बोओ - अंतिम परिच्छेद - ६ पंक्तियाँ

३) पथ की पहचान प्रथम 10 पंक्तियाँ

४) कन्यादान अंतिम 8 पंक्तियाँ

**मध्यकालीन पद्य**

१) रसखान के सवैय्ये (अंतिम ८ पंक्तियाँ)

२) मीराबाई के पद : - दोनों पद - ११ पंक्तियाँ


*****

©KTBS Not to be republished

# १. जन्म-दिवस

**- रूपनारायण त्रिपाठी**

**आशय: यह देश की आजादी के जन्म दिवस पर लिखी कविता है । कवि चाहते हैं कि देश के नवयुवक, इस अवसर पर खुशियाँ मनाएँ और देश के प्रति अपने कर्तव्य को समझकर देश के नव-निर्माण में अपना सहयोग दें ।**



घर-घर मंगल-दीप जलाओ, उजियाली का रास-रचाओ ।
सदियों का तम हरनेवाली नई किरण का जन्म-दिवस है ।।

यह वह दिन है जब अपने को,
अपना वातावरण मिला था ।

©KTBS Not to be republished

अपने पौरुष के पुष्कर में,
स्वतंत्रता का कमल खिला था ।
विहगो ! गीत खुशी के गाओ, भँवरो ! जीवन-बीन बजाओ ।
आज तुम्हारी फुलबगिया में, नये सुमन का जन्म-दिवस है ।।
बजी चेतना की शहनाई,
जगा राह का तिनका-तिनका ।
लहर-लहर ने ली अँगड़ाई,
महका फूल सुनहरे दिन का ।।
सागर, सरिता, वन, उपवन में, अपनी धरती और गगन में ।
आज हिमाचल के आँगन में नई लगन का जन्म-दिवस है ।।
सदियों की उदास बंसी में,
जगा मुक्ति का गीत सुनहरा ।
सपनों की प्यासी बाहों में,
विश्वासों का बादल उतरा ।।
उजियाली के राजकुमारो, नई राह के सिरजनहारो,
आज तुम्हारी स्वतन्त्रता के पहले क्षण का जन्म-दिवस है ।।
तुम्हें शपथ हर बुझे दीप की,
उजियाली को नई उमर दो ।
सदियों की उजड़ी बगिया को,
नये-नये फूलों से भर दो ।।
श्रम की नूतन ऋचा सँवारो, पौरुष की आरती उतारो,
आज देश की नव रचना के अभिनव प्रण का जन्म-दिवस है ।

©KTBS Not to be republished

## कवि परिचय :

श्री रूपनारायण त्रिपाठी जी आधुनिक काल के भावप्रवण सशक्त कवि के साथ-साथ गद्यकार भी हैं । संस्कृत व्याकरण एवं निबंध रचना, शब्द-चित्र आपकी प्रौढ़ कृतियाँ हैं । 'भोर हुई' सन् 2007 ई. में प्रकाशित आपकी प्रसिद्ध कविता है । आपकी कविताओं में राष्ट्र -प्रेम की भावना कूट-कूट कर भरी है ।

## शब्दार्थ:

रास - खेल, नाटक; तम - अँधेरा (यहाँ गुलामी), हरना - मिटाना, दूर करना; पौरुष - पुरुषार्थ, परिश्रम; पुष्कर - तालाब (यहाँ-भारत), विहग - पक्षी (नव पीढ़ी के लोग), फुलबगिया - फूलों का बगीचा (यहाँ भारत), सुमन - फूल, चेतना - जागरण, सरिता - नदी, बुझे दीप- आजादी के लिए शहीद हुए कंत, नूतन - नयी, ऋचा - साधन, अभिनव - नई, प्रण - प्रतिज्ञा।

## अभ्यास

### मौखिक प्रश्न:

**I. निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए:**

१) इस कविता में किसका जन्म-दिवस मनाया जा रहा है ?

२) कवि पक्षियों से क्या करने को कहते हैं ?

३) हिमालय के आँगन में किसका जन्म-दिवस है ?

४) कवि देश के लिए क्या चाहते हैं ?

©KTBS Not to be republished

## लिखित प्रश्नः

### II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :

१. जन्म-दिवस पर कवि घर-घर क्या जलाने को कहते हैं ?

२. नई किरण क्या करती है ?

३. स्वतंत्रता का कमल कहाँ खिला था ?

४. मुक्ति का गीत कहाँ जगा है ?

५. कवि किसको नई उमर देने की बात कहते हैं ?

६. कवि नवयुवकों से देश के हित में किसकी आरती उतारने को कहते हैं?

### III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए:

१. आज़ादी के दिन क्या हुआ था ?

२. कवि पक्षियों और भँवरों से क्या करने को कहते हैं ? और क्यों?

३. नई लगन का जन्म दिवस कहाँ-कहाँ है ?

४. कवि देशभक्ति राजकुमारों से क्या करने को कहते है ?

५. जन्म-दिवस कविता में निम्नलिखित शब्द किसके प्रतीक हैं ?
१) पुष्कर, २) फुलबगिया, ३) नया सुमन
४) उजियाली के राजकुमार ५. बुझे दीप ।

### IV. निम्नलिखित पंक्ति यों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए:

१. घर-घर मंगल दीप जलाओ, उजियाली का रास रचाओ ।
सदियों का तम हरनेवाली, नई किरण का जन्म-दिवस है ।

२. तुम्हें शपथ हर बुझे दीप की,
उजियाली को नई उमर दो ।
सदियों की उजडी बगिया को,
नये-नये फूलों से भर दो ।।

©KTBS Not to be republished

**V. कविता की प्रथम आठ पंक्तियों को कंठस्थ कीजिए ।**

## भाषा अध्ययन

**I निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

१) घर २) कमल ३) विहग ४) सुमन

५) धरती ६) गगन ७) सागर ८) सरिता

**II. निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

१) स्वतंत्रता २) चेतना ३) लगन

४) विश्वास ५) नूतन

**योग्यता-विस्तार :**

- देश के लिए बलिदान देनेवाले शहीदों के बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए ।
- देश की नव रचना करनेवाले नेताओं के चित्र एकत्र कर विद्यालय के सूचना पट पर लगाइए ।

******

©KTBS Not to be republished

# पाठ -२

## अब्बूखाँ की बकरी

-डाँ. ज़ाकिर हुसैन

**आशय: प्रस्तुत कहानी अब्बूखाँ की बकरी स्वतंत्रता की आवाज़ को बुलंद करनेवाली एक सशक्त कहानी है । यह भारतीयों की नस-नस में आज़ादी की ख्वाहिश जगानेवाली प्रेरणाप्रद कहानी है ।**

हिमालय पहाड़ का नाम तो तुमने सुना ही होगा । उससे बड़ा पहाड़ दुनिया में कोई नहीं है । हजारों मील फैलता चला गया है और ऊँचा इतना है कि अभी तक इसकी ऊँची चोटियों पर बहुत कम व्यक्ति पहुँच पाये। इस पहाड़ की तलहटी में अंदर बहुत सी बस्तियाँ भी बसी हैं। ऐसी ही एक बस्ती अलमोडा है ।

अलमोड़ा में एक बड़े मियाँ रहते थे । उनका नाम था अब्बूखाँ । उन्हें बकरियाँ पालने का बहुत शौक था । अकेले आदमी थे, बस, एक दो बकरियाँ रखते, दिन-भर उन्हें चराते । उनके अजीब-अजीब नाम रखते, किसीका कल्लू, किसीका गुजरी, किसीका हुकमा । इनसे न जाने क्या-क्या बातें करते रहते और शाम के वक्त बकरियों को लाकर घर में बाँध देते । अलमोड़ा पहाड़ी जगह है, इसलिए अब्बूखाँ की बकरियाँ भी पहाड़ी नस्ल की होती थीं ।

Not to be republished ©KTBS



अब्बूखाँ गरीब थे, बड़े बदनसीब । उनकी सारी बकरियाँ कभी न कभी रस्सी तुदाकर रात को भाग जाती थीं । पहाड़ी बकरी बँधे-बँधे घबरा जाती हैं । ये बकरियाँ भागकर पहाड़ में चली जाती थीं । वहीं कहीं एक भेडिया रहता था, वह उन्हें खा जाता था । मगर अजीब बात है, न अब्बूखाँ का प्यार, न शाम के दाने का लालच उन बकरियों को भागने से रोकता था, न भेडिये का डर । इसकी वजह शायद यह हो कि पहाड़ी जानवरों के मिज़ाज़ में आजादी की बहुत प्यास होती है। 'ये अपनी आजादी किसी दाम देने को राजी नहीं होते दुख और मुसीबतों को सहकर भी आजाद रहने को आराम और आनंद की कैद से अच्छा जानते हैं ।

जहाँ कोई बकरी भाग निकली और अब्बूखाँ बेचारे सिर पकड़कर बैठ गये । उनकी समझ में ही न आता था कि हरी हरी घास मैं उन्हें खिलाता हूँ, छिपा-छिपाकर पड़ोसियों के धान के खेत में उन्हें

©KTBS Not to be republished

छोड देता हूँ, शाम को दाना देता हूँ, मगर फिर भी ये कंबख्त नहीं ठहरतीं और पहाड़ में जाकर भेडिये को अपना खून पिलाना पसंद करती हैं।

अब अब्बूखाँ की बहुत-सी बकरियाँ भाग गईं, तो बेचारे बहुत उदास हुए और कहने लगे-अब बकरी न पालूँगा । जिंदगी के थोड़े दिन और हैं, बे-बकरियों ही, के कट जाएँगे।

मगर तनहाई बुरी चीज है, थोडे दिन तो अब्बूखाँ बे-बकरियों के रहे, फिर न रहा गया । एक दिन कहीं से एक बकरी खरीद लाए । यह बकरी अभी बच्चा ही थी, कोई साल, सवा साल की होगी । अब्बूखाँ ने सोचा कि कम-उम्र बकरी लूँगा तो शायद हिल जाए और उसे जब पहले ही से अच्छे-अच्छे चारे-दाने की आदत पड जाएगी तो फिर वह पहाड़ का रुख न करेगी ।

यह बकरी थी बहुत खूबसूरत, रंग उसका बिलकुल सफ़ेद था । बाल लंबे-लंबे थे, छोटे छोटे, काले-काले सींग ऐसे मालूम होते थे कि किसीने आबनूस की काली लकडी में खूब मेहनत से तराशकर बनाए हैं । लाल-लाल आँखें तुम देखते तो कहते कि अरे, यह बकरी हमने ली होती! वह बकरी देखने ही में अच्छी न थी, मिज़ाज़ की भी बहुत अच्छी थी । प्यार से अब्बूखाँ के हाथ चाटती थी । दूध चाहे तो कोई बच्चा दुह ले, न लात मारती थी, न दूध का बर्तन गिराती । अब्बूखाँ तो बस उस पर आशिक-से हो गए थे । इसका नाम चाँदनी रखा था और दिनभर उससे बातें करते रहते थे । कभी-कभी चाचा घसीटाखाँ का किस्सा उसे सुनाते थे, कभी मामू नत्थू का ।

अब्बूखाँ ने यह सोचकर कि बकरियाँ शायद मेरे तंग आँगन में

©KTBS Not to be republished

घबरा जाती हैं, अपनी उस चाँदनी बकरी के लिए नया प्रयत्न किया था । घर के बाहर उनका एक छोटा-सा खेत था । उसके चारों तरफ उन्होंने न जाने कहाँ-कहाँ से काँटे जमा करके डाले थे कि कोई उसमें न आ सके । उसके बीच में चाँदनी को बाँधते थे और रस्सी खूब लंबी रखी थी कि खूब इधर-उधर घूम सके । इस तरह चाँदनी को अब्बूखाँ के यहाँ खासा जमाना गुजर गया, और अब्बूखाँ को यकीन हो गया कि आखिर को एक बकरी तो हिल गई, अब यह न भागेगी ।

मगर अब्बूखाँ धोखे में थे । आजादी की ख़्वाहिश इतनी आसानी से दिल से नहीं मिटती । पहाड़ और जंगल में रहनेवाले आजाद जानवरों का दम घर की चार दीवारी में घुटता है, तो काँटों से घिरे हुए खेत में भी उन्हें चैन नसीब नहीं होता। कैद-कैद सब एक-सी । थोड़े दिन के लिए चाहे ध्यान बँट जाए, मगर फिर पहाड़ और जंगल याद आते हैं और कैदी अपनी रस्सी तुड़ाने की फिक्र करता है । अब्बूखाँ का ख्याल ठीक न था कि चाँदनी पहाड़ की हवा भूल गई है ।

एक दिन सुबह जब सूरज अभी पहाड़ के पीछे ही था कि चाँदनी ने पहाड़ की तरफ नजर की । मुँह जो जुगाली की वजह से चल रहा था, रुक गया और चाँदनी ने दिल में कहा - वे पहाड़ की चोटियाँ कितनी खूबसूरत हैं । वहाँ की हवा और यहाँ की हवा का क्या मुकाबला ! फिर वहाँ उछलना, कूदना, ठोकरें खाना, और यहाँ हर वक्त बँधे रहना । गर्दन में आठों पहर यह रस्सी ! ऐसे घरों में गधे और खच्चर भले ही चुग लें, हम बकरियों को तो जरा बड़ा मैदान चाहिए ।

©KTBS Not to be republished

इस ख़्याल का आना था और चाँदनी अब वह पहली चाँदनी ही न थी । न उसे हरीं-हरी घास अच्छी लगती थी, न पानी मजा देता था । रोज-ब-रोज दुबली होने लगी । दूध घटने लगा । हर वक्त मुँह पहाड़ की तरफ रहता । रस्सी को खींचती और चिल्लाती । अब्बूखाँ समझ गए, हो न हो कोई बात ज़रूर है, लेकिन यह समझ में नहीं आता था कि क्या ? एक दिन चाँदनी ने उनकी तऱफ मुँह फेरा और अपनी बकरियोंवाली ज़बान में कहा - अब्बूखाँ मियाँ, मैं अब तुम्हारे पास रहूँगी, तो मुझे बड़ी बीमारी हो जाएगी । मुझे तो तुम पहाड़ ही में चली जाने दो।

अब्बूखाँ बकरियों की जबान समझने लगे थे । चिल्लाकर बोले- या अल्लाह ! यह भी जाने को कहती है, यह भी ! हाथ के थरथराने से मिट्टी की लुटिया, जिसमें दूध दुहा था, हाथ से गिरी और चूर-चूर हो गई । अब्बूखाँ वहाँ घास पर बकरी के पास बैठ गए और गमगीन आवाज़ से बोले - क्यों बेटी चाँदनी, तू भी मुझे छोड़ना चाहती है?''



©KTBS Not to be republished

चाँदनी ने जवाब दिया - हाँ अब्बूखाँ मियाँ, चाहती तो हूँ ।

अब्बूखाँ  अरे, क्या तुझे चारा नहीं मिलता या दाना पसंद नहीं ? बनिये ने घुने दाने मिला दिए हैं ? मैं आज ही और दाना ले आऊँगा ।''

चाँदनी  नहीं-नहीं मियाँ, दाने की कोई तकलीफ़ नहीं ।''

अब्बूखाँ  तो फिर क्या रस्सी छोटी है ? मैं और लंबी कर दूँगा ।''

चाँदनी ने कहा  इससे क्या लाभ ?

अब्बूखाँ  तो फिर क्या बात है ? तू चाहती क्या है ?''

चाँदनी  कुछ नहीं, बस मुझे तो पहाड़ में जाने दो ।''

अब्बूखाँ ने कहा अरी कंबख़्त ! तुझे यह ख़बर है कि वहाँ भेड़िया रहता है? वह जब आएगा, तो क्या करेगी ?

चाँदनी ने जवाब दिया  अल्लाह ने दो सींग दिए हैं, उनसे उसे मारूँगी।

अब्बूखाँ - हाँ हाँ, ज़रूर । भेड़िये पर तेरे सीगों ही का असर होगा । वह तो मेरी कई बकरियाँ हड़प कर चुका है । उनके सींग तुझसे बहुत बड़े थे । तू तो कल्लू को जानती नहीं थी, वह यहाँ पिछले साल थी । बकरी काहे को थी, हिरन थी हिरन । काला हिरन । रातभर सींगों से भेड़िये के साथ लड़ी, मगर फिर सुबह होते-होते उसने दबोच ही लिया और खा गया ।''

चाँदनी ने कहा  अरे रे रे ! बेचारी कल्लू मगर खैर, अब्बूखाँ मियाँ, इससे क्या होता है, मुझे तो तुम पहाड़ में जाने ही दो ।

अब्बूखाँ कुछ झुँझलाए और बोले - या अल्लाह, यह भी जाती है । मेरी एक बकरी और उस कंबख़्त भेडिये के पेट में जाए, मगर नहीं-नहीं, मैं इसे तो जरूर बचाऊँगा । कंबख़्त अहसान-फ़रामोश, तेरी मर्जी के खिलाफ़ तुझे बचाऊँगा। अब तो तेरा इरादा मालूम हो गया है । अच्छा, बस चल, तुझे कोठरी में बाँधा करूँगा, नहीं तो मौका पाकर चल देगी ।

©KTBS Not to be republished

अब्बूख़ाँ ने आखिर चाँदनी को एक कोने की कोठरी में बंद कर दिया और ऊपर से जंजीर चढ़ा दी, मगर गुस्से में कोठरी की खिडकी बंद करना भूल गए। इधर उन्होंने कुंडी चढ़ाई, उधर चाँढ़ानी खिड़की में से उचककर बाहर । यह जा, वह जा ।

चाँदनी पहाड़ पर पहुँची, तो उसकी खुशी का क्या पूछना था! पहाड़ पर पेड़ उसने पहले भी देखे थे, मगर आज उनका और ही रंग था । उसे ऐसा मालूम होता था कि सबके सब खड़े हुए उसे बधाई दे रहे हैं कि फिर हम में आ मिली।

इधर-उधर सेवंती के फूल मारे खुशी के खिलखिलाकर हँस रहे थे । कहीं ऊँची-ऊँची घास सबसे गले मिल रही थी । मालूम होता था कि सारा पहाड़ मारे खुशी के मुस्करा रहा है, और अपनी बिछुडी हुई बच्ची के वापस आने पर फूला नहीं समाता । चाँदनी की खुशी का हाल कोई क्या बताता? न चारों तरफ़ काँटो की बाड़, न खूँटा, न रस्सी । और चारा वे जड़ी-बूटियाँ कि अब्बूख़ाँ गरीब अपनी सारी मुहब्बत और स्नेह के होते हुए भी न ला सकते ।

चाँदनी कभी इधर उछलती, कभी उधर । यहाँ से कूदी, वहाँ फाँदी । कभी चट्टा पर है, कभी खड्ड में । इधर ज़रा फिसली, फिर सँभली । एक चाँदनी के आने से सारे पहाड़ में रौनक-सी आ गई थी । ऐसा मालूम होता था कि अब्बूख़ाँ की दस-बारह बकरियाँ छूटकर यहाँ आ गई हैं ।

एक दफ़ा घास पर मुँह मारकर जो ज़रा सिर उठाया तो चाँदनी की नज़र अब्बूख़ाँ के मकान और उस काँटोंवाले घेरे पर पड़ी । उन्हें देखकर यह खूब हँसी और दिल में कहने लगी  कितना ज़रा-सा मकान है ! मैं इतने दिन उसमें कैसे रही ? इसमें आखिर समाती कैसे थी ? पहाड़ की चोटी पर

©KTBS Not to be republished

से उस नन्हीं-सी जान को नीचे सारी दुनिया नज़र आती थी ।

चाँदनी के लिए यह दिन भी अजीब था । दोपहर तक इतनी उछली-कूदी कि शायद सारी उम्र में इतनी उछली-कूदी न होगी । दोपहर ढले, उसे पहाड़ी बकरियों का एक गल्ला दिखाई दिया । गल्ले की बकरियों ने उसे खुशी-खुशी अपने पास बुलाया और उससे हाल-अहवाल पूछा । गल्ले में कुछ जवान बकरे भी थे, उन्होंने भी चाँदनी की बड़ी खातिर-नवाटी की, बल्कि उसमें एक बकरा था, ज़रा काले-काले रंग का, जिसपर कुछ सफ़ेद टप्पे थे । यह चाँदनी को भी अच्छा लगा और ये दोनों बहुत देर तक इधर-उधर फिरते रहे । उनमें न जाने क्या-क्या बातें हुईं । और कोई तो था नहीं । एक सोता पानी का बह रहा था, उसने सुनी होगी । कभी कोई वहाँ जाए और उस सोते से पूछे, तो शायद कुछ पता लगे । और फिर भी क्या ख़बर, वह सोता भी शायद न बताए ।

ख़ैर, बकरियों का गल्ला तो न मालूम किधर चला गया । वह जवान बकरा भी इधर-उधर घूमकर अपने साथियों में जा मिला ।

शाम का वक्त हुआ । ठंडी हवा चलने लगी । सारा पहाड़ लाल-सा हो गया और चाँदनी ने सोचा ओह हो, अभी से शाम !


नीचे अब्बूखाँ का घर, और वह काँटोंवाला घेरा दोनों कुहरे में छिप गए । नीचे कोई चरवाहा अपनी बकरियों को बाड़े में बंद करने के लिए जा रहा था, उनकी गर्दन की घंटियाँ बज रही थीं । चाँदनी उस आवाज को खूब पहचानती थी। उसे सुनकर उदास-सी हो गई । होते-होते अँधेरा होने लगा और पहाड़ में एक तरफ से आवाज़ आई-खूं-खूं ।

यह आवाज़ सुनकर चाँदनी को भेड़िये का ख्याल आया । दिन-भर एक दफ़ा भी उसका ध्यान उधर न गया था । पहाड़ के नीचे से एक सीटी और

©KTBS Not to be republished

बिगुल की आवाज़ आई । ये बेचारे अब्बूखाँ थे जो आखिरी कोशिश कर रहे थे कि उसे सुनकर चाँदनी फिर लौट आए । इधर से वे कह रहे थे - लौट आ, लौट आ । उधर से दुश्मन जान भेड़िये की आवाज़ आ रही थी ।

चाँदनी के जी में कुछ तो आई कि लौट चले, लेकिन उसे खूँटा याद आया रस्सी याद आई, काँटों का घर याद आया और उसने सोचा कि उस ज़िंदगी से यहाँ की मौत अच्छी । आखिर को सीटी और बिगुल की आवाज़ बंद हो गई । पीछे से पत्तों की खड़खड़ाहट सुनाई दी । चांदनी ने मुडकर देखा तो दो आँखें अँधेरे में चमक रही थीं । भेडिया पहुंच गया था ।



भेडिया जमीन पर बैठा था, नज़र बेचारी बकरी पर जमी थी । बकरी ने जो उसकी तरफ देखा तो ये मुस्कराए और बोले ओह ओ ! अब्बूखाँ की बकरी है! खूब खिला-पिलाकर मोटा किया है । यह कहकर उसने अपनी लाल-लाल ज़बान अपने नीले-नीले होंठो पर फेरी । चाँदनी को कल्लू की कहानी याद आई । उसने सोचा कि मैं क्यों रात-भर लड़कर सुबह जान दूँ? अभी

©KTBS Not to be republished


क्यों न अपने को सुपुर्द कर दूँ ? मगर फिर ख़्याल किया कि नहीं। अपना सिर झुकाया, सींग आगे को किए और पैंतरा बदलकर भेड़िये के सामने आई कि बहादुरों का यही स्वभाव है ।

कुछ देर गुजरने के बाद भेड़िया बढ़ा । चाँदनी ने भी सींग सँभाले और वह हमले किए कि भेड़िया ही जानता होगा । दसों मरतबा उसने भेड़िये को पीछे ढेल दिया । सारी रात इसी में गुज़री । कभी-कभी चाँदनी ऊपर आसमान की तरफ़ देख लेती और सितारों से आँखों-आँखों में कह देती - ए ! कहीं इसी तरह सुबह हो जाए !''

सितारे एक-एक करके गायब हो गए । चाँदनी ने आखिरी वक्त में अपना जोर दुगुना कर दिया । भेड़िया भी तंग आ गया था कि दूर से एक रोशनी-सी दिखाई दी । एक मुर्गे ने कहीं से बाँग दी । चाँदनी ने दिल में कहा कि अल्लाह तेरा शुक्र है; मैंने अपने बस-भर मुकाबला किया, अब तेरी मरज़ी ।

चाँदनी बेदम ज़मीन पर गिर पड़ी । उसका सफेद बालों का लिबास खून से बिलकुल सुर्ख था । भेड़िये ने उसे दबोच लिया और खा गया ।

और, दरख्त पर चिड़ियाँ बैठी देख रही थीं । उनमें इसपर बहस हो रही है कि जीत किसकी हुई ? बहुत कहती हैं कि भेड़िया जीता । एक बूढ़ी-सी चिड़िया है, वह कहती है - चाँदनी जीती!



*****

Not to be republished ©KTBS

## लेखक परिचय :

भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. ज़ाकिर हुसैन शिक्षा प्रेमी भी रहे । आपका जन्म 8 फरवरी, सन् 1897 ई. को दक्षिण भारत के हैदराबाद में हुआ था । जर्मनी के बर्लिन-विश्वविद्यालय में आपने साहित्य और दर्शन की शिक्षा पाई । वहीं डी.फिल. की डिग्री प्राप्त की । आप जामिया-मिलिया जैसी प्रसिद्ध संस्था की स्थापना करने के बाद भी गांधीजी द्वारा स्थापित आदर्श हिंदुस्तानी तालीमी संघ के नेता थे । आप अनेक विश्वविद्यालयों के उपकुलपति भी रहे । सन् 1954 ई. में भारत सरकार ने आपको पद्मविभूषण की उपाधि दी । सन् 1962 ई. में आप भारत के उपराष्ट्रपति बने और डॉ. राधाकृष्णन के पश्चात् देश के राष्ट्रपति बने।

'आपकी शिक्षा', 'जनतंत्र' नाम की पुस्तकें उल्लेखनीय हैं । सन् 1963 ई. में आपको भारतरत्न की गौरवपूर्ण उपाधि दी गई । सन् 1969 ई. में आपका देहांत हुआ ।

## शब्दार्थ :

चोटी - शिखर, पर्वत का ऊपरी भाग; बस्ती - घरों का समूह जहाँ लोग रहते हैं, नस्ल - प्रकार, भेद; घबराना - परेशान या चिंतित होना, मिज़ाज - गुण, स्वभाव, तन्हाई - अकेलापन, सूनापन; ख्वाहिश - इच्छा, कामना, जुगाली - चबाते रहना, अन्न को धीरे-धीरे खाना; चुगना - एक-एक दाना खाना, लुटिया - छोटा लोटा, अहसान-फरामोश - कृतघ्न, विश्वासघात करनेवाला ज़ंजीर - श्रृंखला, लोहे की कड़ी; फॅादना - लाँघना, दफ़ा - बार, हेय - तुच्छ, गल्ला -समूह, चरवाहा - गाय-बकरी चरानेवाला, गड़रिया ।

©KTBS Not to be republished

# अभ्यास

**मौखिक प्रश्न:**

**I. निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए:**

१. अब्बूख़ाँ कहाँ रहते थे ?

२. अब्बूख़ाँ की बकरियाँ क्यों भाग जाती थीं ?

३. बकरियों को कौन खा जाता था ?

४. चाँदनी कहाँ जाना चाहती थी ?

५. अंत में चाँदनी ने दिल में क्या कहा ?

**लिखित प्रश्न:**

**II. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :**

१. अलमोड़ा गाँव के बड़े मियाँ का नाम क्या था ?

२. अब्बूख़ाँ की बकरियाँ किस नस्ल की थीं ?

३. अब्बूख़ाँ किस मिज़ाज़ के आदमी थे ?

४. अब्बूख़ाँ की बकरियाँ भागकर कहाँ जाती थीं ?

५. आज़ादी की प्यास किसमें अधिक रहती है ?

६. अब्बूख़ाँ की प्यारी बकरी का नाम क्या था ?

७. पहाड़ की चोटी से चाँदनी को दुनिया कैसे नज़र आई ?

८. मरते समय चाँदनी के मुँह से क्या उद्‌गार निकला ?

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में दीजिए :**

१. अब्बूख़ाँ की दिनचर्या कैसी थी ?

२. चाँदनी बकरी के रंग और स्वभाव का परिचय दीजिए ।

३. चाँदनी बकरी को रोकने के लिए अब्बूख़ाँ ने क्या-क्या उपाय किए ?

©KTBS Not to be republished

४. पहाड़ पर पहुँचने पर चाँदनी की खुशहाली का वर्णन कीजिए ।

५. चाँदनी ने भेड़िये का सामना कैसे किया ? अंत में जीत किसकी हुई?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ-दस वाक्यों में लिखिए :**

१. अब्बूखाँ के स्वभाव और उनके दैनंदिन जीवन का परिचय दीजिए ।

२. अब्बूखाँ की बकरियों का अंत कैसे होता था और क्यों ?

३. कहानीकार के द्वारा प्रतिपादित संदेश को अपने शब्दों में लिखिए ।

**V. ससंदर्भ स्पष्टीकरण लिखिए :**

१. अल्लाह ने दो सींग दिए हैं, उनसे उसे मारूँगी ।

२. न चारों तरफ काँटों की बाड़, न खूंटा, न रस्सी ।

३. अल्लाह तेरा शुक्र है, मैंने अपने बस भर मुकाबला किया, अब तेरी मरजी ।

©KTBS Not to be republished

## भाषा-अध्ययन

**I. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :**

छोटी, खूबसूरत, गरीब, बदनसीब, बहादुर, जीत ।

**II. लिंग पहचानिए :**

चिड़िया, हिमालय, मियाँ, भेडिया ।

**III. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

सूरज, पहाड़, मिज़ाज़, चाँदनी ।

**IV. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए :**

१. अलमोडा में बडे मियाँ रहते थे । (वर्तमान काल में)

२. बकरियाँ घबरा जाती थीं । (भविष्यत् काल में)

३. मैं और लंबी कर दूँगा । (भूतकाल में)

४. भेडिया पहुँच गया था । (भविष्यत् काल में)

५. उसने आवाज़ सुनी थी । (वर्तमान काल में)

## योग्यता विस्तार

- डॉ.ज़ाकिर हुसैन के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कीजिए ।
- गुलाम बनकर सुख से रहना अच्छा है या आज़ादी के लिए लड़कर मरना उचित है । इस विषय पर कक्षा में चर्चा कीजिए ।

****

©KTBS Not to be republished

# पाठ -३

# अगर नाक न होती

- गोपालबाबू शर्मा

**आशय: नाक मनुष्य का प्रमुख अंग है । नाक के कारण मनुष्य समाज में अपनी प्रतिष्ठा बनाये रख सकता है क्योंकि नाक प्रतिष्ठा का प्रतीक माना गया है । इस पाठ से हास्य-व्यंग्य द्वारा शिष्ठ मनोरंजन प्रतिपादित है । साथ ही साथ सामाजिक विसंगतियों का उपहास न करके उनका सौम्य विरोध मात्र किया गया है। मुहावरेदार साहित्य का महत्व बतानेवाला आकर्षक निबंध है ।**


कितना अच्छा होता, अगर नाक न होती ! नाक की चिंता में आदमी का जीना मुहाल हो गया है । नाक रखने की खातिर लोग मुकदमेबाजी में बरबाद हो जाते हैं, कर्ज लेकर भी ब्याह-शादी, भात-छोछक आदि में अंधाधुंध खर्च करते हैं । जन्म पर ही नहीं, मृत्यु पर भी दावत खिलाते हैं । खरीदने की औकात न होने पर भी महँगी किश्त देकर टी.वी., फ्रिज या कूलर आदि ले आते हैं, क्योंकि नाक नीची होने से डरते हैं । लोग अपनी धाक जमाने के लिए नाक ऊँची रखते हैं ।

नाक के कारण आदमी को नाकों चने चबाने पड़ते हैं । नाक बहुत जल्दी कटती है और प्राय: बिना किसी हथियार के ही कट जाती है । आदमी की अपनी नाक के साथ खानदान की नाक भी जुड़ी रहती है । कभी कोई एसी-वैसी बात हो जाए, लडका घर से रूठ कर भाग जाए, कोई झूठा-मूठा इलजाम जान को लग जाए, तो अपनी ही नहीं, पूरे खानदान की नाक कट जाती है ।

© KTBS Not to be republished

यह भी एक मनोवैज्ञानिक सत्य है कि जिनकी नाक कट जाती है यानी जो खुद नकटे होते हैं, वे दूसरों को भी नकटा देखना चाहते हैं ।

मान न मान मैं तेरा मेहमान की तरह जुकाम आकर पसर जाता है और नाक में दम कर देता है । नाक तब बहुत बुरी लगती है, जब वह किसी शुभ कार्य के वक्त अनायास छींक मार देती है । वास्तव में नाक और छींक दोनों सहेली हैं, पर ज्यादातर लोग उन्हें अकेली ही देखना पसंद करते हैं ।



एक तरफ लोग छींक की वजह से झींकते हैं, तो कुछ लोग नाक में फुरेरी डालकर जान-बूझ कर छींकते हैं ।

जब आदमी का बुरा वक्त आता है या उसे किसी से कोई काम करवाना होता है, तब वह सारी हेकडी भूल जाता है । एक बार क्या हजार बार नाक रगडता है । जब कोई गलती हो जाती है, तब भी आदमी को अपनी नाक रगड़नी पड़ती है । जिन लोगों में बदले या ईर्ष्या की भावना होती है, वे भी मौके की तलाश में रहते हैं कि कब, कैसे किसी की नाक रगड़वा दें ।

जिंदगी में हँसना-गाना ही नहीं, रोना भी पड़ता है । हँसने की बात छोड़िए पर रोते समय आँखों में आँसू आते हैं, तो नाक भी उनका साथ निभाती है । बहते आँसुओं को पोंछना कोई बुरी बात नहीं, लेकिन नाक

©KTBS Not to be republished

पोंछने से तो रोने का सारा मजा ही किरकिरा हो जाता है ।

गुस्सा भी बहुत से लोगों की नाक पर रखा रहता है । उनसे जरा कुछ कहा नहीं कि बिना बात नाक फुला लेते हैं । नाक में जितनी कमियाँ या बुराइयाँ हैं, उससे ज़्यादा अच्छाइयाँ हैं । इसलिए जिनकी नाक नहीं होती, वे भी नाक लगाते हैं, भले ही इस बात पर कोई दूसरा नाक-भौंह सिकोड़े तो सिकोड़ता रहे ।

नाक रहना बहुत जरूरी है । वैसे भी और चेहरे पर भी । नाक चाहे सारस जैसी लम्बी हो या चिलगोजे जैसी छोटी, चोथ जैसी चपटी हो अथवा पकौड़ा जैसी मोटी, लेकिन होनी ज़रूर चाहिए । जिसके नाक न हो, उसकी कोई सूरत देखना भी पसंद न करेगा बल्कि देखकर डरेगा । भला बिना छज्जे के मकान का फ्रंट शोभा देता है ?

नाक हो और सुंदर हो तो सोने में सुहागा है । इसीलिए कवियों ने नख-शिख-वर्णन के अंतर्गत और फुटकर रूप में भी नाक का काफी वर्णन किया है । उसे सोने की हीरे-मोती जड़ी नथ, नथुनी, लौंग, बुलाक आदि से सजाया है ।

मध्यकालीन काव्य में नायिकाओं की नाक के लिए बहुत सी उपमाएँ दी गई हैं । नाक को चंपे की कली, तिल के सुगंधित फूल से निर्मित और तलवार की धार से बढ़कर बताया गया है । यहाँ तक तो ठीक है, पर एक बात समझ में नहीं आती कि अधिकांश कवियों ने नाक की उपमा तोते की चोंच से क्यों दी है ? सोचने की बात है कि ऐसी नाक किसी चेहरे पर चार चाँद लगाएगी या दीवार में ठुके हुए उलटे हुकसी नज़र आएगी ?

उपन्यास, कहानियों में सुंदर नाक को सुतवाँ नाक कहा जाता है । ऊँची और दीर्घ नाक की तुलना कुल्हाडी से की जाती है । छोटी और सुकोमल नासिका को भेद की-सी नाक की संज्ञा दी जाती है ।

©KTBS Not to be republished



नाक शरीर का सबसे अधिक महत्वपूर्ण अंग है । अगर लेटकर देखें, तो यह बात अपने आप सिद्ध हो जाएगी कि हाथ, पाँव, मुँह, कान, आँख आदि में सबसे ऊँचा स्थान नाक को ही प्राप्त है । अगर आँख आ जाए या चली जाए तो ऐसी स्थिति में काला चश्मा लगाया जा सकता है । कान कट-फट जाए, तो उसे कन्टोपा पहनकर छिपाया जा सकता है, लेकिन अगर कहीं नाक कट जाए तो चेहरा रेगिस्तान की तरह एकदम सपाट अथवा चक्की का-सा पाट नजर आएगा । हालाँकि प्लास्टिक सर्जरी द्वारा उसका इलाज हो सकता है परंतु वह इतना महँगा पडेगा कि बडे-से-बड़े नक्कूशाह को भी नानी याद आ जाएगी ।

कुछ लोग नाक पर मक्खी तक नहीं बैठने देते । बहुत से ऐसे भी होते हैं कि जब वे कुंभकर्ण की भाँति सोते हैं, तो उनकी नाक नक्कारे-सी बजती है । कई लोगों की नाक के नीचे कुछ भी होता रहे, पर वे दीन-दुनिया से

©KTBS Not to be republished

बेखबर बने रहते हैं । ऐसे लोगों की भी कमी नहीं जो दूसरों को नाक नचाते हैं । किसी की नाक पर दे मारना भी कई लोग अपनी शान समझते हैं । कुछ लोग सचमुच नाकदार होते नहीं, पर बनते हैं, ख़ैर जो भी हो, नाक रहने में ही भलाई है । नाक न होती, तो खुशबू और बदबू में क्या अंतर रह जाता ? नाक के अभाव में चंदन, कपूर, इत्र-फुलेल आदि सब बेमानी हो जाते । असली हींग और देसी घी की पहचान कैसे होती ?

अब लोगों की नज़रों में फर्क आता जा रहा है । कहीं नजर उठ रही है, कहीं गिर रही है, कहीं गड़ रही है और इसी के साथ चश्मों की जरूरत भी बफ रही है। चश्मा चाहे नज़र बढ़ाने का हो या नजरें चुराने का, चाहे धूप से बचाने का हो अगर नाक न होती तो बताइए, यह चश्मा कहाँ ठहरता ? नाक ही तो चश्मे का अच्छा-खासा स्टैंड है ।

सिर और मुँह के बीच, नाक कटलेट की भाँति रहती है, पर हकीकत यह है कि इसे खाने की नौबत नहीं आती । लोग जब चाहे किसी का सिर खा सकते हैं, दिमाग और खोपड़ी चाट सकते हैं, पर नाक के साथ ऐसा कुछ नहीं हो सकता । अच्छे-अच्छे चटोरों को भी यहाँ मुँह की खानी पदती है ।

नाक के और भी बहुत से फायदे हैं । उच्छ्‌वास और नि:श्वास का कार्य मुँह से किया जा सकता है, पर प्राणों का आधार श्वास है और श्वास लेने का साधन नाक ही है । नाक की गड़बड़ी से आदमी नकियाने लगता है, वह नकसुरा कहलाता है ।

नाक हीटर का काम भी करती है । बाहर की ठंडी हवा को गरम करके अंदर पहुँचाती है और ठंड लगने से बचाती है । आजकल पर्यावरण-प्रदूषण जोरों पर है । वातावरण में व्याप्त प्रदूषण को फेफड़ों तक जाने से नाक ही रोकती है । नाक में उगे बाल छन्ने और झाड़ू का काम करते हैं ।

©KTBS Not to be republished

बहुत से लोग मतलब साधने के लिए अपने मालिक की नाक के बाल बन जाते हैं ।

जिस प्रकार अँगूठा दिखाने, आँख दिखाने, दाँत दिखाने, पीठ दिखाने आदि के मुहावरे प्रचलित हैं, दुर्भाग्य कहें या सौभाग्य, नाक दिखाने का कोई मुहावरा नहीं है । हाँ, यदि नाक बीमार पड़ जाए तो कोई कितना ही नक्कू क्यों न हो, उसे भी मजबूर होकर नाक दिखाने के लिए किसी नाक वाले डॉक्टर की शरण में भागना पड़ता है ।

****

**लेखक परिचय :**

हिंदी के आधुनिक साहित्यकारों में-व्यंग्य रचनाकारों में, श्री गोपालबाबू शर्मा का नाम उल्लेखनीय है । अनुसंधान और अनुशीलन (विवेचन), चलते चलते, कांच के कमरे, (कहानी संकलन); जूठा जल रहा है (व्यंग्य) आदि आपकी उल्लेखनीय रचनाएँ हैं । आपकी भाषा मुहावरेदार तथा शैली रोचक है ! प्रस्तुत पाठ, यदि नाक न होती' व्यंग्य पूर्ण रचना है ।

**शब्दार्थ :**

मुहाल - मुसीबत में फँसना, औकात - हैसियत; योग्यता; हेकड़ी - अकड, फ्रंट - सामने, नक्कूशाह - ऊँची नाक रखनेवाला, नि:श्वास - छोड़ा हुआ श्वास, उच्छ्वास - ऊपर खींचा हुआ श्वास, नौबत-हालत, स्थिति; चोथ - गाय का उतना गोबर जितना एक बार करती है, सुतवाँ - तोते की नाक के समान, नकसुरा - जिसकी नाक हमेशा बहती रहे, छन्ने - छनने का उपकरण ।

©KTBS Not to be republished

**मुहावरे :**

नाक रखना - मान रखना

नाक जमाना - प्रतिष्ठा बनाना

नाको चने चबाना - बहुत परेशान होना

नाक नीची होना - अपमानित होना

नाक बचाना - अपमान से बचना

मान न मान मैं तेरा मेहमान - किसी के यहाँ स्वार्थ के लिए पहुँच जाना।

गुस्सा नाक पर रखा होना - बहुत जल्दी गुस्सा आना

हाथ के तोते उड जाना - घबरा जाना

नानी याद आना - संकट में पड़ना

नाक पर मक्खी न बैठने देना - बहुत सतर्क रहना

नाक रगड़ना - दूसरों के सामने झुकना

सिर खाना - परेशान करना

नाक का बाल बनना अति प्रिय होना

नाक फुलाना - गुस्सा दिखाना

चार चाँद लगाना - पहले से अधिक सुंदर बनाना

मुँह की खाना - बुरी तरह हारना

दाँत दिखाना - व्यंग्य से हँसना

पीठ दिखाना - भाग जाना

©KTBS Not to be republished

# अभ्यास

## मौखिक प्रश्न :

**I. निमनलिखित प्रश्नों के उतर दीजिए :**

१) नाक रखने की खातिर लोग किसमें बरबाद हो ज।ते हैं ?
२) नाक के कारण आदमी को क्या करना पड़ता हैं ?
३) ऊँची और नीची नाक की तुलना किससे की जाती है ?
४) कुछ लोग नाक पर क्या नहीं बैठने देते ?
५) कुंभकर्ण की भाँति सोनेवाले की नाक किस तरह बजती है ?

## लिखित प्रश्न :

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए :**

१. नाक को लोग ऊँची क्यों रखते हैं?
२. आदमी की नाक किसके साथ जुड़ी रहती है ?
३. नाक और छींक का आपस में क्या संबंध है ?
४. नाक कट जाने पर उसका इलाज कैसे होता है ?
५. नाक में कौन से आभूषण पहनते हैं ?

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**

१. आदमी की नाक कब कट जाती है ?
२. अपनी नाक रगड़ने के लिये आदमी कब मजबूर हो जाता है ?
३. नाक द्वारा किन-चीजों की पहचान की जाती है ?
४. नाक हमारे लिये क्यों आवश्यक है ?
५. नाक किस-किस प्रकार की होती है ?
६. चश्मे और नाक का क्या संबंध है ?
७. नाक हीटर का काम कैसे करती है ?

©KTBS Not to be republished

**IV. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ बताकर अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

१. मान न मान मैं तेरा मेहमान

२. नानी याद आना

३. दाँत दिखाना

४. हाथ के तोते उड जाना

५. नाक का बाल बनना

**V. पाठ में आये उचित शब्द रिक्त स्थान में भरिए :**

१. नाक पोंछने से रोने का सारा मजा ही .......... हो जाता है ।

२. नाक सुंदर हो तो .......... में सुहागा है ।

३. कुछ लोग नाक पर .......... तक बैठने नहीं देते ।

४. उपान्यास कहानियों में सुंदर नाक को..........नाक कहते हैं ।

५. सिर और मुँह के बीच नाक ........... की भाँति रहती है ।

## भाषा अध्ययन

**I. पाठ में तत्सम, तद्भव, देशज और विदेशी शब्द आए हैं। उदाहरण के अनुसार प्रत्येक के दो शब्द चुनकर लिखिए :**

जैसे : मनोवैज्ञानिक - तत्सम, ब्याह - तद्भव

छोछक - देशज, कलर - विदेशी

©KTBS Not to be republished

**II. उदाहरण के अनुसार परिवर्तित करके क्रिया रूप लिखिए ।**

उदाहरण :- लाना - लेकर - लाया

खाना - ________ ________

धोना - ________ ________

जाना - ________ ________

गाना - ________ ________

पढ़ा - ________ ________

**III. उदाहरण के अनुसार उर्दू शब्द के हिंदी शब्द लिखिए :**

**उदा : दाखिला - प्रवेश**

औकात, आदमी, खानदान, इलजाम, वक्त, तलाश ।

**IV) इन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :**

एक, खुशबू, नि:श्वास, दुर्भाग्य, महँगा

**V) इन शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

बहुत, अनायास, मृत्यु, हेकडी, खुशबू

**VI) निम्नलिखित अनुच्छेद में विराम चिह्न लगाइए :**

आज तुम्हारा खेल जमा नहीं क्यों माँ ने कहा था कि आज तुरन्त चले आना मेरी घड़ी समीप है अविचल भाव से उसने कहा तब भी तुम खेल दिखाने चले आए मैंने क्रोध से कहा उसने कहा क्यों नहीं आता

**योग्यता विस्तार**

- अगर कान या बाल न होते ? किसी एक विषय पर आलेख अथवा कविता लिखिए ।
- नाक से संबंधित अन्य कहानी या लोककथा पर चर्चा कीजिए ।

*****

©KTBS Not to be republished

# पूरक वाचन

## मित्रता अनमोल रत्न है

सामाजिक प्राणी होने के नाते मनुष्य के लिए यह संभव नहीं कि वह बिन किसी साहचर्य अथवा मैत्री के जीवनयापन करे। मानव-जगत् के बीच मित्रों और शत्रुओं के मध्य जीना ही सच्चा जीवन है। जीवन के उल्लेखनीय धनों में एक मित्रता भी है, जिसके बिना मानवीय साहचर्य की कल्पना नहीं की जा सकती । मैत्री एक मानवीय आदर्श है, मनुष्य की जीवनधारा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

वास्तविक मित्रता सहज उपलब्ध होनेवाली अथवा बाजारों में बिकनेवाली वस्तु नहीं है। यह एक अमूल्य रत्न है; क्योंकि मानव-इतिहास में लोग मित्रों के लिए अपने प्राण तक न्योछावर करते पाए गए हैं। निश्चय ही, मित्रता एक विलक्षण संपदा है, जीवन की एक अनूठी उपलब्धि है। दिनकर जी ने ठीक ही लिखा है

मित्रता बड़ा अनमोल रतन
कब इसे तोल सकता है धन?

******

**इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

१. इस लघु निबंध के लिए एक और शीर्षक लिखिए।
२. मनुष्य के लिए मैत्री के बिना क्या संभव नहीं।
३. सच्चा जीवन क्या है?
४. वास्तविक मित्रता क्यों अमूल्य है?
५. दिनकर जी ने मित्रता के संबंध में क्या लिखा है?

******

©KTBS Not to be republished

# पाठ -४

# काँटे कम से कम मत बोओ

- रामेश्वर शुक्ल अँचल

**आशय : इस कविता में - दुःख के विपरीत सुख, रुदन के विपरीत जागृति, संशय के विपरीत विश्वास पर बल दिया है । अंत में कवि संदेश देते हैं कि यदि किसी की भलाई या अच्छाई नहीं कर सकते हों, तो कम से कम उसके साथ बुराई से पेश मत आओ । फूल नहीं तो कम से कम काँटे तो मत बोओ ।**

यदि फूल नहीं बो सकते तो
काँटे कम से कम मत बोओ !



है अगम चेतना की घाटी, कमजोर बदा मानव का मन,
ममता की शीतल छाया में, होता कटुता का स्वयं शमन !
ज्वालाएँ जब घुल जाती हैं, खुल-खुल जाते हैं मुँदे नयन,
होकर निर्मलता में प्रशांत, बहता प्राणों का क्षुब्ध पवन ।
संकट में यदि मुसका न सको, भय से कातर हो मत रोओ ।
यदि फूल नहीं बो सकते तो, काँटे कम से कम मत बोओ ।

©KTBS Not to be republished



हर सपने पर विश्वास करो, लो लगा चाँदनी का चंदन,
मत याद करो, मत सोचो-ज्वाला में कैसे बीता जीवन,
इस दुनिया की है रीति यही-सहता है तन, बहता है मन;
सुख की अभिमानी मदिरा में, जो जग सका, वह है चेतन ।
इसमें तुम जाग नहीं सकते, तो सेज बिछाकर मत सोओ ।
यदि फूल नहीं बो सकते तो, काँटे कम से कम मत बोओ ।

पग-पग पर शोर मचाने से, मन में संकल्प नहीं जमता,
अनसुना-अचीन्हा करने से, संकट का वेग नहीं कमता,
संशय के सूक्ष्म कुहासे में, विश्वास नहीं क्षण भर रमता,
बादल के घेरों में भी तो जय-घोष न मारुत का थमता !
यदि बढ़ न सको विश्वासों पर, साँसों से मुरदे मत ढोओ;
यदि फूल नहीं बो सकते तो, काँटे कम से कम मत बोओ ।

©KTBS Not to be republished

**कवि परिचय :**

श्री रामेश्वर शुक्ल अँचल जी का जन्म सन् 1915 ई. में किशनपुर, फतेहपुर जिला (उ.प्र.) में हुआ । सन् 1945 ई. में जबलपुर के राबर्टसन कॉलेज में कुछ वर्ष हिंदी प्राध्यापक रहे । बाद में जबलपुर वि.वि. के हिंदी विभागाध्यक्ष भी रहे । अँचलजी प्रणय के रस-सिद्ध कवि और प्रगतिशील विचारों के क्रांति द्रष्टा गायक हैं । यद्यपि परवर्ती कृतियों में कहीं-कहीं गांधी और अरविंद का भी प्रभाव परिलक्षित होता है, किंतु, मनुष्य और मिट्टी ही इनके काव्य की मूलभूत प्रेरणा हैं ।

आपकी प्रथम रचना सन् 1932 ई. में माधुरी पत्रिका में प्रकाशित हुई थी। मधूलिका, अपराजिता, किरण बेला, लालचूनर आदि उल्लेखनीय कविताएँ हैं। स्वस्थ प्रभावों का ग्रहण करने में इनका व्यक्तित्व उदार है । आपकी भाषा प्राय: बोलचाल के निकट आने का प्रयास करती है । आपके गीत अभिव्यक्ति की दृष्टि से सहज, अनुभूतियों की दृष्टि से कोमल तथा मधुर होते हैं ।

आपको सन् 1939 ई. में ही मधूलिका काव्य संग्रह पर मध्यप्रदेश का चक्रधर पुरस्कार प्राप्त हुआ है ।

**शब्दार्थ :**

चेतना - जागृति, कटुता - कड़वाहट, कातर - भयभीत, शमन - दबना या शांत होना, ज्वाला - आग की लपटें, रीति - प्रथा, सेज - बिस्तर, संकल्प - प्रतिज्ञा, अचीन्हा - जिसका कोई निशान न हो, वेग - गति या प्रवाह, संशय - संदेह, सूक्ष्म - बहुत छोटा, कुहासा - कुहरा, मारुत - पवन या हवा ।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**मौखिक प्रश्न :**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

१. काँटे कम से कम बोओ कविता के कवि कौन हैं ?

२. कटुता का शमन कब होता है ?

३. मन में संकल्प कब नहीं जमता ?

४. हमें क्या नहीं बोना चाहिए ?

**लिखित प्रश्न :**

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक यों दो वाक्यों में लिखिए :**

१. संकट में किस तरह रहना चाहिए ?

२. किस पर विश्वास करते रहना चाहिए ?

३. मारुत का जयघोष कहाँ नहीं थमता है ?

४. दृढता और विश्वास के संबंध में कवि क्या बताना चाहते हैं ?

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**

१. यदि फूल नहीं बो सकते तो काँटे कम से कम मत बोओ का भाव क्या है ?

२. मानव के मन में भावनाएँ किस प्रकार बदलती हैं ?

३. संकट के समय किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए ?

**IV. कविता का अंतिम छः पंक्तियाँ पग-पग......मत बोओ कंठस्थ कीजिए ।**

©KTBS Not to be republished

## V. भावार्थ लिखिए :

हर सपने पर विश्वास करो, लो लगा चाँदनी का चंदन,
मत याद करो, मत सोचो-ज्वाला में कैसे बीता जीवन,
इस दुनिया की है रीति यही-सहता है तन, बहता है मन;
सुख की अभिमानी मदिरा में, जो जग सका वह है चेतन ।
इसमें तुम जाग नहीं सकते, तो सेट बिछाकर मत सोओ ।
यदि फूल नहीं बो सकते तो, काँटे कम से कम मत बोओ ।

## भाषा अध्ययन

### I. प्रत्येक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :

नयन, अभिमान, स्वयं, सेज, संकल्प

### II. इन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :

विश्वास, काँटा, सूक्ष्म, मुँदे, शोर

### III. कविता से तुकवाले शब्द ढूँढ़कर लिखिए :

जैसे : मन - शमन

| | |
|---|---|
| १. नयन = ____________ | ५. सोओ = ____________ |
| २. रोओ = ____________ | ६. जमता = ____________ |
| ३. चंदन = ____________ | ७. रमता = ____________ |
| ४. मन = ____________ | ९. ढोओ = ____________ |

©KTBS Not to be republished

## IV. योग्यता विस्तार

- 'काँटे कम से कम मत बोओ' कविता के आधार पर आठ-दस वाक्यों में अथवा पंक्तियों में लिखिए कि मनुष्य को जीवन में क्या-क्या नहीं करना चाहिए ।
- परोपकार संबंधी कोई कहानी सुनाकर कक्षा में चर्चा कीजिए ।

*****

©KTBS Not to be republished

# पाठ - ५

## तीन प्रश्न

**- लियो टॉलस्टॉय**

**आशय : प्रस्तुत कहानी विश्व-प्रसिद्ध कहानीकार लियो टॉलस्टॉय की अनूदित रचना है । टॉलस्टॉय का पूरा जीवन-दर्शन, मानवतावाद का पर्याय है और उसमें जीवन के सुधार-परिष्कार के लिए विचारों का खजाना भी मौजूद है । प्रस्तुत कथा तीन-प्रश्न भी एसी ही एक कथा है जो पाठकों को जीवन में परमावश्यक - समय, व्यक्ति और कर्तव्य को चुनने के लिए मार्गदर्शन देती है । कहानी में मनोरंजन के साथ-साथ उदात्त विचारों की शिक्षा भी मिलती है ।**

एक बार एक राजा के मन में विचार उठा कि यदि मैं यह जान जाऊँ कि प्रत्येक कार्य को करने के लिए उचित समय कौन-सा है, परमावश्यक व्यक्ति कौन है और परम कर्तव्य क्या है, तो फिर मुझे किसी कार्य में असफल होने की आशंका न रह जाय ।

यह विचार उठते ही उसने अपने राज्य भर में ढिंढोरा पिटवा दिया कि जो आदमी मुझे इन तीन बातों की शिक्षा देगा, उसे मैं बहुत बड़ा पुरस्कार दूँगा ।

यह समाचार पाकर राजा के पास पंडित लोग आने लगे, परंतु सभी ने उसके प्रश्नों के भिन्न-भिन्न उत्तर दिए ।

पहले प्रश्न के उत्तर में किसी ने कहा कि प्रत्येक कार्य के लिए उचित समय जानने के हेतु मनुष्य को अपने दिवसों, मासों और वर्षों का कार्यक्रम निर्धारित कर लेना चाहिए और ठीक उसी के अनुसार समय व्यतीत करना चाहिए । इसी ढ़ंग से प्रत्येक कार्य अपने ठीक समय पर हो सकता है । दूसरे लोगों ने कहा कि प्रत्येक कार्य के लिए पहले से समय निर्धारित कर लेना

©KTBS Not to be republished

असंभव है । मनुष्य को चाहिए कि अनावश्यक कार्यों में समय न लगाकर अपने नित्य के कार्य की ओर ध्यान दें ।

राजा अकेला उचित रूप से प्रत्येक कार्य के लिए समय निश्चित नहीं कर सकता । उसे पंडितों की एक समिति बनानी चाहिए । यह समिति उसे प्रत्येक कार्य के लिए समय निश्चित करने में सहायक होगी । कुछ अन्य लोगों ने यह भी बताया कि बहुत से ऐसे कार्य हैं, जिन पर समिति की सम्मति की प्रतीक्षा नहीं की जा सकती । उनके विषय में तुरंत निर्णय कर लेना आवश्यक है और यह निर्णय करने के लिए भविष्य का ज्ञान होने की जरूरत है और भविष्य का ज्ञान केवल तांत्रिकों को होता है, अतएव प्रत्येक कार्य के लिए उचित समय जानने के लिए तांत्रिकों की सम्मति लेनी चाहिए ।



इसी प्रकार दूसरे प्रश्न के उत्तर भी भिन्न-भिन्न थे । कुछ लोगों ने बताया कि राजा को मंत्रियों की सबसे अधिक आवश्यकता है । कुछ ने पुरोहितों की, कुछ ने वैद्यों की और कुछ ने योद्धाओं की आवश्यकता बताई ।

तीसरे प्रश्न के उत्तर में कुछ लोगों ने विज्ञान को, कुछ लोगों ने युद्ध कौशल को और कुछ लोगों ने उपासना को परम कर्त्तव्य बताया । सभी उत्तर भिन्न-भिन्न थे, अतएव राजा ने किसी को भी स्वीकार नहीं किया और न पुरस्कार ही दिया, परंतु इन प्रश्नों के यथार्थ उत्तर पाने की अभिलाषा उसे बनी रही । इससे राजा ने एक ऐसे साधु की सम्मति लेने का निश्चय किया, जो अपने ज्ञान के लिए बहुत दूर-दूर तक विख्यात था ।

©KTBS Not to be republished

साधु एक जंगल में रहता था । जंगल छोड़कर वह कभी बाहर नहीं जाता था और केवल साधारण लोगों से भेंट करता था, इसलिए राजा ने सादे वस्त्र पहने, साधु की कंदरा से कुछ दूरी पर वह अपने घोड़े से उतर गया और अपने अंग-रक्षकों को पीछे छोड़कर अकेला साधु के पास गया ।

जिस समय राजा वहाँ पहुँचा, साधु अपनी कुटी के सामने धरती गोड़ रहा था । साधु ने राजा को देखकर उसका स्वागत किया और वह अपने काम में लगा रहा । साधु दुर्बल और कमजोर था । अपनी कुदाली से थोड़ा-थोड़ा धरती खोदकर वह रुक-रुक कर दम ले लिया करता था।

राजा उसके निकट जाकर बोला, ज्ञानी साधु, मैं आपके पास तीन प्रश्नों के उत्तर पाने की आशा से आया हूँ । उचित कार्य को करने के लिए उचित समय कौन-सा है ? मेरे लिए परमावश्यक व्यक्ति कौन है ? और मेरा परम कर्त्तव्य क्या है ?

साधु ने राजा की बातें सुनीं, परंतु उनका कुछ उत्तर नहीं दिया । उसने अपने हाथ से पसीना पोंछा और फिर से गोड़ना आरंभ कर दिया ।

राजा ने कहा, आप थक गए हैं, लाइए, मुझे कुदाली दीजिए । थोड़ी देर मैं आपका काम कर दूँ ।

साधु ने धन्यवाद! कहकर कुदाली राजा को दे दी और खुद धरती पर बैठ गया ।

दो क्यारियाँ गोड़ चुकने के बाद राजा ने हाथ रोका और अपने प्रश्नों को दुहराया । साधु ने फिर भी कुछ उत्तर नहीं दिया । उठकर उसने कुदाली के लिए हाथ बढ़ाया और कहा, अब तुम दम ले लो । लाओ, मैं भी थोड़ा-सा श्रम कर लूँ ।

परंतु राजा ने कुदाली न लौटाई और वह धरती गोड़ता ही रहा । एक घंटा बीता, दो घंटे बीते ।

©KTBS
Not to be republished

सूर्य वृक्षों के पीछे डूबने लगा । अंत में राजा ने कुदाली को धरती में मारकर कहा:

''हे ज्ञानी पुरुष, मैं अपने प्रश्नों का उत्तर पाने आपके पास आया हूँ । यदि आप उत्तर नहीं देना चाहते तो वैसा कह दीजिए, जिससे मैं घर लौट जाऊँ ।''

साधु ने कहा, देखो, कोई दौड़ता हुआ यहाँ आ रहा है । आओ, उसे देखें ।



राजा ने घूमकर देखा कि एक दढ़ियल आदमी जंगल में दौड़ता हुआ आ रहा है । वह अपने हाथों से अपना पेट दबाए हुए था । उसके हाथों के नीचे से रुधिर बह रहा था । जब वह राजा के निकट पहुँचा तो धीमे अस्फुट शब्दों में कुछ कहता हुआ मूर्च्छित होकर गिर पड़ा । राजा और साधु ने मिलकर उसके कपड़े खोले । उसके पेट में एक बड़ा घाव था । राजा ने उसे अच्छी तरह धोया, परन्तु रुधिर न रुका । राजा ने बार-बार गरम रक्त में भीगी पट्टी खोली और घाव को धोकर फिर से पट्टी बाँधी । अंत में रुधिर का स्राव बंद हुआ और मनुष्य को कुछ चैन मिला। तब उसने पीने के लिए कुछ पानी माँगा ।

राजा ने उसे ताजा पानी लाकर पिलाया । इस बीच सूर्यास्त हो चुका था और ठंडक हो आई थी, अतएव साधु की सहायता से राजा घायल आदमी को कुटी के भीतर ले गया और वहाँ उसे बिस्तर पर लिटा दिया । बिस्तर पर लेटने के पश्चात् उस मनुष्य ने अपनी आँखें बन्द कर लीं और वह चुपचाप पड़ा रहा ।

©KTBS Not to be republished



परंतु राजा भी पैदल चलने के कारण और परिश्रम करने के कारण इतना थक गया था कि वह भी द्वार के सहारे लेटा और सो गया । उसे गहरी नींद आ गई । गर्मी की छोटी रात शीघ्र ही बीत गई । जब वह सबेरे उठा तो कुछ देर तक उसे यही समझ में न आया कि मैं कहाँ हूँ । थोड़ी देर बाद उसे अपरिचित दढ़ियल व्यक्ति का हाल भी मालूम हुआ, जो बिस्तर पर लेटा हुआ बड़ी एकाग्रता से राजा की ओर दृष्टि लगाए हुए था ।

जब दढ़ियल वाले पुरुष ने देखा कि राजा जगा हुआ है और मेरी ओर देख रहा है, तो उसने दुर्बल स्वर में कहा, मुझे क्षमा करो।

राजा ने कहा, मैं तुम्हें जानता भी नहीं, फिर तुमने मेरा कोई अपराध भी नहीं किया, जिसके लिए मैं तुम्हें क्षमा करूँ।

तुम मुझे नहीं जानते, लेकिन मैं तुम्हें जानता हूँ । मैं तुम्हारा वह शत्रु हूँ, जिसने तुमसे बदला लेने की प्रतिज्ञा की थी । कारण यह कि तुमने मेरे भाई का वध किया और उसकी जायदाद अपहृत कर ली । मुझे मालूम हुआ कि तुम साधु के पास अकेले गए हो और मैंने निश्चय किया कि जब लौटोगे तब तुम्हारी हत्या करूँगा, परंतु दिन बीत गया और तुम लौटे नहीं, इसलिए

Not to be republished ©KTBS

मैं तुम्हें ढूँढ़ने के लिए अपने गुप्त स्थान से निकला । तुम्हारे अंग-रक्षकों का सामना हो गया और उन्होंने मुझे पहचानकर घायल किया । मैं उनसे बचकर भागा अवश्य, लेकिन यदि तुमने मेरे घाव की पट्टी न की होती, तो रुधिर निकलने के कारण मैं अवश्य मर जाता । मैंने तुम्हें मारना चाहा था, लेकिन तुमने मेरी जान बचाई । अब यदि मैं जिऊँ और तुम्हारी ऐसी इच्छा हो तो मैं तुम्हारा सबसे सच्चा गुलाम होकर रहूँगा और अपने पुत्रों को भी इसी बात की आज्ञा दूँगा । मुझे क्षमा करो ।

शत्रु से इस प्रकार सहज में सुलह हो जाने से तथा मित्र-लाभ से राजा को बड़ी प्रसन्नता हुई । राजा ने उसे क्षमा कर दिया और कहा, मैं अपने नौकरों को तथा वैद्य को तुम्हारी शुश्रूषा के लिए भेज दूँगा । राजा ने उसकी जायदाद लौटा देने का भी वचन दिया ।

इस प्रकार घायल व्यक्ति से विदा होकर राजा बाहर आया और साधु को देखने लगा ।

लौटने से पूर्व वह एक बार फिर अपने प्रश्नों के उत्तर के लिए साधु से प्रार्थना करना चाहता था ।

साधु बाहर घुटनों के बल खडा पिछले दिन गोड़ी हुई क्यारियों में बीज बो रहा था ।

राजा उसके निकट जाकर बोला, हे ज्ञानी पुरुष, अपने प्रश्नों के उत्तर के लिए मैं आपसे अंतिम बार प्रार्थना करने आया हूँ ।

अपने दुबले पैरों को उसी भाँति टिकाए रखकर सिर ऊपर उठाते हुए साधु ने राजा से कहा, तुम्हें उत्तर मिल चुका है ।

राजा ने कहा, क्या उत्तर मिला ? आपका क्या तात्पर्य है ?

साधु ने कहा, तुमने नहीं समझा ! मेरी दुर्बलता पर यदि तुम कल तरस

©KTBS Not to be republished

नहीं खाते और मेरी क्यारियाँ खोदे बिना लौट जाते, तो यह मनुष्य तुम पर आक्रमण करता और तुम उस समय पछताते कि मैं साधु के पास क्यों न ठहर गया । तुम्हारा सबसे मूल्यवान समय वह था, जब तुम धरती खोद रहे थे ।

सबसे आवश्यक व्यक्ति मैं था, और मेरा उपकार करना तुम्हारा सबसे परम कर्तव्य था । उसके बाद जब वह आदमी हम लोगों की ओर दौड़ता हुआ आया, तब सबसे मूल्यवान समय तुम्हारे लिए वह था, जब तुम उसकी शुश्रूषा कर रहे थे, क्योंकि यदि तुमने उसकी मरहमपट्टी न की होती तो वह तुमसे मैत्रीभाव किए बिना ही मर जाता । वही तुम्हारे लिए परम आवश्यक व्यक्ति था और उसके लिए जो कुछ तुमने किया, वही तुम्हारा परम कर्त्तव्य था, इसलिए यह ध्यान रखो कि वर्तमान समय ही सबसे आवश्यक समय है ।

वर्तमान समय परम आवश्यक इसलिए है कि इसी समय पर तुम्हें अधिकार है । परमावश्यक व्यक्ति वही है, जिसके साथ तुम हो-कोई नहीं जानता कि किसी दूसरे से तुम्हारी भेंट हो या न हो, और उस पर उपकार करना ही तुम्हारा परमावश्यक कर्तव्य है, क्योंकि इसी हेतु मनुष्य संसार में जन्म लेता है ।

**- अनुवादित**

*****

**शब्दार्थ :**


आशंका - सन्देह, ढिंढोरा पिटवाना - घोषणा करवाना, तांत्रिक - भविष्य तथा तन्त्र मंत्र की जानकारी रखने वाला, सम्मति - सहमति, अभिलाषा - इच्छा, विख्यात - प्रसिद्ध, कन्दरा - गुफ़ा, गोडना - खोदना, दम लेना - विश्राम करना, अस्फुट - अस्पष्ठ, धीमे स्वर में कहा गया, स्राव - बहाव,

©KTBS Not to be republished

एकाग्रता - ध्यान लगाना, जायदाद - सम्पत्ति, अपहृत करना - छीन लेना, सुलह - सन्धि या मित्रता होना, शुश्रूषा - बीमार व्यक्ति की सेवा, तात्पर्य - अर्थ ।

## लेखक परिचय :

लियो निकोलायाविच टॉलस्टॉय एक रूसी साहित्यकार, शिक्षाविद तथा



समाज - सुधारक के रूप में प्रख्यात हैं। आपका जन्म सन् 1828 ई. में रुस के यास्नाया पोल्याना में एक संपन्न परिवार में हुआ था । पिता का नाम इलियच टॉलस्टॉय और माता का नाम मारिया था । आपने प्रारंभ में उपन्यास तथा कहानियों की रचना की तदनंतर नाटकों तथा निबंधों की भी रचना की । आपके वार एण्ड पीस (**WAR & PEACE**) तथा अन्ना करैनीना (**ANNA KARENINA**) उपन्यास जगत् प्रसिद्ध हैं । आपको संसार का श्रेष्ठ उपन्यासकार माना जाता है । सस्ता साहित्य मंडल द्वारा आपकी रचनाओं को तीन भागों में प्रकाशित किया गया है । पहले भाग में आपकी पुस्तकें - धर्म और सदाचार, जीवन साधना, सामाजिक कुरीतियाँ तथा स्त्री और पुरुष, दूसरे भाग में 'हम करें क्या, बुराई कैसे मिटे, हमारे ज़माने की गुलामी और मेरी मुक्ति की कहानी, तथा तीसरे भाग में ईसा की सिखावत, कितनी ज़मीन, प्रेम में भगवान, बालकों का विवेक, तलवार की करतूत और अंधेरे में उजाला, संकलित की गई हैं ।

टॉलस्टॉय अपने नैतिक तथा सामाजिक मूल्यों और उदात्त विचारों के लिए विश्वप्रसिद्ध हुए, जिनके कारण आपको एक समाज-सुधारक भी माना

©KTBS Not to be republished

जाता है। इसी कारण प्रसिद्ध साहित्यकार काका-कालेलकर का उनके बारे में कहना है - वस्तुतः टॉलस्टॉय के साहित्य की उपादेयता देशकाल तक सीमित नहीं है । वह सब काल और सबके लिए समान रूप से उपयोगी है ।

## अभ्यास

**मौखिक प्रश्न :**

**I. निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए :**

१. राजा ने क्या ढिंढोरा पिटवाया ?
२. राजा ने किससे सम्मति लेने का निश्चय किया ?
३. साधु कहाँ रहता था ?
४. कौन दौड़ा हुआ आ रहा था ?
५. सबसे आवश्यक समय कौन सा है ?

**लिखित प्रश्न:**

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

१. ढिंढोरा सुनकर राजा के पास कौन आने लागे ?
२. राजा के पास आए पंडितों ने कैसे उत्तर दिए ?
३. उचित समय जानने के लिए किसकी सम्मति लेनी चाहिए ?
४. जिस समय राजा पहुँचा साधु क्या कर रहा था ?
५. राजा ने साधु को थके देखकर क्या कहा ?
६. दढ़ियल आदमी कौन था ?
७. राजा को प्रसन्नता क्यों हुई ?
८. सबसे आवश्यक समय कौन सा है ?

©KTBS Not to be republished

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए :**

१. राजा के मन में कोन-सा विचार उठा ?

२. तंत्रिकों की आवश्यकता किसलिए होती है ?

३. राजा ने किसीको भी पुरस्कार क्यों नहीं दिया ?

४. राजा ने साधु के पास जाकर क्या पूछा ?

५. राजा ने दढ़ियल आदमी की जान कैसे बचाई ?

६. दढ़ियल आदमी ने राजा को क्या बताया ?

७. अंत में साधु ने राजा को क्या शिक्षा दी ?

**IV. निम्नलिखित वाक्य किसने-किससे कहे संदर्भ स्पष्ट कीजिए :**

१. देखो कोई दौड़ा हुआ यहाँ आ रहा है । आओ उसे देखें ।

२. तुम मुझे नहीं जानते, लेकिन मैं तुम्हें जानता हूँ ।

३. तुम्हें उत्तर मिल चुका है ।

४. क्या उत्तर मिला ? आपका क्या तात्पर्य है ?

५. वर्तमान समय परम आवश्यक इसलिए है कि इसी समय पर तुम्हें अधिकार है ।

६. परमावश्यक व्यक्ति वही है, जिसके साथ तुम हो, क्योंकि कोई नहीं जानता कि किसी दूसरे से तुम्हारी भेंट हो या न हो ।

**V. आप किस बात को अपना परम कर्तव्य समझते हैं? उसे निभाने के लिए आप किस प्रकार का प्रयत्न करेंगे? तीन वाक्यों में लिखिए।**

Not to be republished ©KTBS

## भाषा अध्ययन

**I. निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए :**

१) परमावश्यक  २) प्रत्येक  ३) स्वागत

४) प्रत्युपकार  ५) सूर्यास्त

**II. निम्नलिखित शब्दों से मूल शब्द, उपसर्ग तथा प्रत्यय अलग करके लिखिए :**

उदाहरण : सुन्दरता - सुन्दर + ता

अपमान - अप + मान

१) असफल  २) अनावश्यक  ३) दुर्बल  ४) कमजोर

५) अस्फुट  ६) प्रसन्नता  ७) एकाग्रता  ८) अज्ञान

९) मानवीय  १०) एतिहासिक

**III. निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

१) कर्तव्य  २) भविष्य  ३) उपासना  ४) एकाग्रता  ५) मूल्यवान

**योग्यता-विस्तार**

- टॉलस्टॉय की अन्य रचनाएँ पढ़िए ।
- विश्व के अन्य प्रसिद्ध कहानीकारों के बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए।

*****

©KTBS Not to be republished

# पाठ - ६

## सफ़ाई और व्यायाम

- बाबू गुलाबराय

**आशय :- लेखक सफ़ाई और व्यायाम निबंध द्‌वारा मनुष्य को यह चेतावनी देते हैं कि शरीर-रक्षा ही धर्म का पहला साधन है । इस संसार में हम जो कुछ करते हैं वह शरीर द्‌वारा ही करते हैं । शरीर आत्मा का मन्दिर है । उसको स्वच्छ, पवित्र और दृढ़ रखने की आवश्यकता है दृढ़ । साथ ही साथ शरीर स्वास्थ्य के लिए नियमित व्यायाम भी आवश्यक है ।**

शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम् ;

अर्थात् शरीर-रक्षा धर्म का पहला साधन है ।

'A Sound mind in a Sound body'

'तंदुरुस्ती हज़ार नियामत'

शरीर-रक्षा को धर्म का पहला साधन बतलाया गया है । इस संसार में हम जो कुछ करते हैं वह शरीर द्वारा ही करते हैं शरीर आत्मा का मंदिर है । उसको भी स्वच्छ, पवित्र और दृढ रखने की उतनी ही आवश्यकता है जितनी कि किसी देव मंदिर की ।

शरीर-रक्षा के लिए सफ़ाई और स्वास्थ्य अत्यंत आवश्यक है । सफ़ाई के लिए अंग्रेजी में कहा गया है कि सफ़ाई का ईश्वर से दूसरा दर्जा है । सफ़ाई में शरीर की सफ़ाई के साथ वस्त्रों और घर की भी स्वच्छता आती है । जहाँ तक स्वास्थ्य सहारा दे ठंडे पानी से नहाने का अभ्यास डालना चाहिए और प्रात:काल ही स्नान कर लेना वांछनीय है । उससे सारे दिन स्फूर्ति रहती है । हाँ, इतना ध्यान रखना आवश्यक है कि हम स्नान के समय अपने को ठंडी

©KTBS Not to be republished

हवा से बचावें और भोजनादि के बाद स्नान न करें । इसलिए स्नान करके भोजन करने का आदेश दिया जाता है ।

स्नान से पूर्व हमको अपने पेट, दाँतों, जिह्वा आदि को स्वच्छ बना लेना आवश्यक है । अंग्रेजी ढंग के बुरुश शुध नहीं रह सकते हैं और साफ़ न रहने के कारण वे रोग के उत्पादक बन जाते हैं । दातुन विशेषकर नीम या बबूल या मौलसिरी ही विशेष लाभदायक होती है । आजकल की प्रथा के अनुसार कुछ लोग बिस्तरों पर ही चाय पीने का अभ्यास डाल लेते हैं । चाय तो वैसे ही हानिकारक है, किंतु बिना दन्तधावन किये चाय पीना रात भर की गंदगी को पेट में ले जाना है ।

कपड़ों के लिए यह आवश्यक नहीं है कि वे रेशमी ही हों । बहुत से लोग रेशमी कपड़ा इसलिए पहनते हैं कि वे जल्दी मैले नहीं होते । वास्तव में वे मैले तो होते ही हैं, शरीर का पसीना और मल उनमें भिद जाता है किंतु वे सहज में मैले दिखाई नहीं देते । वस्त्रों के लिए यह आवश्यक नहीं है, कि वे मैले दिखाई न दें वरन् उनको मैला होना भी न चाहिए । कपड़ा स्वयं धो लेने का अभ्यास हो जाय तो सर्वोत्तम है । उसमें नित्य की सफ़ाई के साथ थोडा व्यायाम भी हो जाता है और हाथ से काम करने का अभ्यास भी बढ़ जाता है ।

वस्त्रों की सफ़ाई के पश्चात् मकान की सफ़ाई आती है । जिस प्रकार आत्मा के लिए शरीर की शुदधता आवश्यक है, उसी प्रकार शरीर के लिए मकान की सफ़ाई आवश्यक है । मकान के लिए हवादार होना अनिवार्य है । लोग चोरों के भय से मकान को संदूक बनाने का प्रयत्न करते हैं किन्तु चोर हमारी इतनी हानि नहीं करते जितनी कि बंद मकान । बन्द मकानों में सूर्य का प्रवेश न होने के कारण सील बनी रहती है और उसमें रोग के कीटाणु भी खूब पनपते हैं ।

©KTBS Not to be republished



मकान के हवादार होने के साथ ही उसकी झाड़-पोंछ भी आवश्यक है क्योंकि बिना झाड़-पोंछ के वस्तुओं पर धूल जम जाती है और वे गन्दी दिखाई देती हैं । उनसे अरुचि उत्पन्न होती है और धूल में रोग के कीटाणु पालित-पोषित होते रहते हैं । झाड़-पोंछ से कीटाणु एक स्थान में आनंद से बैठने नहीं पाते और उनकी मृत्यु भी हो जाती है । मकान पर सफ़ेदी और अगर फर्श पक्के न हों तो गोबर-मिट्टी से लीपना रोग के कीटाणुओं का शमन करता है ।


मकान को साफ़ रखकर उसको सुरुचि के साथ सुव्यवस्थित और अलंकृत रखना भी आवश्यक है किंतु मकान के अलङ्करण तसवीरें, गुलदस्ते आदि इतने अधिक न होने चाहिए कि वे धूल और गंदगी के अड्डे बन जायँ । सुव्यवस्थित घर से हमको प्रसन्नता मिलती है और हमारे कार्यों में कुशलता और सुलभता प्राप्त होती है । वातावरण का मन पर भी अच्छा प्रभाव पड़ता है ।

©KTBS Not to be republished

शरीर-रक्षा के लिए नियमित आहार-विहार, समय पर सोना और जागना, संयत और सात्विक भोजन के साथ व्यायाम भी अत्यंत आवश्यक है । जो लोग साल भर कुछ नहीं पढ़ते और इम्तहान के दिनों में रात-रात भर जागते हैं वे अपने स्वास्थ्य को बिगाड़ लेते हैं । आलस्यवश देर तक चारपाई पर पड़ा रहना भी उतना ही हानिकारक है जितना कि रात को न सोना । Early to bed and early to rise makes a man healthy, wealthy and wise. समय पर सोना और जागना मनुष्य को स्वस्थ, धनवान और बुद्धिमान बनाता है ।

भोजन हमको उतना ही करना चाहिए जितना कि हम पचा सकें । हमको जीने के लिए खाना चाहिए न कि खाने के लिए जीना चाहिए - We should eat to live and not live to eat. महात्मा गांधी कितना कम खाते थे और फिर भी भारत की राजनीति के सूत्रधार बने रहे । स्वाद के लिए भोजन को अधिक गरिष्ठ या चटपटा बना लेना हानिकारक सिद्ध होता है । अधिक मसाले भी पाचन-शक्ति को कम कर देते हैं । भोजन में शाक पात और फलों का अधिक प्रयोग वांछनीय है । उन देशों की दूसरी बात है जहाँ अन्न कम पैदा होता है किंतु मांसाहार स्वास्थ्य की दृष्टि से अधिक लाभदायक नहीं है वरन् हानिकारक ही है । उससे स्वभाव में तामसवृत्ति जाग्रत हो जाती है और क्रोध तथा आलस्य की मात्रा बढ़ जाती है ।

©KTBS Not to be republished



व्यायाम नियमित होना चाहिए । उसमें भी 'अति सर्वत्र वर्जयेत्' का नियम लागू होता है । व्यायाम में हमको यह जरूरी नहीं है कि किसी विशेष प्रकार का ही व्यायाम किया जाय । विदेशी खेल अधिक व्यय-साध्य है किंतु उनमें सामाजिकता अधिक आती है । यह सामाजिकता देशी खेलों में भी लाई जा सकती है । व्यायाम शरीर को पुष्ठ और बलिष्ठ रखने का साधन मात्र है; वह जीवन का साध्य नहीं है। हमारा व्यायाम यदि हममें से आलस्य को दूर नहीं कर सकता तो निरर्थक है । बहुत से बड़े-बड़े खिलाड़ी चाहे एक मील की दौड़ में बाजी ले जाएँ, लेकिन चारपाई से उठकर अपने आप पानी पी लेने में भी आलस्य करते हैं । यह प्रवृत्ति उनके खिलाड़ीपन की विडंबना है । सच्चे खिलाड़ी को आलस्य के त्याग के साथ विफलता से न विचलित होना, दूसरों के साथ उदारता का व्यवहार आदि मानसिक गुणों का भी अपने में अनुशीलन करना चाहिए ।

अपने हाथ से कुछ काम करना जैसे पानी भरना, बोझा उठाना, मकान की सफ़ाई करना, कपड़ें धोना भी व्यायाम का एक उपयोगी प्रकार है । हममें हाथ से काम करने का गौरव आना चाहिए । इसी को अंग्रेजी में Dignity of manual labour कहते हैं । अपने हाथ से काम करने में हममें समता का

©KTBS Not to be republished

भाव बढ़ता है और हम जनता के साथ संपर्क में आते हैं । कर्मण्य के लिए कोई काम नीचा नहीं है। काम मनुष्य को ऊँचा उठाता है, उसको गौरव प्रदान करता है । काम करना एक प्रकार की पूजा है 'Work is Worship' जो आदमी हाथ से काम करते हैं उनमें आत्म-निर्भरता आती है, उनका जीवन संतुलित और सौंदर्यमय बन जाता है । लोग उनका अनुकरण करने को तैयार रहते हैं । जो लोग काम से दूर भागते हैं उनके अनुयायी और नौकर-चाकर बेगार टालते हैं । हमको अपने नौकर से यह कहना कि जाओ अमुक काम कर लाओ, यह अधिक श्रेयस्कर है कि आओ हमारे साथ यह काम करो ।

**शब्दार्थ :**

वांछनीय-चाहने योग्य, अपेक्षणीय; दन्तधावन-दाँत माँजना, भिड़ना-घुसना, मौलसिरी-एक प्रकार का वृक्ष, जिसमें छोटे-छोटे सुगंधित फूल होते हैं, बेगार-बिना मजदूरी के, बल पूर्वक काम करवाना; शमन-शांत करना, दबाना, अलंकृत-जिसे सजाया गया हो, सात्विक-सत्वगुण संपन्न, सूत्रधार -संचालन करनेवाला, तामसवृत्ति-तामासिक या बुरा स्वभाव, अति सर्वत्र वर्जयेत-योग्यता से अधिक करना कहीं भी उचित नहीं, बलिष्ठ-सर्वाधिक शक्तिशाली, श्रेयस्कर-मंगलकारी, कल्याणकारी; सार्वजनिक-सबसे संबंध रखनेवाला।

**लेखक परिचय :**

श्री गुलाबराय का जन्म इटावा (म.प्र.) में सन् 1887 ई. में हुआ । आपने दर्शनशास्त्र लेकर एम.ए. की परीक्षा पास की और कानून का अध्ययन करके एल.एल.बी की भी उपाधि पाई । गुलाबरायजी कुछ समय छतरपुर महाराजा के यहाँ दार्शनिक अध्ययन में सहायक रहे । आप सेंट जॉन्स कॉलेज में प्राध्यापक भी थे। आप साहित्य-संदेश के संपादक के रूप में प्रख्यात थे । आपकी हिंदी

©KTBS Not to be republished

साहित्य सेवा के उपलक्ष्य में आगरा विश्वविद्यालय ने आपको मानद डी. लिट. की उपाधि दी । राज्यशास्त्र, तर्क शास्त्र, हिंदी साहित्य का सुबोध इतिहास, मेरी असफलताएँ (आत्मकथा), 'ठलुआ क्लब', 'सिद्धांत और अध्ययन' आदि आपकी कुछ उल्लेखनीय कृतियाँ हैं । सन् 1963 ई. में आपका स्वर्गवास हुआ ।

## अभ्यास

**मौखिक प्रश्न:**

**I. निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए :**

१) संसार में हम सब कुछ किसके द्वारा करते हैं ?

२) स्नान कब करना वांछनीय है ?

३) हमें कितना भोजन करना चाहिए ?

४) हमारा व्यायाम कब निरर्थक होता है ?

५) आदमी में आत्म निर्भरता कब आती है ?

**लिखित प्रश्न:**

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

१. धर्म का पहला साधन किसे बतलाया गया है ?

२. आत्मा का मंदिर क्या है ?

३. शरीर रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक क्या है ?

४. सफ़ाई को कौन-सा दर्जा दिया है ?

५. शरीर की सफ़ाई के लिए सबसे आवश्यक क्या है ?

६. आजकल लोग किस प्रकार चाय पीने का अभ्यास डाल लेते हैं ?

©KTBS
Not to be republished

७. सर्वोत्तम अभ्यास कौन-सा है ?

८. आत्मा के लिए किसकी शुदधता आवश्यक है ?

९. समय पर सोने से क्या लाभ है ?

१०. भोजन कब हानिकारक सिद्ध हो जाता है ?

११. शरीर को पुष्ठ और बलिष्ठ रखने का साधन क्या है ?

१२. अपने हाथ से कार्य करने से क्या होता है ?

## III. चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :

१. शरीर की सफ़ाई कैसे करनी चाहिए ?

२. दाँत मंजन की क्या आवश्यकता है ? उसके लिए किन वस्तुओं का उपयोग किया जाता है ?

३. मकान को साफ़ रखने से क्या लाभ हैं ?

४. मकान के दरवाजे बंद रखने से क्या दुष्परिणाम होते हैं ?

५. मकान को कीटाणुओं से सुरक्षित कैसे रख सकते हैं ?

६. मांस के अधिक सेवन का दुष्परिणाम क्या है ?

७. खिलाड़ी का व्यवहार कैसा होना चाहिए ?

८. हममें समता का भाव कैसे बढ़ता है ?

## IV. आठ-दस वाक्यों में उत्तर लिखिए :

१. सफ़ाई और समाज के संबंध में आठ-दस वाक्य लिखिए ।

२. व्यायाम से मनुष्य को क्या लाभ है ?

©KTBS Not to be republished

# भाषा अध्ययन

## I. विलोम शब्द लिखिए :

पवित्र, धर्म, स्वस्थ, आवश्यक, ठंडी, लाभदायक, शुद्ध, भय, अरुचि, सुव्यवस्थित

## II. इन शब्दों के पर्यायवाची रूप लिखिए :

मकान, कपड़ा, स्नान, शरीर, रात

## III. वाक्य शुद्ध कीजिए :

अ. कपडों के लिए वह आवश्यक नहीं है की वे रेशमी ही हों ।

आ. लोग चोरों के भय से मकान को संदूक बनाने का प्रयत्न करती हैं ।

इ. भोजन हमको उतना ही करना चाहिए जितना की हम पचा सकि ।

ई. हममें हाथ से काम करने का गौरव आना चाहे ।

## IV. निम्नलिखित शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए:

आवश्यकता, लाभदायक, सुव्यवस्थित, हानिकारक, बलिष्ठ

## V. अक्षरों का क्रम ठीक करके शब्द बनाइए :

उदा - रशरी - शरीर

१) ताकयश्वआ -

२) फ़ासई -

३) मीशरे -

४) यनितमि -

५) योगीउप -

©KTBS Not to be republished

## VI. उदाहरण के अनुसार संज्ञा से विशेषण बनाइए :

उदा : निर्भरता - निर्भर

आलस्य -

आवश्यकता -

आत्मा -

प्रसन्नता -

सामाजिकता -

## योग्यता विस्तार

- दैनंदिन जीवन में सफ़ाई और व्यायाम के संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त कीजिए।

*****

©KTBS Not to be republished

# पूरक वाचन

## शुचिता और सादगी

मानव जीवन में 'शुचिता' और 'सादगी' का बड़ा महत्व है।

शुचिता का अर्थ है पवित्रता। पवित्रता दो प्रकार की होती है - शरीर के बाहर की पवित्रता और शरीर के अंदर अर्थात् मन की पवित्रता शरीर और मन को बलवान बनाने के लिए दोनों प्रकार की पवित्रता आवश्यक है। शरीर के अंगों की सफ़ाई, कपड़ो की सफ़ाई, भोजन - पानी की सफ़ाई, आदि बातें शरीर के बाहर की पवित्रता में सम्मिलित हैं। हवा की स्वच्छता भी इसी के अंतर्गत आती है।

सबको एक समान समझना, जीवों पर दया करना, दुःखियों की सहायता करना, भूखों को भोजन देना, अपने कर्तव्यों का पालन करना, रोगियों की सेवा करना, किसी को नुकसान न पहुँचाना, आदि बातें मन की पवित्रता में सम्मिलित हैं।

मन की पवित्रता तीन प्रकार से प्राप्त की जा सकती है - अच्छी पुस्तकें पढ़कर, अच्छे लोगों की संगति करके और प्रार्थना करके।

मन की पवित्रता के लिए हमें अच्छी पुस्तकें पढ़नी चाहिए। अच्छी पुस्तकों में अच्छे विचार होते हैं। अच्छे विचार मन के अंदर पनप रहे बुरे विचारों की गंदगी को उसी प्रकार नष्ट कर देते हैं, जिस प्रकार कपड़े धोने वाला साबुन कपड़े की मैल को काटकर बहा देता है।

सत्संग मन की पवित्रता की खान है। जिस प्रकार बहुमूल्य पत्थर खान से निकलते हैं, उसी प्रकार मन की पवित्रता की ज्योति भी सत्संग से निकलती है।

©KTBS Not to be republished

मन की पवित्रता के लिए प्रतिदिन समय पर प्रार्थना करना आवश्यक है। प्रार्थना को अपने अन्य कामों की भाँति ही आवश्यक समझना चाहिए। घर के सभी सदस्यों को समय निकालकर प्रार्थना में भाग लेना चाहिए। परिवार की सामूहिक प्रार्थना का बड़ा महत्व होता है। इससे परिवार के सदस्यों का मन तो पवित्र होता ही है, परिवार में सुख और शांति की वृद्धि भी होती है।

शुचिता की भाँति ही मनुष्य के जीवन में सादगी का बड़ा महत्व है। सादगी मनुष्य की सज्जनता का प्रतीक है। दर्पण में व्यक्ति अपनी सूरत देखता है। सादगी एक प्रकार का अनोखा दर्पण है। दर्पण में तो केवल सूरत दिखाई पड़ती है, पर सादगी-रूपी दर्पण में शरीर के अंदर का सब दिखाई पड़ जाता है।

प्रायः लोग समझते हैं कि महान् व्यक्ति या बड़े-बड़े विद्वान अच्छी पोशाक पहनते हैं और ठाट-बाट से रहते हैं। ऐसा समझना लोगों की बहुत बड़ी भूल है। महानता का अच्छी पोशाक या ठाट-बाट से कोई लेना-देना नहीं है।

अब्राहम लिंकन अमरीका के राष्ट्रपति थे। राष्ट्रपति के अतिरिक्त वे महामानव भी थे। वे बड़े दयालू थे। संसार के सभी प्राणियों से प्रेम करते थे। उनकी महानता उनके सादे लिबास के अंदर से चमकती रहती थी। कुछ लोग उनके साधारण कपड़ों के कारण धोखे में पड़ जाते थे और पहचानने में भूल कर जाते थे। एक बार एक सैनिक लिंकन के सादे कपड़ों के कारण ही उन्हें न पहचानने की भूल कर बैठा था। ड्यूटी पर था पर ऊँघ रहा था। लिंकन ने उसके पास जाकर उसे जगाने वाले अमरीका के राष्ट्रपति लिंकन थे तो वह घबरा गया। उसने सोचा कि अब तो नौकरी गई। उसने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर क्षमा-याचना की। लिंकन ने उस सैनिक को अपने कार्यालय

में बुलाया और बड़े प्यार से उसकी पीठ पर हाथ फेरते हुए कहा, ''आदमी को ड्यूटी पर सोना नहीं चाहिए। जाओ, अब ऐसी भूल मत करना।''

लिंकन की सादगी के अंदर छिपी हुई महानता पर सैनिक मुग्ध हो गया और वह ईश्वर के समान उनकी पूजा करने लगा।

महात्मा गांधी आज के युग के महामानव थे। केवल भारत में ही नहीं, पूरे संसार में वह महामानव के रूप में पूजे जाते हैं। गांधी जी बड़ी सादगी से रहते थे। घुटनों तक धोती पहनते थे और सूती चादर ओढ़े रहते थे।

बात उन दिनों की है, जब चंपारण में किसान सत्याग्रह चल रहा था। गांधी जी रेलगाड़ी के साधारण दर्जे के डिब्बे में बैठकर चंपारण जा रहे थे। रात का समय था। वह बैंच पर सो रहे थे। एक स्टेशन पर जब गाड़ी खड़ी हुई तो एक यात्री डिब्बे में आया। वह गांधी जी को सोया हुआ देखकर बिगड़ उठा और उनसे उठकर बैठ जाने के लिए कहने लगा। जब गांधी जी नहीं उठे तो उसने उन्हें पकड़कर उठा दिया और स्वंय उनकी जगह पर लेट गया। गांधी जी चुपचाप उसके पैरों के पास बैठे रहे।

रेलगाड़ी जब चंपारण स्टेशन पर खड़ी हुई, तो हज़ारों लोग 'जय' बोलते हुए गांधी जी के डिब्बे के पास आए। उन लोगों ने जब बड़े आदर से गांधी जी को डिब्बे से उतारा तो वह आदमी अचंभित हो गया। जब उसे यह मालूम हुआ कि ये तो महात्मा गांधी हैं, तब वह उनके पैर पकड़कर क्षमा माँगने लगा। गांधी जी ने मुसकराते हुए कहा, ''तुमने मुझे बैंच पर से उठाकर अच्छा ही किया। मुझे बैंच पर सोना नहीं चाहिए था क्योंकि वह बैंच सोने के लिए नहीं, बैठने के लिए थी।''

©KTBS Not to be republished

महान् पुरूष इसी प्रकार सादगी से रहते हैं। वे अपने कपड़ों की ओर ध्यान नहीं देते। वे ध्यान देते हैं अपने चरित्र की ओर, अपने विचारों की ओर। भले ही उनके कपड़ों पर धब्बे पड़े हों, भले ही उनके कपड़े फटे-पुराने हों, पर वे अपने चरित्र और अपने विचारों पर धब्बे नहीं पड़ने देते। वे अपने फटे-पुराने और सादे कपड़ों में अच्छे विचारों की मणियाँ छिपाए हुए, सदा मानवता के कल्याण में लगे रहते हैं।

अतः मनुष्य को चाहिए कि वह सादगी भरा जीवन व्यतीत करे। सादगी कई प्रकार की हो सकती है - कपड़ों की सादगी, खाने-पीने की सादगी, विचारों की सादगी, रहन-सहन की सादगी, व्यवहार की सादगी, आदि। हमें अपने जीवन में सादगी और सादगी के अंतर्गत इन सभी बातों को स्थान देना चाहिए। यही सच्ची मानवता है। हमें सब कुछ छोड़कर सतत् अपनी मानवता की रक्षा करनी चाहिए, उसे सँजोकर रखना चाहिए। यह सादगी से ही हो सकता है, केवल सादगी से ही।

**- संकलित**

**प्रश्नों का उत्तर लिखिए:**

१. शुचिता या पवित्रता कितने प्रकार की होती है? उसकी क्या आवश्यकता है?
२. मन की पवित्रता में कौन-कौन सी बातें सम्मिलित हैं?
३. मनुष्य के जीवन में सादगी का क्यों बड़ा महत्व है?
४. सैनिक लिंकन की ईश्वर के समान क्यों पूजा करने लगा?
५. महान् पुरूष के क्या लक्षण होते हैं?
६. सादगी के प्रकार बताइए। सादगी का महत्व क्या है? लिखिए।

******

©KTBS Not to be republished


# पाठ -७

# अंतरिक्ष केंद्र : श्रीहरिकोटा

**- श्री गुणाकर मुले**

**आशय : प्रस्तुत पाठ प्रसिद्ध वैज्ञानिक श्री गुणाकर मुले द्वारा लिखा गया है । इस पाठ के माध्यम से लेखक ने भारत के रॉकेट प्रक्षेपण केंद्र श्रीहरिकोटा का संक्षिप्त परिचय दिया है । लेखक ने मानव की जिज्ञासाओं को संतुष्ट करने का सार्थक प्रयास किया है ।**





श्रीहरिकोटा आंध्र प्रदेश के समुद्रतट के समीप एक छोटा-सा द्वीप है । इस द्वीप के मूल निवासी यानादि के नाम से जाने जाते हैं। बहुतों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि ये यानादि आदिवासी आज भी खेती करना नहीं जानते । ये लोग अभी हाल तक कंद-मूल का संग्रह और शिकार करके अपना जीवन-निर्वाह करते रहे हैं ।

अभी कुछ साल पहले तक ये यानादि आदिवासी, अलग-अलग रहकर पाषाण युग का जीवन जी रहे थे । लेकिन अब श्रीहरिकोटा द्वीप के इन आदिवासियों को शक्तिशाली रॉकेटों के धमाके सुनने और धरातल से उठकर



©KTBS Not to be republished

अंतरिक्ष में आरोहण करनेवाले रॉकेटों के रोमांचकारी दृश्य देखने को मिलते हैं । बाह्य सभ्यता से प्राय: अनभिज्ञ ये यानादि आदिवासी, अब रॉकेट, डीजल-ईंजन आदि शब्दों के अर्थ समझने लग गए हैं । कारण यह है कि पाषाण-युगीन जीवन का आश्रयद्वीप श्रीहरिकोटा अब अंतरिक्ष आरोहण का आशाद्वीप बन गया है, क्योंकि अब यह द्वीप भारत का राष्ट्रीय अंतरिक्ष अड्डा है ।

बड़ी दिलचस्प है श्रीहरिकोटा द्वीप के इस काया-पलट की कहानी । सोवियत संघ ने 4 अक्तूबर, सन् 1957 ई. को संसार का पहला स्पुतनिक उपग्रह अंतरिक्ष में भेजा । फिर 12 अप्रैल, सन् 1961 को पहला मानव यूरीगागरिन अंतरिक्ष में पहुँच गया । लेकिन उस समय तक भारत के पास अपना न कोई रॉकेट था, न उपग्रह और न ही कोई अंतरिक्ष केंद्र । भारत में अंतरिक्ष अनुसंधान की गतिविधियाँ सन् 1962 ई. में आरंभ हुई ।

भारत में पहला अंतरिक्ष केंद्र त्रिवेंद्रम के पास थुंबा में स्थापित किया गया । चुंबकीय भूमध्य रेखा थुंबा से गुजरती है, इसीलिए साउंडिंग रॉकेट से अंतरिक्ष केंद्र का विकास करने में भरपूर अंतराष्ट्रीय सहयोग मिला है । थुंबा के इस केंद्र से विदेशों से प्राप्त हुए साउंडिंग रॉकेट नवम्बर 1963 ई. में पहली बार ऊपर वायुमंडल में छोड़े गए थे । बाद में इस थुंबा भूमध्यरेखीय रॉकेट प्रक्षेपण-केंद्र की सेवाएँ संयुक्त राष्ट्र संघ को समर्पित कर दी गईं । तब से दुनिया के अनेक देश इस केंद्र का उपयोग करते आ रहे हैं ।

भारत ने थुंबा अंतरिक्ष केंद्र की तो स्थापना कर ली थी, पर आरंभ में उसके पास अपना कोई रॉकेट नहीं था । इसलिए त्रिवेंद्रम के पास ही रॉकेटों के निर्माण के लिए एक केंद्र स्थल स्थापना की गई । केंद्र से बने भारत के पहले रॉकेट (रोहिणी, आर एच-75) का परीक्षण थुंबा से सन् 1967 ई. में किया गया । इस समय तक अमेरिका और सोवियत संघ ने चंद्रमा तक पहुँचने वाले शक्तिशाली रॉकेट बना लिए थे ।

©KTBS Not to be republished

भारत में अंतरिक्ष अनुसंधान का एक व्यापक कार्यक्रम चलाने और इसके लिए आरंभिक साधन जुटाने का श्रेय डॉ.विक्रम साराभाई को जाता है । उन्होंने एक ओर अधिकाधिक शक्तिशाली रॉकेटों के विकास की योजना बनाई, तो दूसरी ओर इन रॉकेटों को प्रक्षेपित करने के लिए एक उपयुक्त अंतरिक्ष अड्डे का भी चुनाव किया ।

आप सोचते होंगे कि जब थुंबा केंद्र मौजूद था, तो भारत को दूसरे स्थान पर अंतरिक्ष अड्डा बनाने की आवश्यकता ही क्या थी? उपग्रहों को कक्ष में छोडनेवाले रॉकेटों को थुंबा से प्रक्षेपित करने में अनेक कठिनाइयाँ थीं । एक तो थुंबा के इलाके में घनी आबादी, दूसरे यह स्थान पश्चिमी समुद्रतट पर है । रॉकेट को यदि पूर्व की ओर कोणीय वेग से छोड़ा जाए, उसे पृथ्वी की गति का अतिरिक्त वेग भी मिल जाता है । इसलिए भारत के पूर्वी तट पर एक ऐसे क्षेत्र की तलाश शुरू हुई जो, आबादीवाले क्षेत्रों से अलग-अलग हो, क्षेत्रफल के लिहाज़ से बड़ा हो, जहाँ बड़ा रॉकेट छोड़ने के लिए आवश्यकता से अधिक सुरक्षित क्षेत्र विद्यमान हो और प्राकृतिक रमणीयता भी हो ।

1968 ई. में प्रो. यू.आर. राव और प्रो. चिटनिस ने भारत के पूर्वी तट पर ऐसे एक स्थान की खोज कर ली और डॉ. विक्रम साराभाई को इसकी जानकारी दी । यह स्थान था-श्रीहरिकोटा द्वीप । यह द्वीप आंध्र प्रदेश के सुल्लुरपेट नगर से कच्ची सड़क द्वारा जुडा है । इसका आकार चपटे वृत्त जैसा है । इसका समुद्रतट लगभग 27 कि.मी. लंबा है तथा क्षेत्रफल 150 वर्ग किलोमीटर है ।

यह जानकारी मिलने पर डॉ. साराभाई ने विमान से श्रीहरिकोटा द्वीप का निरीक्षण किया । यहाँ के यूकलिप्टस तथा केजुरिना के ऊँचे-ऊँचे वृक्षों और द्वीप के किनारों पर किल्लोलें करती सागर की अनवरत लहरों ने डॉ.

©KTBS Not to be republished

साराभाई का मन मोह लिया । उन्हें यह द्वीप बेहद पसंद आया और उन्होंने यहाँ भारत द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र में आरोहण की आकांक्षाओं का एक महल बनाने का दृढ़ संकल्प लिया ।

यहीं से शुरू होती है श्रीहरिकोटा द्वीप के काया-पलट की कहानी । यह द्वीप जनशून्य नहीं था । यहाँ कृषि-कर्म से अनभिज्ञ यानादि आदिवासी रह रहे थे । भारतीय अंतरिक्ष विभाग ने करीब एक करोड रूपयों का भुगतान करके इस द्वीप की जमीन खरीद ली । आदिवासियों के प्रत्येक परिवार को सुल्लुरपेट के पास के क्षेत्र में बसाने की व्यवस्था की गई । पहले सुल्लुरपेट से इस द्वीप तक बड़ी मुश्किल से ही पहुँचा जा सकता था । इसलिए सबसे पहले सड़कें और पुल बनाए गए । फिर एक-एक करके रॉकेट प्रक्षेपण, ट्रेकिंग नियंत्रण, प्रोपेलेंट उत्पादन, रॉकेट प्रणालियों का परीक्षण आदि अनेक सुविधाओं की यहाँ स्थापना की गई । इस प्रकार आदिवासियों का यह द्वीप भारत का राष्ट्रीय अंतरिक्ष अड्डा बन गया ।

श्रीहरिकोटा द्वीप के बारे में कोई ठोस ऐतिहासिक जानकारी नहीं मिलती । एक किंवदंती यह है कि यहाँ कभी पचास लाख शिवलिंगों का बसेरा था । पता चलता है कि उत्तर भारत से दक्षिण भारत की तीर्थ यात्रा के लिए जानेवाले लोग यहाँ रुका करते थे । श्रीहरिकोटा नाम से यह सूचित होता है कि प्राचीन काल में यह द्वीप एक धार्मिक केंद्र रहा होगा । कुछ लोग श्रीहरिकोटा को श्री हरिकोटा भी लिखते हैं ।

श्रीहरिकोटा द्वीप आंध्र प्रदेश के नेल्लूर जिले में है । यह चन्नै (मद्रास) शहर से करीब 90 किलोमीटर उत्तर में है । श्रीहरिकोटा द्वीप की भौगोलिक स्थिति है-उत्तरी अक्षांश $130^{\circ}$ और पूर्वी रेखांश $80^{\circ}$ ।

अब श्रीहरिकोटा का नक्शा ही बदल गया है । यहाँ बडे रॉकेटों को अंतरिक्ष में छोड़ने के लिए प्राय: आवश्यक सुविधाएँ जुटाई गई हैं । इन रॉकेटों का विकास त्रिवेंद्रम के अंतरिक्ष केंद्र में होता है । दिसंबर, 1971

©KTBS Not to be republished

ई. में डॉ.साराभाई की मृत्यु हो जाने पर त्रिवेंद्रम के इस केंद्र को विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र नाम दिया गया । भारतीय रॉकेटों का निर्माण तो होता है त्रिवेंद्रम में, परन्तु जोड़ने, उनमें प्राणोदक यानी इंधन भरने, उनकी मोटरों का परीक्षण करने और अंत में उन्हें प्रक्षेपित करने का महत्वपूर्ण कार्य श्रीहरिकोटा में होता है ।

श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष अड्डे की स्थापना इस उद्देश्य से की गई थी कि यहाँ से उपग्रहों को कक्षाओं में स्थापित कर देनेवाले शक्तिशाली रॉकेट को छोड़ा जा सके । दरअसल, ऐसे एक शक्तिशाली रॉकेट के विकास की योजना श्रीहरिकोटा की खोज के साथ-साथ ही अस्तित्व में आ चुकी थी । करीब दस साल के अथक परिश्रम के बाद त्रिवेंद्रम के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के वैज्ञानिकों तथा इंजीनियर ने स्वयं अपने बल-बूते पर एक ऐसा शक्तिशाली रॉकेट बना लिया, जो एक छोटे उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित कर देने में समर्थ है । यह है हमारा 'एस.एल.वी. -3' (सेटेलाईट लांच वेहिकल -3) यानी 'उपग्रह प्रक्षेपक यान-तीन।'

'एस.एल. वी-3' चार खंडों का करीब 23 मीटर ऊँचा रॉकेट है । कुल 17 टन भार के इस रॉकेट के चारों खंडों में ठोस प्राणोदक (ईंधन) भरा जाता है । श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष अड्डे से 10 अगस्त, 1979 ई. को इस रॉकेट की प्रथम प्रायोगिक उड़ान की व्यवस्था की गई । दुर्भाग्य से, यह पहली उडान सफल नहीं रही। रॉकेट अपने यात्रा-पथ से विचलित हो गया । रॉकेट और इसके सिरे पर सवार चालीस किलोग्राम भार का रोहिणी उपग्रह बंगाल खाडी में आ गिरा ।

अंतरिक्ष विभाग के हमारे वैज्ञानिक इस प्रथम असफलता से थोडे हताश तो हुए, पर उन्होंने हिम्मत नही छोड़ी । 18 जुलाई, 1980 ई.को श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष अड्डे से दूसरी बार एस.एल.वी-3' रॉकेट छोड़ा

©KTBS Not to be republished

गया । एस.एल.वी-3' की यह दूसरी उड़ान सफल रही। भारत के लिए यह एक महान उपलब्धि थी।



स्वदेशी साधनों से एक शक्तिशाली रॉकेट का निर्माण करना आसान काम नहीं है । दुनिया के बहुत थोडे देश ही ऐसा रॉकेट बना पाए हैं, जो एक उपग्रह को अंतरिक्ष में स्थापित कर सके । श्रीहरिकोटा से एस.एल.वी-3' की सफल उड़ान के बाद भारत दुनिया की अंतरिक्ष बिरादरी का सातवाँ देश बन गया है । श्रीहरिकोटा ने न केवल हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाया है, बल्कि देश के लिए एक कीर्तिमान भी स्थापित किया है ।

भारत ने केवल दस वर्ष में न केवल एक शक्तिशाली रॉकेट बना लिया, अपितु उपग्रहों के निर्माण में भी खूब तरक्की की । सोवियत संघ की मदद से भारत में बना पहला वैज्ञानिक उपग्रह आर्यभट सोवियत रॉकेट के ज़रिए 19 अप्रैल 1975 ई. को अंतरिक्ष में छोड़ा गया था । इसके बाद बेंगलूर के उपग्रह केंद्र ने भास्कर-1' और भास्कर-2', नामक भू-सर्वेक्षक उपग्रह बनाए और इन्हें भी सोवियत रॉकेटों से ही अंतरिक्ष में छोड़ा गया । भारतीय वैज्ञानिकों ने एप्पल नामक एक संचार-उपग्रह भी बनाया । इसे यूरोपीय अंतरिक्ष

©KTBS Not to be republished

एजेंसी के एरियन रॉकेट के जरिए 36,000 किलोमीटर ऊपर की भूस्थिर कक्षा में स्थापित किया गया था । भारत ने इनसैट उपग्रह अमेरिका से खरीदे, लेकिन आगे ऐसे उपग्रह भारत में ही बनाए गए। बेंगलूर के उपग्रह केंद्र में हजार किलोग्राम भर के भू सर्वेक्षक उपग्रह भी बनते रहे हैं । श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष अड्डे से एस.एल.वी-3' रॉकेट से जिस रोहिणी उपग्रह को अंतरिक्ष में छोड़ा गया था, वह भी बेंगलूर में ही बना था ।

अब त्रिवेंद्रम के साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के वैज्ञानिकों ने एस.एल.वी-3'से भी अधिक शक्तिशाली रॉकेट बना लिया है । यह है ए.एस.एल.वी. रॉकेट'। एस.एल.वी-3' के निचले खंड के साथ दो बूस्टर रॉकेट जोड़कर यह नया ए.एस.एल.वी. रॉकेट'बनाया गया है । पाँच खंडों वाला करीब 40 टन भार का यह शक्तिशाली रॉकेट 150 किलोग्राम भार के एक उपग्रह को करीब 400 किलोमीटर ऊपर एक वृत्ताकार कक्ष में स्थापित कर देने में समर्थ है ।

श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष अड्डे से सन् 24 मार्च, 1987 ई. को पहली बार ए.एस.एल.वी.' रॉकेट का परीक्षण हुआ परंतु यह परीक्षण अंशतः ही सफल रहा। फिर भी हमारे वैज्ञानिकों के हौसले बुलंद हैं । उन्हें पूरा विश्वास है कि ए.एस. एल.व्ही. की अगली उड़ान सफल होगी ।

भारत में एक और अधिक शक्तिशाली रॉकेट का विकास किया जा रहा है । यह है-पोलर सैटेलाइट लांच वेहिकल (संक्षेप में पी.एस.एल.वी) यानी ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपक यान'। यह रॉकेट करीब एक हज़ार किलोग्राम के भू-सर्वेक्षण उपग्रह को करीब एक हजार किलोमीटर ऊपर की ध्रुवीय कक्षा में अर्थात् दोनों ध्रुवों के ऊपर से गुजरनेवाली कक्षा में स्थापित कर देने में समर्थ होगा । इस रॉकेट के प्रक्षेपण के लिए श्रीहरिकोटा में साधन जुटाये जा रहे हैं ।

©KTBS Not to be republished

परंतु हमारा लक्ष्य है, एक ऐसा शक्तिशाली रॉकेट तैयार करना जो इनसैट जैसे बड़े संचार-उपग्रह को 36,000 किलोमीटर ऊपर की भू-स्थिर कक्षा में स्थापित कर दे । ऐसे रॉकेट की योजना अब बन गई है । संभवतः यह शक्तिशाली रॉकेट भी श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष अड्डे से ही उड़ान भरे ।

श्रीहरिकोटा अब भारत के अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रयासों का आशाद्वीप बन गया है । वह अत्याधुनिक साधनों से संपन्न, अंतरिक्ष में आरोहण करने का स्थल बन चुका है ।

*****

**लेखक का परिचय :**

**(३ जनवरी, सन् १९३५ - १६ अक्तूबर, सन् २००९)**

श्री गुणाकर मुले का जन्म अमरावती जिले (महाराष्ट्र) के सिन्दी बुजरूक



नामक ग्राम में हुआ । आपने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में स्नातक और गणित में स्नातकोत्तर उपाधियाँ प्राप्त की हैं । स्वतंत्र लेखन आप का व्यवसाय है । आपने विज्ञान टेक्नोलॉजी, विज्ञान का इतिहास, पुरातत्व पुरालिपि शास्त्र, इतिहास-संस्कृति संबंधी 3000के लगभग लेख लिखे हैं । इन्हीं विषयों पर आपने 35 पुस्तकें लिखी हैं । इनमें से चार पुस्तकें पुरस्कृत हैं । कई संस्थाओं ने वैज्ञानिक साहित्य लिखने के उपलक्ष्य में आपको पुरस्कृत और सम्मानित किया है।

©KTBS Not to be republished

**शब्दार्थ :**

संग्रह - इकट्ठा करना, जीवन-निर्वाह-जीवन यापन, पाषाण-पत्थर, धरा-तल-पृथ्वी की सतह, आरोहण-चढ़ना, अनभिज्ञ-अनजान, दिलचस्प-रोचक, कायापलट- परिवर्तन, अनुसंधान-खोज, समर्पित- सौंपना, व्यापक - विस्तृत, अधिकाधिक-ज्यादा से ज्यादा, वेग-गति, प्रवाह, रमणीय-सुन्दर, अनवरत - लगातार, निरन्तर, आकांक्षा-इच्छा, दृढ संकल्प - दृढ निश्चय, किंवंदती-जनश्रुति, विचलित-बेचैन, हताश-निराश, लक्ष्य-उद्देश्य, अत्याधुनिक-अति आधुनिक, जनशून्य-जहाँ मनुष्य नहीं रहते हैं, प्रक्षेपण-फेंकना, प्राणोदक-ईंधन, सर्वेक्षक - जाँच पड़ताल करनेवाला ।

## अभ्यास

**मौखिक प्रश्न:**

**I. निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए :**

१. द्वीप के मूल निवासी किस नाम से जाने जाते हैं ?

२. अमेरिका और सोवियत संघ ने चन्द्रमा तक पहुँचने के लिए क्या बना लिया था?

३. श्रीहरिकोटा द्वीप आंध्रप्रदेश के किस जिले में है ?

४. एस.एल.वी-३ कितने मीटर ऊँचा रॉकेट है ?

५. आर्यभट्ट उपग्रह कब छोड़ा गया था ?

**लिखित प्रश्न:**

**II. एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१. सोवियत संघ द्वारा स्पुतनिक उपग्रह अंतरिक्ष में कब भेजा गया ?

२. थुंबा भूमध्यरेखीय रॉकेट प्रक्षेपण केंद्र की सेवाएँ किसे समर्पित कर दी गई?

©KTBS Not to be republished

३. अंतरिक्ष में पहुँचनेवाले पहले मानव का नाम क्या है ?
४. भारत में अंतरिक्ष अनुसंधान की गतिविधियों का प्रारंभ कब से हुआ ?
५. भारत में पहला अंतरिक्ष केंद्र कहाँ स्थापित किया गया ?
६. भारत में अंतरिक्ष अनुसंधान चलाने का श्रेय किसे जाता है ?
७. श्रीहरिकोटा द्‌वीप की खोज किसने की थी?
८. श्रीहरिकोटा द्‌वीप के बारे में क्या किवंदंती प्रसिद्ध है ?
९. श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष अड्‌डे की स्थापना का मुख्य उद्देश्य क्या था ?
१०. एस.एल.वी-३ (सेटेलाईट लाँच वेहिकल) के बारे में आप क्या जानते हैं ?

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए :**

१. थुंबा केंद्र मौजूद होने पर भी भारत को दूसरा अंतरिक्ष अड्‌डा बनाने की क्या आवश्यकता थी ?
२. डॉ. साराभाई को अंतरिक्ष अड्‌डा बनाने के लिए श्रीहरिकोटा क्यों पसंद आया ?
३. सिद्‌ध कीजिए कि भारत ने दस वर्षों में न केवल एक शक्तिशाली रॉकेट बना लिया अपितु उपग्रहों के निर्माण में भी खूब तरक्की की।

## भाषा अध्ययन

**I. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:**

१. खोज करनेवाला
२. एक से अधिक राष्ट्रों से संबंधित
३. विज्ञान के क्षेत्र में योग्यता रखनेवाला
४. जहाँ मनुष्य न रहते हों
५. बड़े ग्रहों की परिक्रमा करनेवाला छोटा पिण्ड

©KTBS Not to be republished

**II. निम्नलिखित शब्दों का संधिविच्छेद करके संधि का नाम बताइए:**

उदा;- अधिकाधिक = अधिक+अधिक (दीर्घ संधि)

१. अत्याधुनिक २. महौषधि ३. सुरेश ४. वृत्ताकार

**III. निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए:**

१. आरोग्य २. व्यापक ३. दुर्भाग्य ४. विदेश ५. पूर्वी

६. ठोस ७. समर्थ ८. आरोहण

## योग्यता विस्तार

- विज्ञान के क्षेत्र में प्रसिद्ध वैज्ञानिकों के जीवन के विषय में जानकारी प्राप्त कीजिए ।
- अंतरिक्ष पर पहुँचनेवाले यात्रियों के नाम तथा उपलब्धियों के बारे में अध्यापक से जानकारी लीजिए ।

*****

©KTBS Not to be republished

# पूरक वाचन
# श्रीमंत प्रकृति

निसर्ग की हैं छः ऋतुएँ
करती हैं अपनी अपनी क्रतुएँ

पहले आती ऋतु वसंत
खुशियाँ लाती अनंत अनंत

ग्रीष्म में है सूरज का प्रताप
तब लगता जीवन ही श्राप

वर्षा में होता मन प्रशांत
ज्यादा हो तो, जीवन अशांत

शरत पूर्णिमा का चंद्र प्रकाश
अपने में मस्त हैं भूमि, आकाश

सर्दी लाती ऋतु हेमंत
हरी भरी प्रकृति है श्रीमंत

शिशिर कहलाता है पतझड़
सारे पत्ते झड़ जाते, पेड़ लगे जड़

ऋतुओं के इस चक्र भ्रमण में
जीवन बिताएँ हर्ष-उल्लास में

******

©KTBS Not to be republished

**प्रश्नों का उत्तर लिखिए:**

१. निसर्ग की कितनी ऋृतुएँ हैं? उनके नाम लिखिए।

२. वसंत तथा ग्रीष्म ऋृतु के बारे में लिखिए।

३. वर्षा और शरद ऋृतु में क्या होता है?

४. सर्दी कौन लाती है? तब प्रकृति कैसी होती है?

५. शिशिर ऋृतु क्या कहलाता है? और क्यों?

६. ऋृतुओं के चक्र भ्रमण में हमें क्या करना चाहिए?

*******

©KTBS Not to be republished

# पाठ–८


## पथ की पहचान

- डॉ. हरिवंशराय बच्चन

**आशय : मनुष्य को विपत्तियों से न घबराकर लक्ष्य का निर्धारण कर, उसे प्राप्त करने का दृढ़ संकल्प मन में कर लेना चाहिए । सफलता पाने के लिए मनुष्य को साहस के साथ जीवन-मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए यही, इस कविता का मूल भाव तथा संदेश है ।**

©KTBS Not to be republished

पूर्व चलने के बटोही,
बाट की पहचान कर ले ।
पुस्तकों में है नहीं छापी गई इसकी कहानी ।
हाल इसका ज्ञात होता है न औरों की जुबानी ।।
अनगिनत राही गए इस राह से, उनका पता क्या ?
पर गए कुछ लोग इस पर छोड़ पैरों की निशानी ।।
यह निशानी मूक होकर भी बहुत कुछ बोलती है ।
खोल इसका अर्थ पंथी-पंथ का अनुमान कर ले ।।
पूर्व चलने के बटोही,
बाट की पहचान कर ले ।



यह बुरा है या कि अच्छा, व्यर्थ दिन इस पर बिताना ।
जब असंभव छोड़ यह पथ दूसरे पर पग बढाना ।।
तू इसे अच्छा समझ, यात्रा सरल इससे बनेगी ।

सोच मत केवल तुझे ही यह पड़ा मन में बिठाना ।।
हर सफल पंथी यही विश्वास ले इस पर खड़ा है ।
तू इसी पर आज अपनी चित्त का अवधान कर ले ।।

पूर्व चलने के बटोही,
बाट की पहचान कर ले ।

है अनिश्चित किस जगह पर सरित, गिरि, गह्वर मिलेंगे ।
है अनिश्चित किस जगह पर बाग-वन-सुंदर मिलेंगे ।।
किस जगह यात्रा खतम हो जाएगी, यह भी अनिश्चित ।
है अनिश्चित कब सुमन कब कंटकों के शर मिलेंगे ।।
कौन सहसा छूट जाएँगे, मिलेंगे कौन सहसा ।
आ पड़े कुछ भी, रुकेगा तू न, ऐसी आन कर ले ।।

पूर्व चलने के बटोही,
बाट की पहचान कर ले ।।

**कवि परिचय :**

डॉ. हरिवंशराय बच्चनजी (जन्म : नवंबर २७, सन् १९०७, निधन : जनवरी १८, सन् २००३) हिंदी साहित्य के प्रमुख हालावादी कवि और छायावादोत्तर कवि के रूप में जाने जाते हैं । आप का जन्मस्थान इलाहाबाद है । बच्चन आपका उपनाम है । इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में अंग्रेज़ी के प्रोफ़ेसर रहने के पश्चात्, आपने भारत सरकार के विदेश मंत्रालय, हिंदी

©KTBS Not to be republished

विभाग के विशेष अधिकारी के रूप में भी जिम्मेदारी निभायी । बच्चन की कविताएँ उनके अपने जीवन से सीधा संबंध रखती हैं । उन्नीस वर्ष की अवस्था में आपका विवाह हुआ था, किंतु, पत्नी श्यामा जल्द ही चल बसी । आप के जीवन की यह अत्यंत दारुण घटना थी । लेकिन समय के साथ ही भावनाएँ बदलीं और आपके जीवन में द्वितीय पत्नी तेजी का आगमन हुआ । जीवन की तरलता फिर से लहरा उठी और नव कल्पनाएँ कविताओं के द्वारा उभरने लगीं । सुप्रसिद्ध अभिनेता अमिताभ बच्चन आपके सुपुत्र हैं।

**आपकी प्रमुख रचनाएँ :** मधुशाला, निशा निमंत्रण, एकांत संगीत, खादी के फूल आदि हैं । आपकी भाषा में एक नैसर्गिक प्रवाह देखने को मिलता है । डॉ. हरिवंशराय 'बच्चन' को सन् 1966 में सोवियत लैंड नेहरु पुरस्कार से सन् 1969 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से और सन् 1970 में लोटस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ।

**शब्दार्थ :**

पूर्व - पहले , बटोही - पथिक, बाट - रास्ता, मार्ग , अनगिनत - जिसे गिना न जा सके, मूक - मौन, पथ - मार्ग , पग - कदम , चित्त का अवधान - मनोयोग, निश्चय, सरिता - नदी , गिरि - पर्वत , गह्वर - गड्ढा , सुमन - पुष्प , कंटक - काँटा , शर - बाण, सहसा - अचानक, आन - संकल्प ।

©KTBS Not to be republished

# अभ्यास

**मौखिक प्रश्नः**

**I. निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए :**

१. किसी मार्ग पर चल पड़ने से पहले बटोही को क्या करना चाहिए ?
२. दूसरे अनुच्छेद में किस को मूक गवाह कहा गया है ?
३. सफल पंथी कौन है ?
४. पथ में कौन-कौन सी बाधाएँ आ सकती हैं ?
५. राह पर कौन-कौन सी संतोषदायक जगहें मिल सकती हैं ?
६. पथिक का संकल्प कैसा होना चाहिए ?

**लिखित प्रश्नः**

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए :**

१. पथ की पहचान कविता के कवि का नाम क्या है ?
२. पथ पर चलने से पहले पथिक को क्या करना चाहिए ?
३. कुछ लोगों के पैरों की निशानी की विशेषता क्या है ?
४. यात्रा कब सरल बनेगी ?
५. किस जगह पर यात्रा खतम हो जाएगी ?

**III. तीन या चार वाक्यों में उत्तर दीजिए :**

१. पथ की पहचान कविता के द्वारा कवि क्या संदेश देना चाहते हैं ?
२. चित्त का अवधान कैसे करना चाहिए ?

©KTBS Not to be republished

३. कवि के अनुसार जीवन पथ में आनेवाली बाधाओं और कठिनाइयों का परिचय दीजिए ।

४. जीवन की अनिश्चितता के बारे में कवि क्या कहना चाहते हैं ?

**IV. विद्यार्थी होने के नाते आपको किन बातों का संकल्प करना चाहिए? कोई चार प्रमुख संकल्प लिखिए।**

**V. आप कौनसा विश्वास लेकर स्कूल जाते है? आपके विश्वास को सफल बनाने में आपको किन - किनका सहयोग चाहिए?**

## भाषा अभ्यास

**I. निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए :**

१. ज्ञात X    २. मूक X    ३. अर्थ X

४. संभव X    ५. सफल X    ६. विश्वास X

**II. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :**

१. रचना करनेवाला    २. राह पर चलनेवाला

३. जिसे गिना न जा सके    ४. जो मौन रहता है

**योग्यता विस्तार**

- जीवन संघर्ष में जूझकर सफलता प्राप्त करनेवाले अपने प्रदेश के जनसामान्य के संबंध में चर्चा कीजिए ।

*****

©KTBS Not to be republished

# पाठ-९

# पार्श्व गायिका लता मंगेशकर

- संगीता अग्रवाल

**आशय : यह पाठ संगीता अग्रवाल की पुस्तक शिखर महिलाएँ से लिया गया है । महिला सशक्तीकरण के दौर में इस पाठ का उद्देश्य है-ललित कला क्षेत्र में चमकनेवाली भारत की प्रमुख गायिका, लता मंगेशकर के जीवन से परिचय करवाना। पाठ से लता जी के प्रति सम्मान तथा संगीत के प्रति आसक्ति उत्पन्न होती है ।**

संगीत शब्द का उच्चारण करते ही जिस व्यक्तित्व का अक्स सामने उभर कर आता है, वह हैं स्वर सम्राज्ञी लता मंगेशकर । संगीत के आसमान में जहाँ सैकडों तारे टिमटिमाते हैं, वहीं चाँद बनकर लता जी ने विश्व स्तर पर संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज किया है। हमारी यह खुशकिस्मती है कि हम उस दौर के रु-ब-रू हैं, जिसमें लता जी ने जन्म लिया ।

स्वर सम्राज्ञी लता मंगेशकर का जन्म 28 सितंबर, सन् 1929 को हुआ। उनके पिता विख्यात संगीतज्ञ मास्टर दीनानाथ थे । जन्म के बाद उन्होंने अपनी मौसी के यहाँ पहली बार आँखें खोलीं । छह मास की होते ही पिता को उनके भावी संगीत सम्राज्ञी बनने की प्रतीति हो गई थी । और चार वर्ष की आयु में ही यह प्रमाण दे दिया था कि वे संगीत की दुनिया के लिए ही बनी हैं । घर के बरामदे में एक दिन उनके पिता दीनानाथ सारंगी बजा रहे थे, लता ने भी हाथ बढ़ाकर उसे अपने हाथ में ले लिया । इस प्रकार पिता-पुत्री सारंगी पर संगीत का अभ्यास करने लगे । उसी वर्ष पिता के साथ इंदौर में गाने का उन्हें पहला मौक़ा मिला । उन्होंने तंत्र शहनाई पर गाया, जिसे सुनकर पिता उनकी आवाज़ पर मुग्ध हो गए । लता जी प्रतिदिन प्रात: जल्दी उठतीं और तानपुरे पर गाने गाती थीं । पिता के साथ रियाज़ के दौरान, कुछ राग-रागिनियाँ संगीत के छात्रों को

©KTBS Not to be republished

भी सिखलातीं। वे उनके पिता के साथ संगीत सीखने आते थे । छह वर्ष की उम्र में के. एल. सहगल की फिल्म चण्डीदास को देखकर लता इतनी प्रभावित हुई कि उन्होंने भोलेपन में बिना कुछ जाने कहा कि मैं बडी होकर सहगल से शादी करूंगी । फ़िल्म में सुने गाने लता जी को क्रमशः याद रहते थे ।

उन्होंने प्रथम स्टेज प्रोग्राम शोलापुर में दिया था । अपने पिता के साथ



कई कार्यक्रमों में अलग-अलग शहरों में भाग लिया। चौदह वर्ष की अल्पआयु में ही किर्लोस्कर संगीत मंडल जॉइन कर लिया था ।

लता की बहिन मीना, आशा, उषा और भाई हृदयनाथ भी पिता के साथ रहते थे । इन्हें अपने बचपन की स्मृतियाँ अभी तक याद हैं।

वे अपनी दादी और नानी के साथ एक छोटे-से घर में रहती थीं । नानी माँ का एक छोटा-सा पूजाघर था । सायं वे पूजा घर में एकत्र होते और वह हारमोनियम पर भक्ति गीत गातीं । उनकी नानी माँ कहानियाँ सुनाने में माहिर थीं । वे हिंदी और मराठी के मिश्रण में भजन भी गाती थीं तथा लोकगीत भी सुनाया करतीं । लता जी को भगवत् भक्ति के संस्कार बचपन से ही मिलने लगे थे । वह गीता का पाठ छोटी उम्र से ही करती थीं तथा उसके नवे अध्याय से उदृत श्लोक गायन आरंभ करने से पहले उच्चार करती थीं । यही कारण है कि वे निर्भीक होकर शांत भाव से गाती हैं । एक बार न्यूयार्क के ऑडिटोरियम में बम की अफ़वाह फैलने पर भी लता जी बिना विचलित हुए शांत भाव से गाती रही थीं ।

लता जी का यह संयम अपनी व्यक्तिगत ज़िंदगी में भी है । 13 वर्ष की उम्र में उनके पिता का देहांत हो गया । घर की आर्थिक हालत गंभीर थी । ऐसे में उन्होंने अपनी माँ से नौकरी करने की इजाज़त माँगी । इस तरह दीनानाथ के साथी श्रीपाद जोशी ने लता जी को पूरे समय के लिए बाल

©KTBS Not to be republished

कलाकार के रूप में फ़िल्मों में लगा दिया । मास्टर विनायक उनके पार्टनर थे । जीवन की यात्रा चल पड़ा । लता जी ने विभिन्न फ़िल्मों में गाने गाए आएगा आने वाला (महल) ‘आ-जा रे परदेशी (मधुमती) कहीं दीप जले, कहीं दिल (बीस साल बाद) नयना बरसे रिमझिम (वो कौन है) आदि फिल्मों में उनके अविस्मरणीय गीत थे । मलका-ए-तरन्नुम (नूरजहाँ) ने अपने साथ जुगलबंदी में स्वर-सम्राज्ञी को बहुत सराहा । सन् 1952 में कलकत्ता में ध्रुवपद गायक उस्ताद बड़े गुलाम अली खाँ ने भी लता जी के साथ लागी नहीं छुटे रामा चाहे जिया जाए (मुसाफ़िर), राजकपूर की सत्यम् शिवम् सुंदरम् में भी गाया । मुकेश तथा एस. डी. बर्मन ने भी लता जी के साथ गाने गाए ।

अपनी गायकी की शुरुआत उन्होंने उस दौर में की जब इस क्षेत्र में सबसे अच्छी गायिकाएँ मौजूद थीं । नूरजहाँ, शमशाद बेगम, अमीरबाई कर्नाटकी और ज़ौहराबाई अंबालेवाली का बड़ा नाम था । एसी गायिकाओं के बीच गाना और गाते हुए अपना स्थान बनाकर शीर्ष पर पहुँचना सिर्फ तभी संभव हो सकता है, जब ऊपरवाले से मिली आवाज़ को आप अपनी मेहनत से निखारें । लता जी शुरु से ही मेहनती और काम को लगन से करने वाली गायिका हैं । नौशाद का कहना है कि मैं इस मायने में खुद को थोड़ा ज्यादा खुशनसीब मानता हूँ कि लता ने मेरे साथ अपने फिल्म कैरियर की शुरुआत की । लताबाई से जब मैं मिला, तब वह केदार प्रोडक्शंस की किसी मराठी फिल्म में कोरस गीत गाने के लिए स्टूडियो आती थी । तभी हमारे ऑफिस में काम करने वाले जयराम ने मुझे बताया कि एक मराठी लड़की है, जो बहुत अच्छा गाती है । वह चाहता था, मैं उसका गाना एक बार ज़रूर सुनुँ । मैं तैयार हो गया और एक दिन जयराम उसे लेकर हमारे संगीत-कक्ष में आया । लता से यह मेरी पहली मुलाकात थी । मैंने कुछ सुनाने को कहा, तो नूरजहाँ का एक गाना मेरे लिए जहाँ में न चैन है, ना क़रार है, सुनाया । मैंने कहा, ठीक है, लेकिन तुम्हें अपना उच्चारण ठीक करना होगा । मुझे अब भी याद

©KTBS Not to be republished

है, तब वह ट्राम से पार्ले आती थी, बरसात में हाथ में छाता लिए हुए भीगती-सी। उन्हीं दिनों मैं दुर्रानी साहब की फिल्म का संगीत तैयार कर रहा था । मैंने लता से एक गाना गवाया और बदले में 60 रुपए मेहनताना भी दिया । अब तक याद है कि 60 रुपए हाथ में लेते हुए उनके हाथ काँप रहे थे ।

अमिताभ बच्चन के शब्दों में, लता जी को सुनकर मुझे ऐसा अनुभव हुआ कि उनका स्वर पूर्णतया आँतरिक अनुभूति से पूर्ण है और वह हमारी आत्मा को परम सत्ता की ओर ऊँचा उठा देता है । वहीं उस्ताद अमजद अली खाँ का मानना है कि अगर ताजमहल सातवाँ आश्चर्य है, तो लता मंगेशकर की आवाज़ आठवाँ । पंडित भीमसेन जोशी के अनुसार, यदि आम जन भी शास्त्रीय संगीत पसंद करने लगता है, इसका श्रेय लता को है! ऋषिकेश मुखर्जी का मानना है कि जीवन में यदि एक दो बार आनंदानुभूति होती है, तो वह लता के संगीत को सुनकर होती है ।

लता जी बड़े आस्तिक स्वभाव की हैं और अपनी ऊँचाइयों पर पहुँचने का श्रेय अपने प्रभु शिव आदि शक्तियों को देती हैं । वे जब भी गाना गाती हैं, अपने जूते उतार कर ही गाती हैं । इसके अलावा वह सिर्फ सफ़ेद साडी ही पहन कर गाती हैं । उन्होंने अनेक फिल्मों में गाया और अनगिनत फिल्मी गीत दिए । लक्ष्मीकांत प्यारेलाल, राहुलदेव बर्मन, कल्याण जी आनंद जी, नौशाद आदि संगीत निर्देशकों के साथ अविस्मरणीय गीत गाए ।

लता जी को अपने संगीत में उपलब्धि के कारण देश-विदेश से अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए। सन् 1989 में दादा साहब फालके पुरस्कार उनके जीवन भर के संगीत के योगदान पर मिला । इससे पूर्व 1962 में फ़िल्म फ़ेयर एवार्ड विजय लक्ष्मी पंडित द्वारा प्रदान किया गया था । उन्हें छत्रपति शिवाजी यूनिवर्सिटी, कोल्हापुर तथा हैदराबाद यूनिवर्सिटी से डी. लिट् की उपाधियाँ भी मिल चुकी हैं। शंकराचार्य स्वर भारती पुरस्कार से नवाज़ा था । हमारे राष्ट्रपति आर. के.

©KTBS Not to be republished

नारायण द्वारा मार्च 2001 में भारत के सर्वोच्च अलंकरण भारत रत्न से विभूषित किया गया । वे राज्यसभा में मनोनीत सदस्य रहीं ।

लता जी को क्रिकेट पसंद है । वे सचिन तेंदुलकर को काफी पसंद करती हैं। अपने खाली समय में उन्हें क्रिकेट देखना खूब भाता है । उन्हें खाना पकाना भी बेहद पसंद है । उनकी आवाज़ में कोई खराबी न आए, इसके लिए एक ख़ास तरह का विदेशी च्यूइंगम चबाती हैं । लता जी ने शादी नहीं की, जिसका उन्हें कोई अफ़सोस नहीं है । यश चोपड़ा की फ़िल्म वीर जारा के गीतों को भी, वे स्वरबद्ध कर चुकी हैं । इस फ़िल्म में शाहरूखान, प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में हैं । अब तक लता जी हजारों गाने गा चुकी हैं और आने वाली पीढ़ी को भी अपनी मधुर आवाज़ से परिचित कराने के लिए आज भी गा रही हैं । जिस प्रकार विद्या का नाम लेते ही माँ सरस्वती का स्मरण हो आता है, उसी प्रकार संगित की दुनिया में लता जी को याद किया जाता है । लता जी एक ऐसी महिला हैं, जिन्होंने अपनी सादगी, लगन और परिश्रम के दम पर विश्व पटल पर भारतीय संगीत से आम जन-मानस की पहचान करवाई ।

ए! मेरे वतन के लोगों, ज़रा आँख में भर लो पानी ।



जो शहीद हुए हैं उनकी,

ज़रा याद करो कुर्बानी ।

27 नवंबर सन् 1962 ई. को भारत-चीन युद्ध में शहीद सैनिकों के स्मरण में जब लता मंगेशकर ने यह गीत गाया था तो हर भारतवासी का हृदय भर आया था ।

*****

©KTBS Not to be republished

## लेखिका परिचय :

संगीता अग्रवाल आधुनिक युग की एक सशक्त लेखिका हैं । आपकी रचनाएँ बहु आयामी हैं । आपका जन्म 19 अगस्त, सन् 1977 ई. को एक राजनीतिक और व्यापारिक परिवार में हुआ । आपने पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में एम.ए. तथा पत्रकारिता और कंप्यूटर में पी.जी. डिप्लोमा किया । आपकी रचनाएँ हिंदुस्तान, आउटलुक, नवभारत टाइम्स आदि पत्र-पत्रिकाओं में छपती रही हैं । संगीता जी इस समय डी.डी. न्यूज में सेवारत हैं और स्क्रिप्ट राइटिंग का कार्य कर रही हैं ।

## शब्दार्थ :

अक्स-प्रतिबिंब, रू-ब-रू - आमने-सामने या प्रत्यक्ष, रियाज़ - अभ्यास, माहिर - निपुण, इजाज़त - अनुमति, निर्भीक - निड़र, सराहा - तारीफ, शीर्ष - सबसे ऊँचा या ऊपर, निखारना - सँवारना, मेहनताना - कार्य करने के बाद मिलने वाला धन, परिश्रमिक, श्रेय - गौरव, अविस्मरणीय - जिसे कभी भुलाया न जा सके, भाता - अच्छा लगता, मनोनीत - चुना हुआ, मुकाम - स्थान, हासिल - प्राप्त, स्वर बद्ध - अपनी आवाज में गाना, योगदान - सहयोग ।

## अभ्यास

### मौखिक प्रश्न:

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

१. संगीत शब्द का उच्चारण करते ही सबसे पहले किस व्यक्ति का चेहरा सामने आ जाता है ?

२. लता मंगेशकरजी का जन्म किनके यहाँ हुआ था ?

३. लता जी ने सबसे पहले स्टेज प्रोग्राम किस स्थान पर दिया था ?

©KTBS Not to be republished

४. लता जी को भगवत् भक्ति के संस्कार कब से मिलने लगे थे ?

५. लता जी का सबसे पसंदीदा क्रिकेटर कौन है ?

**लिखित प्रश्न :**

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्य में लिखिए :**

१. लता जी का जन्म कब हुआ था ?

२. छः वर्ष की उम्र में किसकी व कौन सी फिल्म से लता जी प्रभावित हुई थी ?

३. लता जी के भाई-बहनों की जानकारी दीजिए ।

४. जुगलबंदी के समय स्वर साम्राज्ञी लता जी की सराहना किसने की थी?

५. लता जी को सबसे पहले कितने रुपयों का मेहनताना मिला था ?

६. लता जी, अपनी आवाज खराब न हो इसके लिए क्या चबाती है?

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**

१. न्यूयार्क के ऑडिटोरियम में कौन सी घटना घटी ?

२. प्राचीन गायिकाओं के नाम लिखिए ।

३. लता जी के बारे में नौशाद का क्या कहना था ?

४. उस्ताद अमजद अली खाँ ने लता जी के बारे में क्या कहा था ?

©KTBS Not to be republished

## IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्य में लिखिए :

१. लता जी का बचपन किस तरह बीता ?

२. गाना गाते समय लता जी का आचरण किस तरह का होता था ?

३. अमिताभ बच्चन जी, ऋषिकेश मुखर्जी तथा भीमसेन जोशी जी ने लता जी के लिये क्या कहा ?

४. लता जी को अपने संगीत के योगदान पर कौन-कौन से पुरस्कार व उपाधियाँ मिली हैं ?

## V. निम्नलिखित रिक्त स्थान में उचित शब्द भरिए :

१. घर के बरामदे में एक दिन दीनानाथ ...........बजा रहे थे ।

२. लता जी ने...........की अल्पआयु में किर्लोस्कर संगीत मण्डल जॉइन कर लिया था ।

३. १३ वर्ष की उम्र में लता जी के पिता का..........हो गया था ।

४. एक दिन जयराम लता जी को लेकर...........में आया ।

५. लता जी को खाली समय में...........देखना खूब भाता है ।

## VI. निम्नलिखित गाने व फिल्म के नाम की सही जोड़े बनाइए:

| गाना | फिल्म का नाम |
|---|---|
| १. आएगा आने वाला | १) मुसाफिर |
| २. नयना बरसे रिमझिम | २) महल |
| ३. कहीं दीप जले कहीं दिल | ३) मधुमति |
| ४. आ-जा रे परदेशी | ४) बीस साल बाद |
| ५. लगी नहीं छुटे रामा चाहे जिया जाए | ५) वो कौन है |

©KTBS Not to be republished

**VII. पाठ के आधार पर लता मंगेशकर जी के जीवन की घटनाओं को क्रमानुसार जोड़िए :**

१. चौदह वर्ष की अल्पायु में ही किर्लोस्कार संगीत मंडल जॉइन कर लिया।

२. सन् १९८९ में दादा साहब फालके पुरस्कार मिला ।

३. सन् २००१ में भारत रत्न से विभूषित किया गया ।

४. तेरह वर्ष की उम्र में पिता का देहांत हो गया ।

५. सन् १९६२ में फिल्म फेयर एवर्ड विजय लक्ष्मी पंडित द्‌वारा दिया गया ।

६. २८ सितंबर सन् १९२९ को जन्म हुआ ।

## भाषा अध्ययन

**१) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :**

संभव, शीर्ष, आंतरिक, सादगी, स्मरण, खुशकिस्मती

**२) निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानिए :**

गायिका, मेहनत, ऑफिस, भीगती, शक्ति, स्वभाव

**ध्यान दीजिए :**

**I.** 1. कर्मधारय समास - जिस समास में एक पद विशेषण या उपमा तथा दूसरा पद विशेष्य या उपमेय हो उसे कर्मधारय समास कहते हैं ।

२. द्विगु समास : जिस समास में पूर्व पद संख्या वाचक विशेषण हो वहाँ द्विगु समास होता है।

©KTBS Not to be republished

**II. निम्नलिखित पदों का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए :**

१) चन्द्रमुख २) नवरत्न ३) त्रिफला ४) मृग-लोचन,
५) भारतरत्न ६) तिरंगा ७) नील कमल ८) पीताम्बर
९) सप्ताह १०) प्रधानाध्यापक

## योग्यता विस्तार

- लता जी के गाए गीत ए मेरे वतन के लोगों गीत को सीखिए और कक्षा में सुनाइए ।
- लता मंगेशकर के साथ-साथ भारत के अन्य प्रसिद्ध गायक-गायिकाओं के चित्र एकत्रित कीजिए ।

*****

©KTBS Not to be republished

# पाठ - १०

## मातृ भाषा के प्रति

**- भारतेंदु हरिश्चंद्र**

**आशय : अपने विचारों को दूसरों तक पहुँचाने के लिए कोई भी भाषा एक साधन बन जाती है। आदमी चाहे कितनी भी भाषाएँ सीख लें, अपनी मातृभाषा के प्रति उसकी लगन होनी चाहिए । मातृभाषा की उन्नति के बिना आदमी की प्रगति कभी नहीं हो पाएगी ।**

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।
बिन निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल।।

अंग्रेजी पढ़ि के जदपि, सब गुन होत प्रवीन।
पै निज भाषाज्ञान बिन, रहत हींन के हीन।।

उन्नति पूरी है तबहिं, जब घर उन्नति होय।
निज शरीर उन्नति किये, रहत मूढ़ सब कोय।।

निज भाषा उन्नति बिना, कबहुँ न ह्यौहैं सोय।
लाख उपाय अनेक यों भले करो किन कोय।।

इक भाषा इक जीव इक मति सब घर के लोग।
तबै बनत है सबन सों, मिटत मूढ़ता सोग।।

और एक अति लाभ यह, या में प्रगट लखात।
निज भाषा में कीजिए, जो विद्या की बात।।

©KTBS Not to be republished



तेहि सुनि पावै लाभ सब, बात सुनै जो कोय।
यह गुन भाषा और मंह, कबहुँ नाहीं होय।।

विविध कला शिक्षा अमित, ज्ञान अनेक प्रकार।
सब देसने से लै करहू, भाषा माहि प्रचार।।

भारत में सब भिन्न अति, नाहीं सों उत्पात।
विविध देस मतह् विविध, भाषा विविध लखाता।

सब मिल तासों छाँड़ि कै, दूजे और उपाय।
उन्नति भाषा की करहू, अहो भ्रातगन आय।।

**कवि परिचय :**

कवि भारतेंदु हरिश्चन्द जी का जन्म 9 सितंबर, सन् 1850 को वाराणसी में हुआ। आप अधुनिक हिंदी, संस्कृत, अंग्रेज़ी, मराठी, गुजराती, मारवाडी, पंजाबी, उर्दू आदि भाषाओं का ज्ञान प्राप्त किया। आप प्रगतिशील विचारों के व्यक्ति थे । निज भाषा उन्नति की दृष्टि से आपने सन् 1868 में 'कविवा-चनसुधा' नामक पत्रिका निकाली, सन् 1873 में 'हरिश्चंद्र मैगज़ीन' और फिर

©KTBS Not to be republished

'बाल - बोधिनी' नामक पत्रिका। आपकी लोकप्रियता से प्रभावित होकर काशी के विद्वानों ने सन् 1880 में उन्हें 'भारतेंदु' की उपाधि प्रदान की थी, जो आपके नाम का पर्याय बन गया।

हिंदी साहित्य को भारतेंदु की देन भाषा तथा साहित्य दोनों ही क्षेत्र में है। भाषा के क्षेत्र में आपने खड़ीबोली के उस रूप को प्रतिष्ठित किया, जो कि उर्दू से भिन्न है और हिंदी क्षेत्र की बोलियों का रस लेकर संवर्धित हुआ है।

प्रमुख रचनाएँ - नाटक - वैदिकी हिंसा न भवति, भारत दुर्दशा, सत्य हरिश्चंद्र, अंधेर नगरी आदि; काव्य कृतियाँ - भक्तसर्वस्व, होली, वर्षा-विनोद, कृष्णचरित्र आदि।

6 जनवरी, सन् 1885 को चौंतीस साल की अल्पायु में आपका देहांत हुआ।

**शब्दार्थ :**

निज - अपना, अहै - है, को-का, हिय-हृदय, सूल-शूल, पीड़ा; जदपि - यद्यपि, यदि ऐसा है ; प्रवीन - निपुण, कुशल; यै - पर, हीन - नीच, अल्प; कोय - कोई, ह्यो - हृदय, सोय - सो, समान; यों - इस प्रकार, इक - एक, सबन - सुंदर बगीचा, सोग - शोक, दुःख; या मँ - इसमें; लखात - समझता है, ताड़ता है; तोहि - उसको, गुन - गुण, और भाषा, मंह - में, देसन - देश, लै - ले लो, माहि - में ही, ताहींसों - वास्ते, के कारण; उत्पात - उपद्रव, मत - धर्म, छाँड़ि कै - छोड़कर, दूजा - दूसरा, भ्रातृ, सहोदर; आय - प्राप्ति.

©KTBS Not to be republished

# अभ्यास

## मौखिक प्रश्न :

### I. निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए :

१. 'मातृभाषा के प्रति' कविता के कवि कौन हैं?
२. सब उन्नति का मूल क्या है?
३. निज भाषा में विद्या की बात करने का एक अति लाभ क्या है?
४. भारत देश में उत्पात किस कारण से है?

## लिखित प्रश्न :

### II. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

१. हृदय की पीड़ा कब तक नहीं मिटती है?
२. अंग्रेजी पढ़कर यद्यपि सब क्या हो सकते है?
३. अंग्रेजी जानकर भी मातृभाषा के ज्ञान के बिना लोग कैसे रहते हैं?
४. किसकी उन्नति किये बिना लोग हृदय के समान (प्रिय) नहीं बन सकते?
५. दूसरे और उपायों को छोड़कर, सबको मिलकर क्या करना चाहिए?
६. अपनी मातृभाषा की उन्नति की प्राप्ति क्या है?

### III. तीन - चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :

१. पूरी उन्नति कब होती है? सब कोई कब तक मूढ़ रहते हैं?
२. मूर्ख़ता का शोक मिटाकर घर को सुंदर बगीचे के समान बनाने के लिए क्या करना चाहिए?
३. अन्य भाषाओं में अपनी मातृभाषा का कौनसा गुण कभी नहीं होता?

©KTBS Not to be republished

४. किसका प्रचार हमें अपनी निजभाषा में ही करना चाहिए?

५. सब लोग एक दूसरे के सहोदर बनने की प्राप्ति कब होगी?

**IV. कविता का सार अपने शब्दो में लिखिए :**

## भाषा अध्ययन

**I. कविता में से पहचानकर तुकवाले शब्दों की सूची बनाइए ।**

**II. पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. निज | = ............... | २. प्रवीण | = ............... |
| ३. शरीर | = ............... | ४. मूढ़ | = ............... |
| ५. मति | = ............... | ६. विविध | = ............... |
| ७. अनेक | = ............... | ८. भ्रात | = ............... |

**III. निम्नलिखित शब्दों का आधुनिक रूप लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. अहै | = ............... | ५. ह्यौ | = ............... |
| ९. लै | = ............... | २. हिय | = ............... |
| ६. तबै | = ............... | १०. ताहीं सों | = ............... |
| ३. जदपि | = ............... | ७. सोग | = ............... |
| ११. वेस | = ............... | ४. पै | = ............... |
| ८. महं | = ............... | १२. करहु | = ............... |

**IV. भाषा के अनके प्रकार हैं मातृभाषा (निज भाषा), प्रांतीय भाषा, राष्ट्र भाषा, अंतर्राष्ट्रीय भाषा ।**

©KTBS Not to be republished

## V. लिखिए :

१. अपनी मातृभाषा = ...............

२. पाँच प्रांतीय भाषाएँ = ...............

३. राष्ट्र भाषा = ...............

४. अंतर्राष्ट्रीय भाषा = ...............

## योग्यता विस्तार :

- भारत देश की सभी प्रांतीय भाषाओं की जानकारी प्राप्त कीजिए ।
- मातृभाषा संबंधी अन्य कोई प्रसिद्ध कविता अपनी भाषा में पढ़िए तथा कक्षा में सुनाइए ।

*****

©KTBS Not to be republished

# पाठ-११

## क्रांतिवीर संगोल्ली रायण्णा

**- संकलित**

**आशय: भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़नेवाले अनगिनत देश भक्तों में संगोल्ली रायण्णा भी एक थे। इन्होंने कर्नाटक के संगोल्ली नामक छोटे से संस्थान में ठहरकर उज्ज्वल क्रांति की ऐसी चिनगारी जलायी थी, जिस के फलस्वरूप अंग्रेज़ साम्राज्य आंशिक रूप में ही सही तहस-नहस हो चुका था। देशानुराग का सात्विक भाव भरनेवाले क्रांतिकारी संगोल्ली रायण्णा, कर्नाटकवासियों के लिए ही नहीं, पूरे भारतवासियों के लिए भी वंदनीय हैं।**

स्वतंत्रता से पूर्व भारत में अनेक संस्थान थे और इन संपन्न संस्थानों पर अंग्रेज़ सरकार अपनी हुकूमत चलाने लगी थी। प्राय: अंग्रेज़ लोग राजाओं के बीच कलह निर्माण कर आपस में लड़वाकर उनको कमजोर बनाते थे; धीरे धीरे उन संस्थानों पर अपना कब्ज़ा जमाते थे। हाँ, अंग्रेज़ों के धोखे से एक वीर भी मारा गया था- एक क्रांतिवीर संगोल्ली रायण्णा। कित्तूर की स्वाधीनता को बनाए रखने के लिए व्यापारी मनोवृत्ति बाले अंग्रेज़ों के दाँत खट्टे कर सबक सिखाने का श्रेय रायण्णा को मिलना चाहिए।



©KTBS Not to be republished

कित्तूर से नौ मील दूरी पर संगोल्ली नामक छोटा सा गाँव स्थित है । इसी गाँव में गड़रिये परिवार में रायण्णा का जन्म सन् 15 अगस्त, सन् 1793 ई. को हुआ । इनके पिताजी का नाम भरमण्णा और माता का नाम चंचोबा था, जो सात्विक स्वभाववाले थे । इनके भाई का नाम सिद्दण्णा था । रायण्णा की जीवन संगिनी का नाम मल्लव्वा था । भाई सिद्दण्णा के संग रायण्णा भी कसरत के साथ-साथ शस्त्राभ्यास भी किया करते थे। वे अपने साथियों में अधिक सुन्दर और प्रभावशाली दिखाई देते थे । अपने परिश्रम के फलस्वरूप कित्तूर रानी चेन्नम्मा के राज्य में रायण्णा मुख्य सेनापति के पद पर आरूढ़ हुए । धीरे-धीरे रायण्णा से प्रभावित होकर इनके साथी बालण्णा और चेन्नबसप्पा ने भी अपने साहस और शौर्य का परिचय दिखाया । इनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर रानी चेन्नम्मा ने इन दोनों को अपना अंगरक्षक चुन लिया ।

साम्राज्याकांक्षी अंग्रेज धीरे-धीरे हिंदुस्तान के एक-एक राज्य को अपने कब्ज़े में करते जा रहे थे । उन दिनों, कित्तूर एक संपन्नशाली प्रांत बनकर प्रसिद्धि पा रहा था । राज्य धन-धान्य, सोना-चाँदी और मानिकों से समृद्ध था । अंग्रेजों की बुरी नज़र कित्तूर पर पड़ना स्वभाविक था । जब चेन्नम्मा को इसकी जानकारी मिली, उसने गाँव गाँव में ढिंढोरा पिटवाकर राज्य की सुरक्षा के लिए वीर युवकों को इकट्ठा किया । खुद रायण्णा भी अनेक उत्साही युवकों को साथ में ले आए । अंग्रेजों को जन्मभूमि से ही खदेड़ने के लिए स्वस्थ सेना की पूरी तैयारी की । ब्रिटिश अधिकारी थैकरे ने कित्तूर के खज़ाने को हथियाने के लिए सन् 21 अक्तूबर, सन् 1824 ई. को अपनी भारी सेना के साथ कित्तूर पर आक्रमण बोल दिया । इसके लिए पहले से ही तैयार रायण्णा ने अपने साथियों में शौर्य और उत्साह भरकर अंग्रेजो के छक्के छुडा दिए । अंग्रेजों के अनेक सैनिकों को मटियामेट कर, खून की नदियाँ बहा दीं ।

©KTBS Not to be republished

भयभीत ब्रिटिश कलेक्टर थैकरे ने अंत में अपनी सेना को वापसी का आदेश दिया, परंतु देरी हो चुकी थी । लड़ाई में रायण्णा और बालण्णा दोनों ने मिलकर थैकरे की गरदन उड़ा दी थी, फलस्वरूप अंग्रेजी सेना में खलबली मच गयी । रानी चेन्नम्मा को विजय मिली अंग्रेज़ों में क्षोभ और रोष की भावना और अधिक भड़क उठी । इससे बेचैन अंग्रेज़ आगे चलकर बंबई, सोलापूर, बेलगवि, बल्लारी, आदि स्थलों में भारी सेना इकट्ठा कर युद्ध की तैयारी में जुट गए ।

मगर इधर रानी चेन्नम्मा भी कहाँ चैन की साँस लेनेवाली थी ? उन्होंने भी गाँव गाँव जाकर युवकों में देशभक्ति की ज्वाला को प्रज्ज्वलित कर करीब दस हज़ार सिपाहियों की बलशाली सेना तैयार की । सन् 1824 दिसंबर में, फिर से घमासान युद्ध हुआ । इसमें अंग्रेजों की तोपों के सम्मुख कित्तूर खामोश हो गया। अंग्रेज़ों की जीत हुई । अंग्रेज़ चन्नम्मा को गिरफ्तार कर आज़ादी की ख्वाहिश को मिटाना चाहते थे । मगर देश के ईमानदार स्वतंत्रता प्रेमियों की इच्छा प्रबल हुई । इस युद्ध में वीर रायण्णा और गुरुसिद्दप्पा ने रानी की रक्षा करने की ठान ली थी । वे रानी और उसके राजपरिवार को लेकर संगोल्ली गाँव निकल पड़ा मगर कुछ एक देशद्रोहियों की कुचाल से अंग्रेज सैनिकों ने चेन्नम्मा और राजपरिवार को बंदी बनाकर बैलहोंगल के कारागार में डाल दिया ।

थोडे ही दिनों में अंग्रेज सरकार ने कुछ युद्ध कैदियों को कारागार से रिहा कर दिया । छूटनेवालों में रायण्णा भी थे । रिहाई पाते ही रायण्णा ने दृढ संकल्प कर लिया कि किसी भी हालत में विदेशियों के चंगुल से कित्तूर को छुड़वाकर चेन्नम्मा को फिर से रानी बनायेंगे । अपनी योजना साकार करने, रायण्णा अब धैर्य और विवेचन के साथ कदम बढ़ाने लगे । अपने ही गाँव के लोग जो परिस्थितिवश लुटेरे बन चुके थे, उनको भी अपने साथ मिलाकर बड़ी आक्रामक योजना बनायी। इस योजना की रूप-रेखा के लिए उन्होंने आफ्रिका

©KTBS Not to be republished

के गजवीर नामक व्यक्ति की मदद ली । इससे अंग्रेजों को नाकों चने चबाने पड़े। इस घटना के बाद अंग्रेज रायण्णा से इतने हैरान और सहम गए कि, उन्होंने ऐलान किया कि, जो रायण्णा को पकड़ लाएगा उसे बहुत बड़ा इनाम दिया जाएगा ।




रायण्णा को फँसाने के लिए अंग्रेजों के पक्ष में काम करनेवाले अमलदार कृष्णराय ने षड्यंत्र रचा । उन्होंने खुदानपुर के लिंगनगौडा और नेगिनाल गाँव के कण्णगौडा और उनके सेवक लक्कण्णा को रायण्णा का विश्वास पाने के लिहाज से भेज दिया । रायण्णा के साथ उन लोगों ने युद्ध में सहायता करने का झूठा विश्वास दिखाया और पंद्रह दिनों में रायण्णा के गुप्तवास का पता भी जान लिया।

एक दिन रायण्णा लक्कण्णा के साथ स्नान करने गए थे । रायण्णा सदा अपने पास कटार रखते थे । मगर उस दिन उन्होंने स्नान करने के बाद कपड़े बदलते वक्त कमर में टंगी अपनी कटार को लक्कण्णा के हाथ में सौंप दिया । इतने में लिंगनगौडा और वेंकण्णगौडा जो सरकारी पोशाक में थे, रायण्णा को दबोचने आ कूदे । रायण्णा कटार के बिना असहाय थे, इसलिए अंग्रेजों ने आसानी से रायण्णा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।

©KTBS Not to be republished

सन् 1830 ई. में सेना न्यायालय में रायण्णा को फाँसी की सजा सुनाई गई। लेकिन न्यायप्रिय अंग्रेज अफसर रायण्णा के निजी शौर्य और जनोपयोगी कार्य को मद्देनजर रखते हुए उनको कड़ी फाँसी की सजा देना नहीं चाहते थे । लेकिन अंग्रेजों के वफ़ादार लिंगनगौडा और वेंकण्णगौडा की जिद के कारण रायण्णा को देश-द्रोही करार दिया गया । अंत में रायण्णा को 26 जनवरी, सन् 1831 ई. में बेलगाम जिले के खानापुर तहसील के अंतर्गत नंदगड गाँव में फाँसी दी गई । आज भी वहाँ बरगद का पेड है, जिस पर शहीद रायण्णा को लटकाया गया था ।



जब रायण्णा को फाँसी पर लटकाया जा रहा था, तब उन्होंने अपनी अंतिम इच्छा जताई कि मैं पुनः इसी देश में जन्म लूँगा और अंग्रेजों को अपनी मातृभूमि से भगा दूँगा ।

Not to be Republished

रायण्णा की मृत्यु के बाद उनकी अस्थियों को नंदगड गाँव में ही दफ़नाया गया। उनके कुछ करीबी रिश्तेदार तथा मित्रों ने रायण्णा की समाधि बनाकर उसी के पास उनकी याद में अशोक स्तंभ स्थापित किया और एक बरगद का पेड भी लगाया । आज भी अनेक पर्यटक इस क्रांतिवीर की समाधि देखने नंदगड आते हैं। निर्माता आनंद अप्पुगोल ने दर्शन, जयप्रदा, निकिता तूरकाल आदि कलाकारों के साथ क्रांतिवीर संगोली रायण्णा नामक एतिहासिक कन्नड फिल्म भी बनाई है, जिस से रायण्णा का उज्ज्वल चरित्र भारतीय जनमानस में सदा के लिए अंकित हो जाएगा ।

**शब्दार्थ :**

हुकूमत - शासन, कलह - झगड़ा, कमज़ोर - दुर्बल, कब्जा - अधिकार, पकड़; सबक - सीख, माणिक - एक प्रकार का रत्न, खदेड़ना - भगा देना, हटा देना; क्षोभ - आंदोलन, कुचाल - बुरी हरकत, रिहा करना - मुक्त करना, चंगुल - पकड़, काबू; हैरान - चकित, परेशान; सहम - डर, ऐलान - घोषणा, लिहाज - विचार, ध्यान; कटार - तलवार, दबोचना - जब्त करना, मद्देनज़र - दृष्टिगत, तहसील - उपाजिला, अस्थि - हड्डी ।

**मुहावरे :**

दाँत खट्टे करना - परास्त करना, छक्के छुड़ाना - हौसला तोड़ देना, मटियामेट करना - नष्ट करना, बरबाद करना; खलबली मचना - हलचल होना, भड़क उठना - क्रोधित होना, उत्तेजित होना; ठान लेना - निश्चल करना, कदम बढ़ाना - आगे बढ़ना, नाकों चने चबवाना - बहुत तंग करना

******

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**मौखिक प्रश्न :**

**I. निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए :**

१. रायण्णा का जन्म कब हुआ ?

२. रायण्णा के माता-पिता का नाम क्या था ?

३. रायण्णा को फँसाने लिए किसने षड्यंत्र रचा ?

४. सेना न्यायालय ने रायण्णा को फाँसी की सजा कब सुनाई?

**लिखित प्रश्न :**

**II. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१. रायण्णा का जन्म किस परिवार में हुआ ?

२. रायण्णा के पिताजी का नाम क्या था ?

३. लड़ाई में रायण्णा और बालण्णा दोनों ने मिलकर किसकी गरदन उड़ा दी थी ?

४. रायण्णा सदा अपने पास क्या रखते थे ?

५. रायण्णा की मृत्यु के बाद उनकी अस्थियों को कहाँ दफ़नाया गया था ?

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए :**

१. संगोल्ली रायण्णा के परिवार का परिचय दीजिए ।

२. संगोल्ली रायण्णा ने अंग्रेजों के विरुद्ध कैसी क्रांति की ?

३. संगोल्ली रायण्णा को अंग्रेजों ने कैसे गिरतार किया ?

Not to be republished ©KTBS

४. संगोल्ली रायण्णा का अंत कैसे हुआ और उसकी अंतिम इच्छा क्या थी?

५. रायण्णा की मृत्यु के बाद उसके आत्मीयों ने क्या किया ?

६. संगोल्ली रायण्णा को किस रूप में आज भी याद किया जाता है?

## IV. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

१. कित्तूर से..........मील दूरी पर स्थित संगोल्ली नामक छोटा सा गाँव स्यित है।

२. अंग्रेज़ों के अनेक सैनिकों को..........कर, खून कि नदियाँ बहा दी ।

३. सन् १८२४ दिसंबर में फिर से............ हुआ ।

४. अंग्रेजों ने आसानी से रायण्णा को ....... कर जेल भेज दिया ।

## V. अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

१. ढिंढोरा पिटवाना   २. छक्के छुड़वाना

३. खलबली मचना   ४. ठान लेना

५. नाकों चने चबाना

©KTBS Not to be republished

# भाषा अध्ययन

## I. विलोम शब्दों के सही जोड़े बनाइए :

उदा : छोटा × बड़ा

| अ | | ब |
|---|---|---|
| १. जन्म | × | कम |
| २. अपना | × | अनेक |
| ३. झूठ | × | मृत्यु |
| ४. एक | × | सच |
| ५. अधिक | × | पराया |

## II. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :

१) अंग  २) सोना  ३) लड़ाई  ४) करीब

## योग्यता विस्तार

- रायण्णा जैसे वीर लोगों का परिचय लिखकर कक्षा में चर्चा कीजिए ।
- वीर सेनानियों के चित्र इकट्ठा करके कक्षा में लगाइए ।

*****

©KTBS Not to be republished

# परियोजना

**: आओ जानें, अपने कर्नाटक को :**


**चित्रों को पहचानिए और उनके बारे में चार-पाँच वाक्य में लिखिए।**




1) ______________________




2) ______________________



3) ______________________



4) ______________________



5) ______________________

©KTBS Not to be republished




6) ______________________



7) ______________________







6) ______________________ 7) ______________________ 8) ______________________

© KTBS Not to be republished

# पाठ -१२

## वाङ्चू -

**- भीष्म साहनी**

**आशय : दुनिया में भिन्न स्वभाव के लोग होते हैं । कुछ मिलनसार होते हैं तो कुछ अपने आप में सिमटे रहते हैं। ऐसे ही भोला और अपने में सिमटे एक व्यक्ति वाङ्चू की कहानी यहाँ पर है।**

तभी दूर से वाङ्चू आता दिखाई दिया ।



नदि के किनारे, लालमंडी की सड़क पर धीरे-धीरे डोलता - सा चला आ रहा था । धूसर रंग का चोगा पहने था और दूर से लगता था कि बौद्ध भिक्षुओं की भाँति उसका सिर घुटा हुआ है। पीछे शंकराचार्य की ऊँची पहाड़ी थी और ऊपर स्वच्छ नीला आकाश। सड़क के दोनों ओर ऊँचे-ऊँचे सफेदे के पेड़ों की कतारें। क्षण - भर के लिए मुझे लगा, जैसे वाङ्चू इतिहास के पन्नों पर से उतर कर आ गया है। प्राचीन काल में इसी भाँति देश-विदेश से आने वाले चीवरधारी भिक्षु पहाड़ों और घाटियों को लाँघकर भारत में आया करते

©KTBS Not to be republished

होंगे। अतीत के ऐसे ही रोमांचकारी धुँधलके में मुझे वाङ्चू भी चलता हुआ नज़र आया। जब से वह श्रीनगर में आया था, बौद्ध विहारों के खंडहरों और संग्रहालयों में घूम रहा था। इस समय भी वह लालमंडी के संग्रहालय में से निकलकर आ रहा था, जहाँ बौद्धकाल के अनेक अवशेष रखे हैं। उसकी मनः स्थिति को देखते हुए मुझे लगा वह सचमुच ही वर्तमान से कटकर अतीत के ही किसी कालखंड में विचर रहा था। ''बोधिसत्त्वों से भेंट हो गई?''पास आने पर मैंने चुटकी ली।

वह मुस्करा दिया, हल्की टेढ़ी - सी मुस्कान, जिसे मेरी मौसेरी बहन डेढ़ दाँत की मुस्कान कहा करती थी, क्योंकि मुस्कराते वक्त वाङ्चू का ऊपर का होंठ केवल एक ओर से थोड़ा-सा ऊपर उठता था।

"संग्रहालय के बाहर बहुत-सी मूर्तियाँ रखी हैं। मैं वही देखता रहा उसने धीमे से कहा, फिर वह सहसा भावुक होकर बोला, एक मूर्ति के केवल पैर ही पैर बचे हैं....''

मैंने सोचा, आगे कुछ कहेगा, परंतु वह इतना भावविह्वल हो उठा था कि उसका गला रूँध गया और उसके लिए बोलना असंभव हो गया।

हम एक साथ घर की ओर लौटने लगे।

"महाप्राण के भी पैर ही पहले दिखाए जाते हैं।'' उसने काँपती-सी आवाज़ में कहा और अपना हाथ मेरी कोहनी पर रख दिया। उसके हाथ का हल्का-सा कंपन धड़कते दिल की तरह महसूस हो रहा था।

आरंभ में महाप्राण की मूर्तियाँ नहीं बनाई जाती थीं ना! तुम तो जानते हो, पहले स्तूप के नीचे केवल पैर ही दिखाए जाते थे। मूर्तियाँ तो बाद में बनाई जाने लगी थीं।''

©KTBS Not to be republished

जाहिर है, बोधिसत्त्व के पैर देखकर उसे महाप्राण के पैर याद आए थे और वह भावुक हो उठा था। कुछ पता नहीं चलता था, कौन-सी बात किस बक्त वाङ्चू को पुलकाने लगे, किस बक्त वह गद्गद होने लगे।

"तुमने बहुत देर कर दी। सभी लोग तुम्हारा इंतजार कर रहे हैं। मैं चिनारों के नीचे भी तुम्हें खोज आया हूँ।" मैंने कहा।

"मैं संग्रहालय में था..."


"वह तो ठीक है, पर दो बजे तक हमें हब्बाकदल पहूँच जाना चाहिए, वरना जाने का कोई लाभ नहीं।"

उसने छोटे-छोटे झटकों के साथ तीन बार सिर हिलाया और कदम बढ़ा दिए।

वाङ्चू भारत में मतवाला घूम रहा था। वह महाप्राण के जन्म स्थान लुंबिनी की यात्रा नंगे पाँव कर चुका था, सारा रास्ता हाथ जोड़े हुए। जिस - जिस दिशा में महाप्राण के चरण उठे थे, वाङ्चू मंत्रमुगध-सा उसी-उसी दिशा में घूम आया था और दो मृगशावक मंत्रमुग्ध-से झाड़ियों में से निकलकर उनकी ओर देखते रह गए थे, वाङ्चू एक पीपल के पेड़ के नीचे घंटों नतमस्तक बैठा रहा था, यहाँ तक कि उसके कथनानुसार उसके मस्तक में अस्फुट-से वाक्य गूँजने लगे थे और उसे लगा था, जैसे महाप्राण का पहला प्रवचन सुन रहा है। वह इस भक्तिपूर्ण कल्पना में इतना गहरा डूब गया था कि सारनाथ में ही रहने लगा था। गंगा की धार को दसियों शताब्दियों के धुँधलके में पावन जलप्रवाह के रूप में देखता। जब श्रीनगर में आया था, बर्फ से ढके पहाड़ों की चोटियों की ओर देखते हुए अक्सर मुझसे कहता - वह रास्ता ल्हासा को जाता है ना, उसी रास्ते बौद्ध ग्रंथ तिब्बत में भेजे गए थे। वह उस पर्वतमाला को भी पुण्य-पावन मानता था, क्योंकि उस पर बिछी पगडंडियों के रास्ते बौद्ध भिक्षु तिब्बत की ओर गए थे।

©KTBS Not to be republished

वाङ्चू कुछ वर्षों पहले वृद्ध प्रोफसर तान-शान के साथ भारत आया था। कुछ दिनों तक तो वह उन्हींके साथ रहा और हिंदी और अंग्रेज़ी भाषाओं का अध्ययन करता रहा, फिर प्रोफेसर शान चीन लौट आए और वह यहीं बना रहा और किसी बौद्ध सोसाइटी से अनुदान प्राप्त कर सारनाथ में आकर बैठ गया। भावुक, काव्यमयी प्रकृति का जीव, जो प्राचीनता के मनमोहक वातावरण में विचरते रहना चाहता था। वह यहाँ तथ्यों की खोज करने नहीं आया था। वह तो बोधिसत्त्वों की मूर्तियों को देखकर गद्गद होने आया था। महीने-भर से संग्रहालयों के चक्कर काट रहा था, लेकिन उसने कभी नहीं बताया कि बौद्ध धर्म की किस शिक्षा से उसे सबसे अधिक प्रेरणा मिलती है। न तो वह किसी तथ्य को पाकर उत्साह से खिल उठता, न उसे कोई संशय परेशान करता। वह भक्त अधिक और जिज्ञासु कम था।



मुझे याद नहीं कि उसने साथ कभी खुलकर बात की हो, या किसी विषय पर अपना मत पेश किया हो। उन दिनों मेरे और मेरे दोस्तों के बीच घंटों बहसें चला करतीं, कभी देश की राजनीति के बारे में, कभी धर्म के बारे में, लेकिन वाङ्चू इनमें कभी भाग नहीं लेता था। वह सारा वक्त धीमे-धीमे मुस्कराता रहता और कमरे के एक कोने में दुबककर बैठा रहता। उन दिनों देश में बलवलों का सैलाब-सा उठ रहा था। स्वतंत्रता आंदोलन जोरों पर था और हमारे बीच उसीकी चर्चा रहती-कांग्रेस कौन-सी नीति अपनाएगी, आंदोलन कौन-सा रूख

पकड़ेगा। क्रियात्मक स्तर पर तो हम लोग कुछ करते-कराते नहीं थे, लेकिन भावनात्मक स्तर पर उसके साथ बहुत कुछ जुड़े हुए थे। इस पर वाङ्चू की तटस्थता कभी हमें अखरते लगती, तो कभी अचंभे में डाल देती। वह हमारे देश की ही गतिविधि के बारे में नहीं, अपने देश की गतिविधि में भी कोई विशेष दिलचस्पी नहीं लेता था। उसके अपने देश के बारे में भी पूछो, तो मुस्कराता सिर हिलाता रहता था।

कुछ दिनों से श्रीनगर की हवा भी बदली हुई थी। कुछ मास पहले यहाँ गोली चली थी। कश्मीर के लोग महाराजा के खिलाफ उठ खड़े हुए थे और अब कुछ दिनों से शहर में उत्तेजना पाई जाती थी। नेहरू जी श्रीनगर आनेवाले थे और उनका स्वागत करने के लिए नगर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा था। आज ही दोपहर को नेहरू जी श्रीनगर पहुँच रहे हैं। नदी के रास्ते नावों के जुलूस की शक्ल में उन्हें लाने की योजना थी और इसी कारण मैं वाङ्चू को खोजता हुआ उस ओर आ निकला था।

हम घर की ओर बढ़े जा रहे थे, जब सहसा वाङ्चू ठिठककर खड़ा हो गया।

"क्या मेरा जाना बहुत जरूरी है? जैसा तुम कहो..."

मुझे धक्का-सा लगा। ऐसे समय में, जब लाखों लोग नेहरू जी के स्वागत के लिए इकट्ठे हो रहे थे, वाङ्चू का यह कहना कि अगर वह साथ में न जाए तो, कैसा रहे, मुझे सचमुच बुरा लगा। लेकिन फिर स्वयं ही कुछ सोचकर उसने अपने आग्रह को दोहराया नहीं और हम घर की ओर साथ-साथ जाने लगे।

कुछ देर बाद हब्बाकदल के पुल के निकट लाखों की भीड़ में हम लोग खड़े थे---मैं वाङ्चू तथा मेरे दो-तीन मित्र। चारों ओर, जहाँ तक नजर जाती, लोग ही लोग थे---मकानों की छतों, पुल पर, नदी के ढलवाँ किनारों पर। मैं

©KTBS Not to be republished

बार-बार कनखियों के चेहरे की ओर देख रहा था कि उसकी क्या प्रतिक्रिया हुई है, कि हमारे दिल में उठने वाले वलवलों का उस पर क्या असर हुआ है। यों भी यह मेरी आदत-सी बन गई है, जब भी कोई विदेशी साथ में हो, मैं उसके चेहरे को पढ़ने की कोशिश करता रहता हूँ कि हमारे रीति-रिवाजों, हमारे जीवनयापन के बारे में उसकी क्या प्रतिक्रिया होती है। वाङ्चू अधमुँदी आँखों से सामने का दृश्य देखे जा रहा था। जिस समय नेहरू जी की नाव सामने आई, तो जैसे मकानों की छतें भी हिला-हिलाकर लोगों का अभिवादन कर रहे थे। और हवा में फूल ही फूल बिखर गए। मैंने पलटकर वाङ्चू के चेहरे की ओर देखा। वह पहले ही की तरह निश्चेष्ट-सा सामने का दृश्य देखे जा रहा था।

**लेखक परिचय :**

सन् 1915, अगस्त 7 को रावलपिंडी में भीष्म साहनी जी का जन्म हुआ। एम.ए, पीएच.डी. तक इन्होंने शिक्षा पायी है। साहनी जी हिंदी, अं-ग्रेज़ी, संस्कृत, रूसी, पंजाबी आदि भाषाओं के ज्ञाता हैं। इन भाषाओं की आपकी अनेक रचनाएँ प्रकट हुई हैं। विशेषकर आम आदमी का जीवन आपकी रचनाओं में अंकित है। झरोखे, कड़ियाँ, तमस, बसंती आदि उपन्यास हैं। भीष्म साहनी जी ने जीवनियाँ भी लिखी हैं, यथा 'भाई बालराज', 'अपनी बात'। कबिरा खड़ा बाज़ार में, माधवी, मुआवजे आदि नाटक हैं। आप शिरोमणि पुरस्कार, साहित्य अकादमी पुरस्कार, सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार इत्यादि से शोभित हैं। हाल ही में इनकी रचना 'कबीरा खड़ा बाजार में' पर आधारित संतेयल्लि निंता कबीर नामक प्रसिद्ध कन्नड सिनेमा बनी है।

©KTBS Not to be republished

**शब्दार्थ :**

धूसररंग - धूल जैसारंग, चोगा - एक ढीला ढाला अंगरखा, घुटा हुआ -मुँड़ा हुआ, सफेद - एक प्रकार का ऊँचा वृक्ष, चीवर - साधु-संतों का पहनावा, भिक्षु - बौद्ध सन्यासी , चिन - एक सदा बहार वृक्ष, मतवाला - मदमस्त, दीवाना; मृगशावक - हिरन का बच्चा, अस्फुट - अस्पष्ट, अतिसूक्ष्म; प्रवचन - उपदेशपूर्ण व्याख्यान, तथ - वास्तविकता, सत्यता; जिज्ञासु - इच्छुक, आकांक्षी; दुबककर - छिपकर, वलवला - शोर, जोश, उमंग; सैलाब-बाढ़, रूख-नज़रिया, दृष्टिकोण; उत्तेजना - क्रोध, भड़काव; कनखी - तिरछी नज़र, कनखियों से देखना - दूसरों की नज़र बचाकर देखना, निश्चेष्ट - स्थिर, गतिहीन।

**टिप्पणी :**

**बोधिसत्व -** वह जो बुद्धत्व प्राप्त करने का अधिकारी हो परंतु बुद्ध न हो सका हो; महात्मा बुद्ध के पूर्व जन्मों का सूचक नाम।

**बुद्ध -** जो जगा हुआ हो, ज्ञानवान ।

**दसियों शताब्दी -** दसवीं शताब्दी या उसके लगभग

**ल्हासा -** एक जगह का नाम

©KTBS Not to be republished

# अभ्यास

## मौखिक प्रश्न :

**I. निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए :**

१. वाङ्चू किस सड़क पर चलता आ रहा था?
२. वाङ्चू का चोगा किस रंग का था?
३. पहले स्तूप के नीचे क्या दिखाए जाते थे?
४. बौद्ध ग्रंथ किस रास्ते से तिब्बत भेजे गए थे?
५. उसके अपने देश के बारे में पूछने पर वाङ्चू क्या करता था?

**II. लिखित प्रश्न :**

१. वाङ्चू का सिर किसकी भाँति घुटा हुआ था?
२. वाङ्चू कहाँ से निकलकर चला आ रहा था?
३. लेखक ने चुटकी लेते हुए वाङ्चू से क्या पूछा?
४. वाङ्चू के हाथ का कंपन लेखक को कैसे पहुँचना था?
५. दो बजे तक लेखक तथा वाङ्चू को कहाँ पहुँचना था?
६. गंगा की धार को वाङ्चू किसके रूप में देखता?

**III. तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१. दूर से आता वाङ्चू लेखक को कैसे दिखाई दे रहा था?
२. लेखक वाङ्चू की मुस्कान के बारे में क्या कहते हैं?
३. वाङ्चू ने संग्रहालय के बारे में क्या बताया? उसके लिए बोलना क्यों असंभव हो गया?
४. 'वाङ्चू भक्त अधिक और जिज्ञासू कम था'- कैसे?
५. वाङ्चू की राजनैतिक जानकारी के बारे में लिखिए?
६. कुछ दिनों से श्रीनगर की हवा क्यों बदली थी?
७. नेहरूजी कहाँ खड़े होकर लोगों का अभिवादन कर रहे थे? उस समय वाङ्चू की प्रतिक्रिया कैसी थी?

Not to be republished ©KTBS

## IV. रिक्त स्थान भरिए :

१. पीछे ____________ की ऊँची पहाड़ी थी।

२. वाङ्चू ____________ के खंडहरों और संग्रहालयों में घूम रहा था।

३. वाङ्चू ____________ हो उठा था कि उसका गला रूँध गया।

४. वाङ्चू अपने हाथ को लेखक की ____________ पर रख दिया।

५. आरंभ में महाप्राण की ____________ नहीं बनाई जाती थीं।

६. वाङ्चू कुछ वर्षों पहले प्रोफेसर ____________ के साथ भारत आया था।

# भाषा अध्ययन

## I. वाक्य में प्रयोग कीजिए :

१. रोमांचकारी २. अतीत ३. गद्‌गद होना ४. मंत्रमुग्ध

५. दिलचस्पी

## II. विलोम शब्द लिखिए :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| १. धीरे - धीरे | × | ५. हल्का | × | ९. देशी | × |
| २. ऊँची | × | ६. अक्सर | × | | |
| ३. प्राचीन काल | × | ७. अधिक | × | | |
| ४. सचमुच | × | ८. निकट | × | | |

## III. अन्य वचन रूप लिखिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. नदी - | ५. मूर्ति - | ९. कल्पना - | १३. चेहरा - |
| २. भिक्षु - | ६. पैर - | १०. चोटी - | १४. दृश्य - |
| ३. कतार - | ७. यात्रा - | ११. रास्ता - | १५. मकान - |
| ४. पन्ना - | ८. पेड़ - | १२. देश - | |

## योग्यता विस्तार :

- 'महाप्राण' शब्द 'गौतम बुद्‌ध' के लिए प्रयुक्त है। गौतम बुद्‌ध के सामाजिक संदेशों के बारे में जानिए तथा कक्षा में चर्चा कीजिए ।

*****


©KTBS Not to be republished

# पाठ-१३

## कन्यादान

- ॠतुराज

**आशय : हमारी सामाजिक व्यवस्था में स्त्रियों के लिए आचरण संबंधी कई बंधन होते हैं। स्त्रियों की 'कोमलता' की आड़ में एक 'कमज़ोरी' का उपहास छिपा रहता है। इस कविता में स्त्री जीवन के प्रति कवि की यही संवेदन-शीलता की अभिव्यक्ति हुई है।**



कितना प्रामाणिक था उसका दुख
लड़की को दान में देते वक्त
जैसे वही उसकी अंतिम पूँजी हो

लड़की अभी सयानी नहीं थी
अभी इतनी भोली सरल थी
कि उसे सुख का आभास होता था
लेकिन दुख बाँचना नहीं आता था
पाठिका थी वह धुंधले प्रकाश की
कुछ तुकों और लयबद्ध पंक्तियों की

©KTBS Not to be republished

माँ ने कहा पानी में झाँककर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेंकने के लिए है
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बंधन हैं स्त्री जीवन के

माँ ने कहा लड़की होना
पर लड़की जैसी दिखाई मत देना।

**कवि परिचय :**

ॠतुराज जन्म सन १९४० में भरतपुर में हुआ। राजस्थान विश्वविधालय, जयपुर से उन्होंने अंग्रेजी में एम.ए. किया। चालीस वर्षों तक अंग्रेजी साहित्य के अध्ययन के बाद अब सेवानिवृत्ति लेकर जयपुर में रहते हैं। उनके अब तक आठ कविता-संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं जिनमें एक मरणधर्म और अन्य, पुल पर पानी, सुरत निरत और लीला मुखारविंद प्रमुख हैं। उन्हें सोमदत्त, परिमल सम्मान, मीरा पुरस्कार, पहल सम्मान तथा बिहारी पुरस्कार मिल चुके हैं।

कवि की कविताओं में दैनिक जीवन के अनुभव का यथार्थ है और वे अपने आसपास रोजमर्रा में घटित होने वाले सामाजिक शोषण और विडंबनाओं पर निगाह डालते हैं। यही कारण है कि उनकी भाषा अपने परिवेश और लोक जीवन से जुड़ी हुई है।

©KTBS Not to be republished

**शब्दार्थ :**

पूँजी - धन, व्यवसाय में लगा धन, सयानी - बालिग, चतुर, चालाक; आभास - अनुभूति, महसूस; बाँचना - पढ़ना, समझना; पाठिका - शिष्या, पढ़नेवाली, सीखनेवाली; धुँधला - अस्पष्ट, तुक - लय, अंत्यानुप्रास; लय - स्वर, धुन; रीझना - मोहित होना, भ्रम - वहम, संदेह, गलती;

## अभ्यास

**मौखिक प्रश्न :**

**I. निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए :**

१. 'कन्यादान' कविता के कवि कौन हैं?

२. कवि किसके प्रति संवेदनशील हैं?

३. कवि के प्रमुख कविता - संग्रहों के नाम बताइए ।

**लिखित प्रश्न**

**II. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१. माँ का दुख कब प्रामाणिक था?

२. लड़की का स्वभाव कैसा था?

३. लड़की क्या नहीं जानती थी?

४. माँ के अनुसार आग किसके लिए है?

©KTBS Not to be republished

## III. तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :

१. माँ का अपनी बेटी अंतिम पूँजी क्यों लग रही थी?

२. लड़की को क्यों भोली और सरल बताया गया है?

३. कविता में किन-किन चीज़ों को स्त्री जीवन का बंधन बताया गया है? और वह किस तरह का बंधन है?

४. माँ ने अपनी बेटी को सचेत करना क्यों ज़रूरी समझा?

## IV. भाव स्पष्ट कीजिए :

1. आग रोटियाँ सेंकने के लिए है,
जलने के लिए नहीं।

२. माँ ने कहा लड़की होना,
पर लड़की जैसी दिखाई मत देना।

©KTBS Not to be republished

## भाषा अध्ययन

## I. पर्यायवाची शब्द लिखिए :

१. प्रामाणिक - ...................... ५. चेहरा - ......................

२. वक्त - ...................... ६. वस्त्र - ......................

३. प्रकाश - ...................... ७. आभूषण - ......................

४. पानी - ......................

## II. वाक्य में प्रयोग कीजिए :

१. दान २. पूँजी ३. आभास

४. रीझना ५. जलना ६. जीवन

**III. अन्य लिंग शब्द लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. लड़की | - | ४. पाठिका | - |
| २. सयानी | - | ५. माँ | - |
| ३. भोली | - | ६. स्त्री | - |

**IV. इस कविता में तुकवाले शब्द प्रयुक्त नहीं है। किसी भी अन्य कविता से पाँच तुकवाले शब्द चुनकर लिखिए ।**

**योग्यता विस्तार :**

- माँ ने कहा 'लड़की होना पर लड़की जैसी दिखाई मत देना'। - इसके बारे में विचार कीजिए।
- कन्या के साथ दान की बात उचित है या अनुचित है - चर्चा कीजिए।
- 'मीना किश्वर कमाल' जी की यह कविता पढ़िए और समझिए:

## मैं लौटूँगी नहीं

मैं एक जगी हई स्त्री हूँ,
मैने अपनी राह देख ली है,
अब मैं लौटूँगी नहीं।
मैंने ज्ञान के बंद दरवाज़े खोल दिए हैं,
सोने के गहने तोड़कर फेंक दिए हैं,
भाइयो! मैं अब वह नहीं हूँ जो पहले थी।। मैं एक जगी हुई .....

*****

©KTBS Not to be republished


# पाठ-१४

# जान से प्यारे

**- ममता कालिया**

**आशय : प्रस्तुत एकांकी समकालीन समय में खंड-खंड होते संबंधों पर एक करारी चोट करता है । एक ओर इसमें विज्ञान की प्रगति और शोध परिणामों का उज्वल पक्ष प्रस्तुत किया गया है, दूसरी ओर जीवन-जगत की कठोर सच्चाइयाँ प्रस्तुत हैं । लेखिका ने फन्तासी शैली में एकांकी का आरंभ कर, उसे यथार्थवादी विश्लेषण से जोड़ा है।**

(जिस समय मंच पर प्रकाश होता है, नौजवान वैज्ञानिक डॉ. कौशिक अपनी प्रयोगशाला में परीक्षण कर रहे हैं । उनके आस-पास माइक्रोस्कोप, परखनली, बीकर और जार नज़र आ रहे हैं । उनका सहयोगी अविनाश भी उसके साथ लगा हुआ है । एकाएक डॉ. कौशिक के चेहरे पर खुशी और उत्तेजना आती है ।)



डॉ.कौशिक : युरेका! मैंने ढूँढ लिया । तुमने देखा अविनाश, कैसे वह मरा हुआ कॉक्रोच उस घोल को डालने से अभी-अभी जिन्दा होकर चल दिया !

©KTBS Not to be republished

अविनाश : (शंका से) शायद वह कॉक्रोच अभी पूरी तरह मरा नहीं था।

डॉ. कौशिक : (उसी जोश में) तुम्हें पता है उसे मरे हुए छः घंटे हो चुके थे ।

अविनाश : (माथे का पसीना पोंछते हुए) बड़ी बेढ़ब चीज़ है कॉक्रोच । आप उसे चप्पल से कुचल दें, संडसी से दबा दें, पहाड़ से गिरा दें, समुन्दर में डुबो दें, वह थोड़ी देर में साँस लेकर फिर चल देगा। इन बातों का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है ।

डॉ. कौशिक : तुम क्यों नहीं मानना चाहते कि मेरे हाथ वह नुस्खा आ गया है जिससे मरा हुआ जीव जी उठे । (डॉ. कौशिक खुश होकर कुर्सी से उठते हैं) हा, हा, हा, अब मैं जितना चाहूँ, यह सोल्यूशन बनाकर प्राणियों को नया जीवन दे सकता हूँ ।

अविनाश : (संदेह से) पर कौन चाहेगा आपका यह नुस्खा ?

डॉ. कौशिक : तुम पूछते हो कौन ? मैं कहता हूँ कौन नहीं चाहेगा अविनाश ! जिसके घर कोई मर जाता है, वहाँ कैसे टूट जाते हैं लोग, बिखर जाता है नीड़ । मैं पीड़ा से कराहती मानवता के लिए नये जीवन का संदेश लाऊँगा ।

अविनाश : (व्यंग्य से) आप मृत्यु को चुनौती देंगे, जीवन और मृत्यु तो चिर सत्य है ।

©KTBS Not to be republished

डॉ. कौशिक : जीवन है लेकिन मृत्यु नहीं, यह मैंने अपने इस कम्पाउंड से सिद्ध कर दिया है ।

(पास ही अखबार पड़ा है । डॉ. कौशिक उसे उठाकर पन्ने पलटते हैं और चौथा पृष्ठ खोलकर अविनाश के आगे रख देते हैं ।)

डॉ. कौशिक : यह देखो, कितने लोग हैं जिनके घर कोई न कोई मर जाता है, कोई बीमारी से, कोई दुर्घटना से, कोई यों ही । कितने लोगों को ये रोते-बिलखते छोड़ जाते हैं । इनके घरवालों द्वारा दिए शोक-समाचार पढ़ कलेजा मुँह को आता है, मैं इन सबके दुख दूर करूँगा ।

(अविनाश के चेहरे पर मंद, व्यंग्यपूर्ण मुस्कान है । डॉ. कौशिक अपनी बात खत्म कर मुड़ते हैं तो वह उनकी पीठ पीछे कन्धे उचका देता है ।)

(अगला दिन । घड़ी सुबह के नौ बजा रही है । डॉ. कौशिक के हाथ में अखबार है । चौथे पृष्ठ पर कई जगह वे निशान लगाते हैं । इन जगहों पर कोई न कोई मर गया है जिसके परिवार ने अखबार में शोकसमाचार प्रकाशित किया है । डॉ. कौशिक दवाओं का ब्रीफ़केस स्कूटर में रखते हैं । इस बीच अविनाश भी आ जाता है।)

डॉ. कौशिक : तो चलें ?

अविनाश : (बुझे स्वर में) चलिए, लेकिन ...

डॉ. कौशिक : आज सुहानी सुबह है और हम एक महान काम पर निकल रहे हैं, अविनाश । अपना यह लेकिन-वेकिन, यहीं घर में छोड़ चलो।

©KTBS Not to be republished

(दोनों स्कूटर पर जाते हैं, दो-चार मोड़ घूमने के बाद वे जिस कॉलोनी में आते हैं उसके साइन बोर्ड पर लिखा है भावनानगर। एक लंबी सड़क के अंतिम छोर पर वे एक ऐसे मकान पर रुकते हैं जहाँ काफी भीड़ लगी है । सभी के चेहरे शोकमग्न हैं। लोग मृतक के गुणों का बखान करते हुए उसकी मृत्यु पर अफ़सोस प्रकट कर रहे हैं ।)

पहला बेटा : हाय! जब तक पिताजी थे, मुझे घर की कोई फिक्र नहीं थी । महीने में बीस-बीस दिन मैं दौरे पर रहता था, उन्हींके भरोसे।

दूसरा बेटा : पिताजी तो महापुरुष थे । मैं इतना बड़ा हो गया फिर भी मुझे बच्चा मानते । अभी पिछले साल यह घड़ी उन्होंने मेरी सालगिरह पर दी थी ।

एक बहू : हाय ! मैंने उन्हें पिताजी से बढ़कर समझा । मैं तो उन्हें नाश्ते में दो अंडे देती थी ।

दूसरी बहू : हाय ! वे मनुष्य नहीं देवता थे । उनके बिना हम कैसे जियेंगे ?

(डॉ. कौशिक मृतक के बेटों को एक तरफ़ ले जाकर बड़ी उमंग से अपनी खोज के बारे में बताते हैं।)

डॉ. कौशिक : यकीन मानिए, मैंने ऐसा फॉर्मूला ढूँढ़ निकाला है कि मैं आपके पूज्य पिताजी को जीवित कर सकता हूँ।

(दोनों बेटे एक हक्के-बक्के अंदाज में एक-दूसरे को ताकते खड़े हो जाते हैं। कभी वे डॉ. कौशिक को देखते हैं, कभी एक दूसरे को । तभी उनकी पत्नियाँ भी आ जाती हैं।)

दोनों पत्नियाँ

एक साथ : क्यों जी एसे क्यों खड़े हो, सारा काम पड़ा है।

दोनों बेटे : ये कहते हैं ...

पत्नियाँ : (सशंकित) क्या कहते हैं ?

डॉ. कौशिक : मुझसे आप लोगों का दुख देखा नहीं जा रहा है । आज सुबह ही अखबार में मैंने यह शोकसमाचार पढा जो आपने दिया था। हाल ही में मैंने एक फॉर्मूला ढूँढ निकाला है जिससे पिताजी को नई जिंदगी मिल सकती है ।

एक पत्नी : ना बाबा, जाने क्या कीमत माँग बैठें आप !

डॉ. कौशिक : इसके बदले मैं आपसे कौड़ी भी न लूँगा । इसकी कामयाबी ही इसकी कीमत है ।

पहला बेटा : (कुछ दबे स्वर में अपने भाई से) पिताजी का वसीयतनामा देख लिया । कोई कसर तो नहीं है उसमें ?

दूसरा बेटा : (सन्तुष्ट आवाज़) वह मैंने पहले ही देख लिया है, वसीयतनामा दुरुस्त है ।

पहला बेटा : लेन-देन निपटा गये हैं ?

दूसरा बेटा : (तसल्ली से) सब निपटा गये हैं ।

पहला बेटा : फिर क्या ...

(दोनों लड़के डॉ. कौशिक की तरफ मुखातिब होते हैं । उनकी पत्नियाँ उग्र विरोध से डॉ. कौशिक को देख रही हैं ।)

©KTBS Not to be republished

पहला बेटा : ऐसा है डॉक्टर साहब, आपकी बात मान कर हमें बड़ा हर्ष होता लेकिन आप जानते हैं, बड़ा नाजुक मामला हैं । दोनों छोटे भाई विदेश में हैं, उन्हें केबिल किया हुआ है । वे आकर कितना बिगड़ेंगे । उनके हजारों डॉलर मिट्टी में मिल जायेंगे ।

दूसरा बेटा : (बनावटी लहजा) आप भी साहब अजीब हैं, इधर हमें सारा इंतज़ाम करना है, देर हो रही है, उधर आप एक नया शगूफा लेकर आ गये हैं ।

(तभी सोलह साल का एक लड़का बाहर से आकर उत्तेजित आवाज़ में कहता है।)

छोटू : पापा, पापा गेंदे के फूल ले आया हूँ । फूलवाले को दो सौ रुपये दे दीजिए ।

(एक ट्रक आकर घर के सामने खड़ी होती है । उसमें से घर का एक सदस्य अंदर आता है ।)

किशन : सुरेश, बड़े मुश्किल से ट्रक का इन्तज़ाम किया है । इस काम के लिए कोई गाड़ी देता ही न था । सारी ट्रकें आजकल छात्रों ने चुनाव में रोक रखी हैं । बड़ी मेहनत के बाद यह ग्यारह सौ पर मिली है । आधा पैसा एडवांस दिया, तब कहीं आयी है ट्रक ।

एक अन्य आदमी : (बाहर से आकर) आपने आज अखबार में किराये पर कमरा देने का जो इश्तेहार दिया है, उसी सिलसिले में आया हूँ ।

©KTBS Not to be republished

(दोनों भाई कौशिक की ओर और फिर समस्त इंतज़ाम की ओर उलझन भरी नज़र डालते हैं । क्या करें जैसी भंगिमा बना कर सिर पर हाथ रख लेते हैं । तभी कुछ और मेहमान अंदर घुसते हैं और एक बार फिर हाय पिताजी हाय पिताजी, विलाप शुरू हो जाता है। बड़ा लड़का हाथ जोड़कर डॉ. कौशिक को स्कूटर तक पहुँचा आता है ।)

बड़ा बेटा : जो हम पर पड़ी है, भुगत लेंगे डॉक्टर साहब । आप क्यों पड़े इस चक्कर में । नमस्ते ।

(लड़का तेजी से वापस कमरे में चला आता है । डॉ. कौशिक अबूझ से उसी दिशा में देखते रहते हैं । अविनाश उनके कंधे पर ऐसे स्पर्श करता है जैसे दरवाज़ा खटखटा रहा हो।)

अविनाश : अब कहाँ जाना है, बताइए, देर हो रही है ।

(डॉ. कौशिक अखबार देखकर स्कूटर स्टार्ट करते हैं । काफी दूर चलने के बाद, मकानों के नंबर पढते-पढते वे सही पते पर पहुँचते हैं । मकान के अंदर-बाहर सफ़ेद कपड़ों में बहुत से स्त्री-पुरुष नज़र आते हैं । बरामदे में मृत औरत का शव ले जाने की तैयारी है । घर की बहू अपनी बाँह पर तीन-चार भारी, जरी की साड़ियाँ लिए खड़ी है और बड़ी बूढ़ियों में सलाह चल रही है, कौन-सी साड़ी मृतका पर चढ़ाई जाए । अंत में सबकी सलाह पर एक हल्की पुरानी जरीदार साड़ी से शव ढ़ाँप दिया जाता है।)

(शव के पैरों के पास एक नवयुवक गमगीन बैठा है ।

©KTBS Not to be republished

डॉ. कौशिक उसे अलग आने का इशारा करते हैं । डॉ. कौशिक फुर्ती से ब्रीफकेस खोल कर शीशी उस नवयुवक को दिखाते हैं और हावभाव से बताते हैं कि वे क्या कर सकते हैं । नवयुवक के चेहरे पर आह्लाद उत्तेजना और विश्वास के चिह्न आते हैं । वह तुरंत पत्नी को आवाज़ देता है गिरिजा, गिरिजा सुनो तो।)

(गिरिजा के हाथ पर अभी भी साड़ियाँ लटकी हैं । आकर वह प्रश्नवाचक निगाह से दोनों को देखती है ।)

(नवयुवक जल्दी-जल्दी उसे समझाता है।)

नवयुवक : अम्मा फिर से जी सकती हैं, ये डॉक्टर साहब का कहना है, इनके पास ऐसी दवाई .....

(गिरिजा सीधे डॉ. कौशिक को कुछ ऐसी आक्रामकता से देखती है कि वे दो कदम पीछे हट जाते हैं । फिर गिरिजा एक गहरी चिढ़ से अपने पति की ओर देखती है । वह सहम कर वहाँ से हट जाता है । गिरिजा के होंठ निर्णायक वक्रता ले लेते हैं । अब वह बोलती है, एक ठंडी, निश्चयात्मक आवाज़ जिसमें आँसू का कोई गीलापन नहीं है ।

गिरिजा : (कटखनेपन से) क्या आपको पता है माँ जी किस जानलेवा बीमारी से तड़प-तड़पकर गुज़री हैं । आज पाँच साल बाद वह पहली बार चैन से सो रही हैं । नहीं तो इन सालों में सारी-सारी रात खाँस-खाँस कर इन्होंने अपना और मेरा जीना हराम किए रखा । इतने साल सोते-जागते,

©KTBS Not to be republished

आठों पहर इनकी सेवा आखिर किसने की ? मैंने ! घर के सब लोग किसी न किसी बहाने भागते रहे, कभी दफ़्तर, कभी कॉलेज, कभी बाज़ार। एक मैं ही थी जो इस पिछवाड़े के कमरे में घुटी रही तीमारदारी के लिए। बाकी बहुएँ तो अभी आयेंगी, एकाध घंटे हाय-हाय करेंगी और उनके बक्से टटोलने में लग जायेंगी। मैं ही हूँ जो सारी जिम्मेदारी निभाती हूँ। माँ जी को आप जीवन देने आये हैं या मुझे मौत !

(नवयुवक एक क्षण बड़ी हताशा से अपनी पत्नी की ओर देखता है, फिर डॉ. कौशिक को ठेलता हुआ सा बाहर ले जाता है। स्कूटर के पास अविनाश खड़ी है जो शक्ल से ही डॉ. कौशिक की निराशा समझ जाता है।)

नवयुवक : जाने दीजिए डॉक्टर साहब। मेरी बीबी बड़ी लड़की है, इससे नहीं भिड़ें। तभी अच्छा है।

(नवयुवक अंदर चला जाता है। डॉ. कौशिक पस्ती से अपना ब्रीफकेस स्कूटर की टोकरी में डालता है। अविनाश तसल्ली देने के लिए डॉक्टर का कंधा थपथपाता है।)

अविनाश : आपने तीसरा निशान लगाया है मुहब्बतनगर पर। यह बी-उनतीस में चलते हैं।

(स्कूटर चल देता है। कई मोड़ मुड़कर साइन बोड़ दिखता है 'मुहब्बतनगर। स्कूटर बी-29 के आगे खड़ा होता

©KTBS Not to be republished


है । फ्लैट के बाहर बड़ा मनहूस-सा सन्नाटा है । तीन-चार लोग एक जीप को चारों ओर सफेद कपड़े से ढँक रहे हैं । हिम्मत कर डॉ. कौशिक मकान के अंदर दाखिल होते हैं । कमरे में सफेद वस्त्रों में पंद्रह-बीस स्त्रियाँ बैठी हैं । उनके बीच एक नवयुवती एकदम काले वस्त्रों में सिर झुकाए सिसक रही है । उसने आँखों पर आँचल रखा हुआ है । कमरे की दीवार पर मृतक की फोटो लटकी है जिस पर फूलों का हार चढ़ाया हुआ है। हृदय-विदारक दृश्य ।)

डॉ. कौशिक : मैं कैप्टन शर्मा की विधवा से बात करना चाहता हूँ । (नवयुवती होश करती है । धीरे-धीरे भीड़ से उठकर डॉ. कौशिक की तरफ आती है । बहुत रो लेने के बाद उसकी आँखें बड़ी उदास और भीगी लग रही हैं ।)

डॉ. कौशिक : मैंने आज सुबह अखबार में आप द्वारा दिया शोक समाचार पढ़ा तो मैं हिल उठा। मैं आपके लिए जीवन का नया संदेश लाया हूँ। आप इस खुशखबरी को पाकर झूम उठेंगी ।

(नवयुवती प्रश्नवाचक दृष्टि से डॉ. कौशिक को देखती है । एक जिज्ञासु औरत अगरबत्तियाँ जलाने के बहाने उन दोनों की तरफ आ गई है । नवयुवती उसकी ओर सतर्कता से देखती है ।)

©KTBS Not to be republished



नवयुवती : कमला जाओ साहब के लिए पानी लाओ ।

डॉ. कौशिक : धन्यवाद ! क्या आप दोनों में बेहद प्रेम था ?

नवयुवती : (आँखें मूँदकर) बेहद! अगर उन्हें कहीं बाहर जाना पड़ता था तो मिनट-मिनट पर फोन कर मेरा हाल पूछते थे । और तो और मुझे गुसलखाने में भी देर लग जाये तो वे गवारा नहीं करते थे।

डॉ. कौशिक : कैसे हुआ यह सर्वनाश !

नवयुवती : एयरक्रैश !

डॉ. कौशिक : ओफ !

(एक क्षण सन्नाटा ! फिर अपनी आवाज़ में सायास उत्साह भर डॉ. कौशिक कहते हैं ।)

डॉ. कौशिक : लेकिन अब आपको अपना जीवन अकेले नहीं गुज़ारना पड़ेगा । मैं आप के पति को फिर से जीवन दे सकता हूँ इसीलिए आया हूँ ।

©KTBS Not to be republished

(नवयुवती का चेहरा कुछ विकृत हो जाता है । सख्त आकृति)

नवयुवती : किस तरह ?

डॉ. कौशिक : मैंने एक ऐसा मिक्सचर तैयार किया है जिससे मरा हुआ इन्सान जी सकता है ।

नवयुवती : (कठिन स्वर से) और मैं समझे बैठी थी कि आप बीमा कंपनी से आये हैं । चले जाइये यहाँ से ! आप सोचते हैं मैं आप धूर्त लोगों से, अपने शेखर की पवित्र काया दूषित करवाऊँगी !

(नवयुवती की तीखी आवाज़ और तमतमाए चेहरे से सहम कर डॉ. कौशिक बाहर को भागता है । हड़बडी में ब्रीफकेस भूलने लगता है, उसे लेने मुड़ता है । नवयुवती फिर घुड़कती है, 'गए नहीं आप?'

डॉ. कौशिक : जाता हूँ, जाता हूँ ।

(बाहर आकर डॉ. कौशिक माथे से पसीना पोंछता है । अविनाश हमदर्दी से उसकी ओर देखता है ।)

अविनाश : छोडिए डॉक्टर ! आप भी किन तिलों में तेल तलाश रहे हैं । पैसे से बड़ा महबूब नहीं ।

डॉ. कौशिक : जिंदगी जिंदाबाद । एक पता बाकी है, चलेंगे । क्या पता वहाँ कोई हो, जिसे सचमुच कोई जान से प्यारा हो ।

(स्कूटर चल पड़ता है । जल्द ही एक साईन बोर्ड दिखता

©KTBS Not to be republished

है इबादतनगर । बस्ती में एक मकान के बरामदे में छोटी सी भीड़। बड़ी कमसिन नववधू मर गई है । उसका पति अपने सीने पर हाथ मार-मार कर विलाप कर रहा है ।)

पति : हाय कम्मो! तू कहाँ चली गई ? तुझे क्या हो गया कम्मो?

(कई बुजुर्ग और हम उम्र लोग उसे दिलासा दे रहे हैं।)

(मृत बहू की सास रोती है- हाय मेरी सोने सी बहू कहाँ चली गई?)

(डॉ. कौशिक सहानुभूति से युवा विधुर के कन्धे पर हाथ रखकर उसे अंदर कमरे में आने का इशारा करते हैं ।)

डॉ. कौशिक : आपका दु:ख वाकई बहुत बड़ा है । मैं आपकी पत्नी को नया जीवन देने आया हूँ।

(प्रस्ताव सुनते-सुनते कम्मो के पति की भंगिमा बदलती जा रही है । उसके चेहरे पर आश्चर्य, चिढ़ और अविश्वास के भाव बड़ी तेजी से आ रहे हैं । अन्त में वह बड़ी दार्शनिक आकृति बना लेता है ।)

पति : डॉ. साहब आप किस कम्मो को लौटाने की बात कर रहे हैं ? वह हाड़-माँस की काया ? वह तो मिट्टी है मिट्टी। अगर कम्मो उस जज़बात का नाम है जो मेरे रग-रग में समाया है तो वह कहाँ है डॉक्टर साहब, देखिए वह यहाँ है, वहाँ है, घर के कोने-कोने में है ।

'इक तेरी दीद छिन गई मुझसे
वरना दुनिया में क्या नहीं बाकी !'

©KTBS Not to be republished

(कहते-कहते कम्मों का पति पास पड़े अख़बार से अपना मुँह ढाँप लेता है । अख़बार में विज्ञापनोंवाला पृष्ठ ऊपर है । वैवाहिक विज्ञापनोंवाले पन्ने पर कम्मो के पति ने जगह-जगह लाल निशान लगा रखे हैं । डॉ. कौशिक ध्यान से उन निशानों को देखते हैं और धीरे से बाहर को चल देते हैं । बाहर अविनाश खड़ा है । वे दोनों एक-दूसरे को देखते हैं । डॉ. कौशिक उसका कंधा दबाते हैं ।)

डॉ. कौशिक : तुम ठीक कहते थे, मैं ही गलत था ।

अविनाश : मौत ज़ालिम है, मगर ज़िन्दगी के कायदे उससे भी ज़्यादा ज़ालिम !

(स्कूटर पर सवार दोनों व्यक्तियों का अक्स धीरे-धीरे धुँधला पड़ता जाता है ।)

*****

©KTBS Not to be republished

## एकांकीकार का परिचय :

श्रीमती ममता कालिया का जन्म सन् 1940 ई. में मथुरा में हुआ । आपको लेखन संस्कार अपने पिता से मिला था । आपके एकांकी, दूरदर्शन और आकाशवाणी के माध्यम से निरंतर देखे व सराहे गये हैं । आपके एकांकियों में 'आप न बदलेंगे', 'आपकी छोटी लड़की', 'आत्मा अठन्नी का नाम है', यहाँ रोना मना है उल्लेखनीय हैं । इनके अलावा 'बेघर', 'नरक दर नरक' (उपन्यास), 'छुटकारा', 'सीट नं छह', 'एक अदद औरत' (कहानियाँ) मौलिकता और इन्मुक्तता के कारण बहुचर्चित रहे हैं । आप लगभग तीस वर्ष इलाहाबाद के डिग्री कॉलेज में प्राचार्या रहीं । संप्रति वर्धा की अंग्रेज़ी त्रैमासिक पत्रिका Hindi (हिंदी) का संपादन कर रही हैं ।

## शब्दार्थ :

युरेका (यूनानी शब्द) - मैंने ढूँढ़ लिया, निर्जीव - मृत, संडसी - लोहे की छड़ी से बना कैंचीनुमा औज़ार जो पकड़ने के काम आता है, नुस्खा - डॉक्टर या हकीम द्वारा कागज पर लिखा दवाइयों का विवरण, सिद्ध - प्रामाणित, कामयाबी - सफलता, इश्तेहार - विज्ञापन, शगूफा - विलक्षण घटना, वसीयतनामा - मृत्यु के पहले व्यक्ति द्वारा अपनी संपत्ति का विभाजन पत्र, जज़बात - भावना, महबूब - प्रेमी, दीद - देखती हुई आँखें, ज़ालिम - क्रूर, घोल-मिश्रण, बेढ़ब-उल्टा स्वभाववाला, उचकाना-उठाना ।

## मुहावरे :

नीड़ बिखर जाना - परिवार नष्ट हो जाना, कौड़ी भी न लेना - बदले में कुछ न लेना, तिलों में तेल तलाशना - व्यर्थ परिश्रम करना, कलेजा मुँह को आना - अत्यधिक कष्ट पहुँचना, चक्कर मारना - भटकना, चैन से सोना - शांति से सोना, हाय हाय करना - हाहाकार करना

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

### मौखिक प्रश्न :

### I. निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए :

१. 'जान से प्यारे' एकांकी के रचयिता कौन हैं ?

२. युरेका शब्द का अर्थ क्या है ?

३. डॉ. कौशिक अपने संशोधन की परीक्षा किस पर आजमाते हैं ?

४. डॉ. कौशिक नगरवासियों की सहायता करने किसके संग जाते हैं ?

५. डॉ. कौशिक अंत में किस निर्णय पर पहुँचते हैं ?

### लिखित प्रश्न :

### II. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

१. डॉ. कौशिक के सहयोगी का नाम क्या था ?

२. अपने परीक्षण में सफल होते ही, डॉ. कौशिक के मुँह से निकला पहला उद्‌गार शब्द क्या था ?

३. किसी के घर में लोग कब टूट जाते हैं ?

४. भावनानगर के मृत व्यक्ति का कौन सा संबंधी अक्सर दौरे पर रहता था?

५. मृत व्यक्ति को 'मनुष्य नहीं देवता थे'- बतानेवाली कौन थी ?

६. नवयुवक पति डॉ. कौशिक को हटाने के लिए पत्नी पर क्या आरोप लगाता है ?

७. डॉ. कौशिक मुहब्बतनगर में किसकी जान बचाने जाते हैं ?

८. 'वह ता मिट्‌टी' - यह उद्‌गार किसका है ?

©KTBS Not to be republished

**II. तीन-चार वाक्यों में उत्तर दीजिए:**

१. संशोधित सोल्यूशन के संबंध में डॉ. कौशिक और अविनाश के बीच आपस में क्या बातचीत होती है ?

२. भावनानगर के मृत व्यक्ति और उनके संबंधियों का परिचय दीजिए ।

३. गिरिजा अपनी मरी सास को जीवित करने से आपत्ति क्यों करती है ?

४. मुहब्बतनगर में कैप्टन शर्मा की मौत कैसे हुई थी ? उसकी पत्नी डॉ. कौशिक की कोशिश को असफल क्यों बनाती है ?

## भाषा अभ्यास

**I. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया को रेखांकित कर काल बताइए :**

उदाहरण : तुम पूछते हो कौन ? मैं कहता हूँ कौन नहीं चाहेगा अविनाश !

पूछते हो - वर्तमान काल

कहता हूँ - वर्तमान काल

चाहेगा - भविष्यत्‌काल

१) आप मृत्यु को चुनौती देंगे, जीवन और मृत्यु तो चिर सत्य है ।

२) जीवन है लेकिन मृत्यु नहीं, यह मैंने अपने इस कम्पाउंड से सिद्ध कर दिया है ।

३) इनके घरवालों द्वारा दिए शोक समाचार पढ़ कलेजा मुँह को आता है, मैं इन सबके दु:ख दूर करूँगा ।

४) वह मैंने पहले ही देख लिया है, वसीयतनामा दुरुस्त है ।

५) मैं आपके पति को फिर से जीवन दे सकता हूँ, इसीलिए आया हूँ ।

©KTBS Not to be republished

६) मैंने एक ऐसा मिक्सचर तैयार किया है, जिससे मरा हुआ इन्सान जी सकता है ।

७) आप सोचते हैं मैं आप धूर्त लोगों से अपने शेखर की पवित्र काया दूषित करवाऊँगी !

८) अगर कम्मो उस जज़बात का नाम है जो मेरे रग-रग में समाया है तो वह कहाँ है, डॉक्टर साहब ।

९) एक पता बाकी है, चलेंगे ।

१०) तुम ठीक कहते थे, मैं ही गलत था ।

**II. पूर्वकालिक कृदन्त प्रत्यय 'कर' उचित धातु के साथ लगाकर रिक्त स्थान भरिए :**

उदाहरण : वह थोड़ी देर में साँस लेकर फिर चल देगा ।

(इस वाक्य में 'ले' क्रिया का मूल रूप है । इसके साथ 'कर' जोड़ने से वही पूर्वकालिक कृदन्त बनता है जो प्राय: क्रिया विशेषण के अर्थ में प्रयुक्त होता है ।)

धातु (क्रिया का मूल रूप): ले, पा, खाँस-खाँस, आ, खोल, तड़प-तड़प

१. माँ जी जानलेवा बीमारी से ............. गुज़री हैं ।

२. आप इस खुशखबरी को ............. झूम उठेंगी ।

३. वे ............. कितना बिगड़ेंगे ।

४. उधर आप एक नया शगूफा............. आ गए हैं ।

५. कौशिक फुर्ती से ब्रीफ़केस ......... शीशी उस नवयुवक को दिखाते हैं ।

६. नहीं तो इन सालों में सारी सारी रात ............. इन्होंने अपना और मेरा जीवन हराम किया रखा ।

© KTBS Not to be republished

## III. इन अंग्रेज़ी शब्दों की अंग्रेज़ी वर्तनी लिखिए :

जैसे : माइक्रोस्कोप -

| | | |
|---|---|---|
| १. बीकर - ....... | १०. स्कूटर - ....... | १९. डॉलर - ....... |
| २. जार - ....... | ११. कॉलोनी - ....... | २०. ट्रक - ....... |
| ३. कॉक्रोच - ....... | १२. साइन बोर्ड - ....... | २१. एडवांस - ....... |
| ४. सोल्यूशन - ....... | १३. फार्मूला - ....... | २२. नंबर - ....... |
| ५. कंपाउंड - ....... | १४. डॉक्टर - ....... | २३. कॉलेज - ....... |
| ६. ब्रीफ़केस - ....... | १५. केबिल - ....... | २४. फ्लैट - ....... |
| ७. जीप - ....... | १६. फोटो - ....... | २५. कैप्टन - ....... |
| ८. मिनट - ....... | १७. एयरक्रैश - ....... | २६. कंपनी - ....... |
| ९. फोन - ....... | १८. मिक्सचर - ....... | |

## योग्यता विस्तार

- आम समाज में नित्य देखे जानेवाले जीवन के ऐसे यथार्थ प्रसंगों पर चर्चा कीजिए जिससे जीवन के सत्य से आप अवगत हो जाऐं।
- मौत जालिम है, मगर ज़िंदगी के कायदे उससे भी ज़्यादा ज़ालिम - उक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

*****

©KTBS Not to be republished

# पाठ - १५

## नागरिकों के मूल अधिकार

**- संकलित**

**आशय : भारत एक गणतंत्र राष्ट्र है । इस देश में राज्य शासन चलाने और देशवासियों के रहन-सहन के लिए संविधान में अनेक बातें लिखी गई हैं । हमारे देश के संविधान में लिखा गया है कि सबके साथ न्याय होगा, सब समान माने जाएँगें, सब के समान अधिकार होगें और उसकी रक्षा का भार सरकार पर होगा । संविधान में नागरिकों के मूल अधिकार के रूप में समता, स्वतंत्रता, धर्म-स्वातंत्र्य, संस्कृति और शिक्षा, संपत्ति, हकों की रक्षा आदि अधिकार प्रदान किए हैं, जिनके कारण मनुष्य अपना जीवन चैन से जी पाएगा ।**

हमारा भारत देश एक गणतंत्र देश है । जिस देश का राज्य उसी देश की जनता के द्वारा चलता है और जहाँ कोई राजा नहीं होता, उसे गणतंत्र राज्य कहते हैं । हमारे देश के संविधान में लिखा गया है कि हमारे गणतंत्र देश में सबके साथ न्याय होगा । लोग किसी भी धर्म या मज़हब के माननेवाले हों, सब समान माने जाएँगे, सबके समान अधिकार होंगे और सबकी रक्षा का भार सरकार पर होगा ।

हमारे संविधान में देश के सभी नागरिकों को कुछ अधिकार दिये गये हैं । इन अधिकारों को मूल अधिकार कहते हैं । ये अधिकार निम्नलिखित हैं -

**समता का अधिकार**-मूल अधिकारों में सबसे पहला अधिकार समता का अधिकार है, जिसमें लिखा गया है कि भारत के सब नागरिकों को क़ानून के सामने बराबर समझा जाएगा । कोई क़ानून एसा नहीं बनाया जाएगा जिससे उनके साथ भेदभाव प्रकट हो । आदमी चाहे किसी जाति या धर्म

©KTBS Not to be republished

का हो, चाहे वह कहीं भी पैदा हुआ हो-सबके अधिकार समान होंगे । इसी प्रकार स्त्री और पुरुष दोनों को बराबर समझा जाएगा ।

पहले भारत में जाति-पाँति और छूआ-छूत का जोर था । होटलों, दूकानों आदि में सब लोग नहीं जा सकते थे । अब संविधान में इस छूआ-छूत की मनाही कर दी गयी है । सबको समान अधिकार है कि वे किसी दुकान या होटल में जा सकते है और किसी भी नदी, तालाब या सड़क का उपयोग कर सकते हैं ।


संविधान में यह भी लिखा गया है कि सरकारी नौकरियों में भी सब नागरिकों को समान अवसर दिया जाएगा । मतलब यह कि आदमी किसी भी जाति या धर्म का माननेवाला हो, उसे उसकी योग्यता के अनुसार कोई भी सरकारी नौकरी पाने का अधिकार होगा । किसी पद के लिए स्त्री को अयोग्य नहीं समझा जाएगा । वे भी बड़े से बड़े पद पर नियुक्त हो सकती हैं ।

**स्वतंत्रता का अधिकार -** समता के अधिकार के बाद भारत के लोगों को स्वतंत्रता का अधिकार भी दिया गया है । भारत के सभी नागरिकों को भाषण देने की स्वतंत्रता है, लेखन की स्वतंत्रता है, सभा-संस्थाएँ बनाने की स्वतंत्रता है । इतना ही नहीं, उन्हें भारत में कहीं भी जाकर व्यापार या नौकरी करने की भी पूरी स्वतंत्रता है । किसी नागरिक को बिना कारण क़ैद भी नहीं किया जा सकता । यदि किसी को क़ैद किया गया, तो सरकार को इसके लिए सफ़ाई देनी होगी । यदि सरकार की सफ़ाई ठीक नहीं हुई, तो न्यायालय उस क़ैदी को रिहा कर सकता है ।

©KTBS Not to be republished

पहले भारत में सरकारी अफसर और बडे-बडे आदमी गरीब लोगों से मुफ्त में काम लेते थे । उसे बेगार कहते थे । संविधान में बेगारी को बिलकुल बंद कर दिया गया है । अब कोई भी आदमी किसी से मुफ्त में काम नहीं ले सकता । कोई किसी से जबरदस्ती उसकी इच्छा के विरुद्ध काम नहीं ले सकता । जो एसा करेगा वह सज़ा पाएगा ।

पहले कुछ मिल-मालिक छोटे बच्चों से कारखानों और ख़ानों में काम लेते थे । इससे बच्चों का स्वास्थ्य बिगद जाता था और वे कमज़ोर हो जाते थे । उन्हें शिक्षा भी नहीं मिल पाती थी । इसलिए अब संविधान में यह नियम बना दिया गया है कि 14 वर्ष से कम आयु वाले किसी बच्चे को किसी कारखाने या खान में नौकर नहीं रखा जाएगा ।



**धर्म-स्वातंत्र्य का अधिकार -** संविधान में अपना धर्म मानने का, उस पर अमल करने का तथा उसका प्रचार करने का सब को अधिकार दिया गया है । हमारा देश ऐसा देश है जो धर्म के आधार पर नहीं बना है । इसलिए इसे 'धर्म-निरपेक्ष देश' कहा जाता है । यह देश किसी धर्म के साथ पक्षपात नहीं करता । यह भी नियम है कि किसी सरकारी स्कूल में किसी एक विशेष धर्म की शिक्षा नहीं दी जाएगी ।

©KTBS Not to be republished

**संस्कृति और शिक्षा का अधिकार** - हमारे संविधान में सब लोगों को अपनी भाषा, लिपि, या संस्कृति बनाये रखने का पूरा अधिकार दिया गया है । सब धर्मों के लोगों को अपनी रुचि के अनुसार धार्मिक संस्थाएँ बनाने और शिक्षा-संस्थाएँ स्थापित करने का समान अधिकार दिया गया है । सरकार इस तरह के कामों में कभी रुकावट नहीं डाल सकती ।

**संपत्ति का अधिकार** - भारत के सभी नागरिकों को देश के किसी भाग में जाकर रहने, घर बनाने तथा संपत्ति उपार्जन करने का अधिकार दिया गया है । संविधान में यह भी नियम रखा गया है कि सरकार किसी आदमी की संपत्ति, जमीन या कंपनी नहीं ले सकती और यदि सार्वजनिक हित के लिए उसका लेना जरूरी हो, तो उसका उचित मूल्य देकर ही ले सकती है ।

**हकों की रक्षा का अधिकार** - अब आपने पढ़ लिया कि भारत के प्रत्येक नागरिक को संविधान में क्या-क्या अधिकार दिये गये हैं । लेकिन केवल किसी को अधिकार दे देने मात्र से काम नहीं चलता । उन अधिकारों की रक्षा का भी प्रबंध होना चाहिए । इसीलिए हमारे संविधान में इन अधिकारों की रक्षा का भार देश के उच्चतम न्यायालय को सौंपा गया है । यह न्यायालय सरकार की गलती को पकड़ सकता है । यह सरकार के कामों से जनता की रक्षा कर सकता है ।

अगर सरकार इन मूल अधिकारों में कमी करने का कोई कानून बनाए, तो अदालत कह सकती है कि यह कानून संविधान के खिलाफ़ है । तब ऐसा कानून रद्द समझा जाएगा । कोई भी आदमी उस अदालत में अपने मूल अधिकारों की रक्षा के लिए फ़रियाद कर सकता है । इस उच्चतम न्यायालय का निर्णय भारत की सभी अदालतों को मानना पड़ेगा और सरकार को भी उसे मानना

©KTBS Not to be republished

पड़ेगा । इसलिए यह अदालत जनता के अधिकारों की रक्षक और पहरेदार है ।

ये मूल अधिकार जनता की पवित्र निधि हैं । इनकी रक्षा हमें सब तरह से करनी चाहिए । जो अपने अधिकारों को समझता है और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करता है, वही सच्चा नागरिक है । इसलिए हम सब लोगों को भारत का सच्चा नागरिक बनने का प्रयत्न करना चाहिए ।

**शब्दार्थ :**

कैद-अवरोध, बंधन; खान-वह स्थान, जहाँ से धातु, पत्थर खोद निकाले जाते हैं, धर्म-निरपेक्ष - जो किसी एक धर्म पर निर्भर न हो, संविधान - कानून के रूप में तैयार किए गए मौलिक नियम और सिद्धांत ।

## अभ्यास

**मौखिक प्रश्न :**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखीए :**

१. जहाँ कोई राजा नहीं होता उस जनता के शासन को क्या कहते हैं ?

२. देश के सभी नागरिकों को दिये गए अधिकारों को क्या कहते हैं ?

३. पहले किस व्यवस्था के कारण होटलों, दुकानों में सभी नहीं जा सकते थे ?

४. बड़ी लोगों के द्वारा गरीब लोगों से मुफ़्त में चाकरी लेने की व्यवस्था को क्या कहते हैं ?

५. देश के संविधान में व्यक्ति की वैयक्तिक संपत्ति को सरकार कब ले सकती है ?

६. क्या सरकारी स्कूल में किसी एक धर्म की शिक्षा पढ़ायी जाती है ?

©KTBS Not to be republished

**लिखित प्रश्न :**

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

१. गणतंत्र देश किसे कहते हैं ?

२. संविधान में छुआ-छूत के विषय में क्या कर दी गई है ?

३. कितनी उम्र तक किसी बच्चे को कारखाने या खान में नौकरी पर नहीं रखा जा सकता है ?

४. किसी एक धर्म पर पक्षपात नहीं करने वाले राज्य को क्या कहा जाता है ?

५. किस न्यायालय का निर्णय भारत की सभी अदालतों को मानना पदब्गा ?

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए :**

१. हमारे देश के संविधान में क्या लिखा है ?

२. समता का अधिकार के संबंध में संविधान में कौन-कौन सी बातें लिखी गई हैं ?

३. धर्म-निरपेक्ष राज्य का क्या अभिप्राय है ? समझाइए ।

४. हकों की रक्षा के लिये संविधान में क्या व्यवस्था है ?

## भाषा अध्ययन

**I. निम्नलिखित शब्दों के विलोम रूप लिखिए :**

धर्म, जमीन, उचित, स्वतंत्रता, नागरिक

**II. ध्यान दीजिए :**

'सुपुत्र शब्द में 'सु' उपसर्ग 'पुत्र' के साथ (शब्द से पहले) जोड़ा गया है। इसी प्रकार स्व तंत्रता में ता प्रत्यय का प्रयोग, स्वतंत्र के साथ (शब्द के बाद में) जोड़ा गया है ।

©KTBS Not to be republished

**सही उपसर्ग, प्रत्ययों को चुनकर निम्न लिखीत शब्दँ में जोड़कर शब्द निर्माण कीजिए :**

उपसर्ग - अ, अन्, कु, अनु

प्रत्यय - इक, आई, ता, ईय

शब्द - पुत्र, समान, समाज, वीर, पराजित, कारण, लिख, भारत ।

**III. विशेषण और विशेष्य के टप्ब्द बनाइए :**

| **विशेषण** | | **विशेष्य** |
|---|---|---|
| सरकारी | - | संस्थाएँ |
| गरीब | - | मूल्य |
| धार्मिक | - | न्यायालय |
| उचित | - | आदमी |
| उच्चतम | - | अफसर |

**IV. योग्यता विस्तार :**

- नागरिकों के मूल अधिकारों के साथ-साथ उनके कर्तव्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए कक्षा में चर्चा कीजिए ।
- निम्नलिखित भारत का संविधान - उद्देशिका पढ़िए समझिए :

©KTBS Not to be republished

# भारत का संविधान

## उद्देशिका

हम, भारत के लोग, भारत को एक **संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य** बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को ;

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय ;
विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और
उपासना की स्वतंत्रता ;
प्रतिष्ठा और अवसर की समता
प्राप्त करने के लिए

तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और **राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित** करनेवाली बंधुता बढ़ाने के लिए ;

दृढ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई. (तिथि-मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हज़ार छह विक्रमी) **को एतद्‌द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं ।**

*****

©KTBS Not to be republished

# पूरक वाचन

**- स्वामी विवेकानंद**

## सीप समान बनो: एक लक्ष्य चुन लो

मोती की सीप के समान बनो । एक बड़ी सुंदर भरतीय कथा है कि यदि स्वाति नक्षत्र में वर्षा का एक बूंद उस सीप में पड़ जाता है तो वह मोती बन जाता है । सीप यह बात जानती है, अतः वह स्वाति नक्षत्र को चमकते ही जल की सतह पर आ जाती है और उस मूल्यवान वर्षा की बूंद पाने के लिए प्रतीक्षा करती रहती हैं । जैसे ही कोई बूंद उसके मुख में प्रवेश करती है तो सीप तुरंत अपना मूँह बंद कर लेती है और डुबकी लगाकर समुद्र के तल पर पहुँच जाती है । वहाँ पर धैर्य-पूर्वक बूँद को मोती का रूप दे देती है ।

हम भी वैसे बनें । पहले सुनो, तब मनन करो, और अंत में सब दुविधा को छोड़कर अपने अंतः करण को बाह्य प्रभावों की ओर से बन्द कर लो । अपने अंदर उस सत्य के पोषण में लग जाओ । एक विचार को केवल उसके नए पन से अकर्षित हो अपना लेना और फिर उससे भी नए विचार के लिए उसको त्याग देने की वृत्ति से ही पुरी पंक्तियां बिखर जाने का भय है । एक विचार को लो तो उसे करो, उसे अंत तक पहुंचाओ ओर जब तक उसके छोर पर न पहुंचो उसे त्यगो मत । जो अपने लक्ष्य के प्रति पागल हो गया है, उसे ही प्रकाश का दर्शन होता है । जो थोड़ा इधर, थोड़ा उधर हाय मारते है, वे कोई लक्ष्य पूर्ण नहीं कर पाते । वे कुछ क्षणों के लिए बड़ा जोश दिखाते है, किन्तु वह शीध्र ठंड़ा हो जाता है ।

अतः एक लक्ष्य को ही अपना जीवन कार्य समझो । हर क्षण उसी का चिन्तन करो, उसी का स्वप्न देखो । उसी के सहारे जीवित रहो । मस्तिष्क, मांसपेशियाँ , नसें आदि शरीर के प्रत्येक अंग उसी विचार से ओत -प्रोत हो

©KTBS Not to be republished

और तब तक अन्य प्रत्येक विचार को किनारे पड़ा रहने दो । सफलता का यही राजमार्ग है । इसी मार्ग पर चलकर अब तक आध्यात्मिक महापुरुष पैदा हुए है । अन्यों को केवल बोलने वाले यंत्र समझो ।

सफलता के लिए अत्यधिक अध्यवसाय एवं प्रबल इच्छाशक्ति का होना अवश्यक है । अध्यवसायी आत्मा कहती हैं, "मैं समुद्र को पी जाऊंगी । मेरी इच्छा मात्र से पर्वत चूर - चूर हो जाएंगे ।" यह कर्मशक्ति प्राप्त करो, कठोर परिश्रम करो और तुम निश्चित ही लक्ष्य पर पहुंच जाओगे ।

**निम्न प्रश्नों का उत्तर लिखिए :**

१. स्वामी विवेकानंदजी नव युवकों को किसके समान बनने को कह रहे हैं?
२. एक बड़ी सुंदर भारतीय कथा क्या है?
३. हमें कब मनन करना है?
४. अपना लक्ष्य कौन पूर्ण नही कर पाते ?
५. सफलता का राजमर्ग कौनसा है ?
६. अध्यवसायी आत्मा क्या कहती है ?
७. अपने लक्ष्य पर पहुँचने के लिए क्या - क्या करना चाहिए ?

**टिप्पणी:**

यह स्वामी विवेकानंद जी के भाषणों में से एक भाषण का अंश है ।

*****

©KTBS Not to be republished

# पाठ - १६

## रसखान के सवैये

- रसखान

**आशय : भक्त कवि रसखान को तो सारा संसार कृष्णमय लगता है । पहले सवैये में वे श्रीकृष्ण के सन्निधान में सदा रहने की अपनी अभिलाषा व्यक्त करते हैं । दूसरे और तीसरे सवैयों में क्रमानुसार श्रीकृष्ण के बालपन और यौवन के मनोहर रूप की छटा प्रस्तुत करते हैं ।**

१. मानुष हौं तौ वही रसखानि, बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन ।
जो पसु हौं तो कहा बसु मेरौं, चरौं नित नंद की धेनु मँझारन ।।
पाहन हौं तो वही गिरि कौ, जो धरयो कर छत्र पुरंदर-धारन ।
जो खग हौं तो बसेरो करौं, मिलि कालिंदी-कूल कदंब की डारन ।।



२. धूरि भरे अति सोभित स्याम जू, तैसी बनी सिर सुंदर चोटी ।
खेलत खात फिरै अँगना, पग पैंजनी बाजति पीरी कछोटी ।।
वा छवि को रसखानि बिलोकत, वारत काम कला निधि कोटी । काग के भाग बड़े सजनी, हरि-हाथ सों लै गयौ माखन रोटी ।।

© KTBS Not to be republished

३.  कल काननि कुंडल मोर-पखा, उर पै बनमाल बिराजति है ।
मुरली कर मैं अधरा मुसकानि, तरंग महाछवि छाजति है ।।
रसखान लखैं तन पीत-पटा, सत दामिनि की दुति लाजति है ।
वहि बाँसुरी की धुनि कानि परें, कुलकानि हियौ तजि भाजति है ।।

## कवि परिचय :

## रसखान (सन् १५५८-सन् १६२३)

गोस्वामी विट्ठलनाथ के शिष्य और परम कृष्ण-भक्त रसखान दिल्ली-निवासी एक पठान सरदार थे । आपका रचना काल सन् 1590 ई. के आस-पास माना जाता है । कृष्ण की भक्ति में मग्न होकर आपने बहुत से कवित्त और सवैये लिखे तथा प्रेमवाटिका नामक एक ग्रंथ की रचना दोहों में की । रसखान की भाषा ब्रज भाषा है और भाव-व्यंजना बिलकुल सीधी-सादी है । रचना-शैली की इस स्वाभाविकता के फलस्वरूप ही आपकी कविताओं का बहुत प्रचार है और उनमें सभी सहृदय भक्तों का हृदय हर लेने की क्षमता है । प्रेम-विषयक दोहे भी बड़े सुंदर हैं । आपकी कविताओं में प्रेम और भक्ति की सहज अभिव्यक्ति देखकर, भारतेंदुजी ने सत्य ही कहा था -

इन मुसलमान हरिजनन पै कोटिन हिन्दू वारिए

## नये शब्द :

१. मानुष - मनुष्य, हौं -बनूँ, बसौं - रहूँ, पसु - पशु, धेनु - गाय, मँझारन - बीच में, पाहन - पत्थर, गिरि - पर्वत, कर - हाथ, छत्र - छाता, पुरंदर - इंद्रदेव, खग - पक्षी, बसेरा - निवास, कालिंदी - यमुना नदी, कूल - किनारा
२. धूरि - धूल, पग - पैर, पैंजनी - पाँव में हनने का आभूषण, पीरी - पीले रंग की, कछोटी - लंगोटी, छवि - सुंदरता, विलोकत - देखना, वारत - न्योछावर (त्याग करना)।



©KTBS Not to be republished

३. कल - सुंदर, काननि - कानों में, मोर-पखा - मोरपंख, उर - हृदय, छाती, अधर ओंठ, लखैं - देखते हैं, पीतपटा - पीला वस्त्र, सत - सैकडों, दामिनि - बिजली, दुति - चमक, तजि - त्यागकर, कुलकानि - कुल की मर्यादा ।

**भावार्थ :**

१. इस पद में रसखान अगले जन्म में कृष्ण की संगति में रहने की अपनी प्रबल इच्छा को विविध रीति से बताते हैं । कहते हैं कि अगर अगले जन्म में कहीं मनुष्य शरीर पा लूँगा तो कृष्ण के प्रिय गाँव गोकुल के समीप ही उनके प्यारे ग्वालों के बीच में ही जन्म पा लूँ । अगर मेरा जन्म पशु रूप में होगा तो निवास कहाँ पर हो ? इसका उत्तर भी स्वयं देते हैं कि नंद महाराजा की गायों के मध्य में ठहरकर रोज (कृष्ण के द्वारा) चरता रहूँ । अगर मैं पत्थर रूप में जन्म लूँगा तो कृष्ण के द्वारा उठाए गए पहाड़ का ही एक भाग बन जाऊँ जिससे कृष्ण का स्पर्श सुख मिल सकता है । यदि पक्षी बनकर जन्मूँ तो यमुना नदी के किनारे पर बसे कदंब पेड़ों की डालियों में मेरा निवास स्थान हो, जिससे मैं कृष्ण की लीला का मधुर गान कर सकूँ ।

२. बालक कृष्ण की बाल-लीला का मनोहारी वर्णन इस पद में हुआ है । एक सखी अपनी सहेली से कहती है - सिर पर आकर्षक चोटी पहने, अंग पर धूल डाले कृष्ण अत्यंत सुंदर दीख रहे हैं । आँगन में खेलते भी, खाते भी दिखते हैं । पैरों में पैंजनी व देह पर पीली कछोटी पहने हुए कृष्ण सुंदर दिखते हैं । कृष्ण की अद्‌भुत कांति के आगे मन्मथ की करोड़ों कलाएँ प्रयोजन रहित (नीरस) लगती हैं । इस बीच कृष्ण के हाथ से रोटी-माखन उड़ानेवाले कौए की

©KTBS Not to be republished

प्रशंसा करती हुई सखी अपनी सहेली को बतलाती है कि वह कौआ (कृष्ण भगवान के स्वाद का आनंद चुरानेवाला) सचमुच भाग्यशाली ही है ।

३. सौंदर्य के धनी श्री कृष्ण की अनुपम कांति का वर्णन रसखान ने इस पद में किया है - कृष्ण के कानों में सुंदर कुंडल हैं, सिर पर मोर का पँख विराजमान है । छाती पर वैजयंतीमाला आकर्षक लग रही है । हाथ में मुरली धारण किए हुए, मुस्कान के साथ खड़े कृष्ण के चारों ओर अलौकिक तेजयुक्त लहरें फैल रही हैं । श्री कृष्ण के पीले वस्त्र की शोभा के आगे सौ बिजलियों की चमक भी लजाती दिख रही है (श्रीहीन दिख रही है) और कृष्ण की बाँसुरी की आवाज के कानों पर पड़ते ही कुल की मर्यादा को भूलकर गोपियाँ अपना घर त्यागकर कृष्ण के पास भागी-भागी आ रही हैं ।

## अभ्यास

**मौखिक प्रश्न :**

**I. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

१) रसखान अपने अगले मनुष्य जन्म में कहाँ रहना चाहते हैं ?

२) खग बनकर किसकी डाली पर निवास करना चाहते हैं ?

३) श्रीकृष्ण माखन रोटी खाते हुए कहाँ घूम रहे हैं ?

४) श्रीकृष्ण की छाती पर क्या सुशोभित है ?

©KTBS Not to be republished

**लिखित प्रश्न :**

## II. एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

१. कवि रसखान के आराध्य देव कौन हैं ?

२. पत्थर के रूप में रसखान कहाँ जन्म लेना चाहते हैं ?

३. धूल से भरे कृष्ण कैसे लगते हैं ?

४. कृष्ण के हाथ से रोटी छीनकर उड़ जानेवाला कौआ, कवि को क्या लगा?

५. कृष्ण की बाँसुरी की ध्वनि सुनकर कुल की स्त्रियाँ क्या करती हैं ?

६. रसखान के पद किस भाषा में लिखे गये हैं ?

## III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :

१. कवि ने श्रीकृष्ण के समीप रहने की अपनी इच्छा को किस तरह व्यक्त किया है ?

२. श्रीकृष्ण के रूप में सौंदर्य का वर्णन रसखान ने कैसे किया है ?

३. आँगन में खेलनेवाले श्रीकृष्ण का परिचय दीजिए ।

## IV. भाव स्पष्ट कीजिए :

१. मानुष हौं तौ वही रसखानि, बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन ।
जो पसु हौं तो कहा बसु मेरौं, चरौं नित नंद की धेनु मँझारन।।
पाहन हौं तो वही गिरि कौ, जो धरयो कर छत्र
पुरंदर-धारन । जो खग हौं तो बसेरो करौं, मिलि कालिंदी-कूल
कदंब की डारन ।।

२. कल काननि कुंडल मोर-पखा, उर पै बनमाल बिराजति है ।
मुरली कर मैं अधरा मुसकानि, तरंग महाछवि छाजति है ।।

©KTBS Not to be republished

रसखान लखैं तन पीत पटा, सत दामिनि की दुति लाजति है ।

वहि बाँसुरी की धुनि कानि परें, कुलकानि हियौ तजि भाजति है।।

**V. निम्नलिखित भावों से संबंधित काव्य पंक्तियों को चुनकर लिखिए:**

१. अगर मैं पक्षी बनूँ तो, यमुना तट पर कदंब की डाली पर रहूँ ।
२. अगर मैं मनुष्य बनूँ तो गोकुल गाँव में रहूँ ।
३. श्रीकृष्ण आंगन में खाते, खेलते घूम रहे थे ।
४. श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य पर करोडों कामदेव की शोभा न्योछावर हो ।
५. कौआ अत्यन्त भाग्यशाली है जो हरि के हाथ की रोटी ले गया ।
६. श्रीकृष्ण के पहने पीले वस्त्र को देखकर सैकडों बिजलियों की छवि शर्मा जाती है ।

**VI. प्रथम पद को लय के साथ कंठस्थ कीजिए ।**

## भाषाभ्यास

**I. निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए :-**

१) मानुष २) हिय ३) पसु ४) लाज ५) सोभित
६) सत ७) कान ८) दुति

## योग्यता विस्तार

- सूरदासजी ने भी श्रीकृष्ण के रूप सौन्दर्य का मनोहारी चित्रण किया है । रसखान के इन्हीं भावों से मिलनेवाले सूर के कुछ पद संकलित कीजिए ।

Not to be republished ©KTBS

२. सवैया - यह वर्णिक समवृत छंद है, इसके एक चरण में २२ से लकर २६ तक के वर्ण होते हैं, इसके प्रत्येक चरण में सात भगण (१४८) और में दो गुरू वर्ण होते है चारों चरणों में तुकांत होना चाहिए।

इसके कई भेद है - जिसमें मत्तगयंद, सुंदरी दुर्मिल प्रमुख हैं। जिसमें ७ भगण २३ वर्ण होते हैं - तथ अंत में दो गुरू वर्ण होते हैं।

**उदा -** १. धूरि भरै अति शोभित श्यामजू, तैसी बनी सिर सुंदर चोटी।
खेलत - खात फिरै अंगना पग पैजनी, बागति पीरी कछौटी।
वा छबि को रसखानि विलोकत, वारत काम कला निधि कोटि।
काग के भाग बड़े सजनी, हरि हाथ सो ले गयो, माखन रोटी।

****

©KTBS Not to be republished

पाठ - १७

# बचपन

**- कृष्णा सोबती**

**आशय : जीवन की सभी अवस्थाओं में सबसे मीठी अवस्था बचपन होती है। बचपन की यादें आदमी के जीवन भर हरी भरी रहती हैं। यहाँ लेखिका अपने बचपन का स्मरण करते हुए उसकी मिठास को फैला रही हैं।**

मैं तुम्हें अपने बचपन की ओर ले जाऊँगी। मैं तुमसे वुफछ इतनी बड़ी हूँ कि तुम्हारी दादी भी हो सकती हूँ, तुम्हारी नानी भी। बड़ी बुआ भीबड़ी मौसी भी। परिवार में मुझे सभी लोग जीजी कहकर ही पुकारते हैं। हाँ, मैं इन दिनों वुफछ बड़ा-बड़ा यानी उम्र में सयाना महसूस करने लगी हूँ। शायद इसलिए कि पिछली शताब्दी में पैदा हुई थी।

मेरे पहनने-ओढ़ने में भी काफी बदलाव आए हैं। पहले मैं रंग-बिरंगे कपड़े पहनती रही हूँ।नीला-जामुनी-ग्रे-काला-चॉकलेटी। अब मन वुफछ ऐसा करता है कि सपेफद पहनो। गहरे नहीं, हलवेफ रंग। मैंने पिछले दशकों में तरह-तरह की पोशावेंफ पहनी हैं। पहले प्रफॉक, पिफर निकर-वॉकर, स्कर्ट, लहँगे, गरारे और अब चूड़ीदार और घेरदार वुफर्ते। बचपन वेफ वुफछ प्रफॉक तो मुझे अब तक याद हैं। हलकी नीली और पीली धारीवाला प्रफॉक। गोल कॉलर और बाजू पर भी गोल कतफ। एक हलवेफ गुलाबी रंग का बारीक चुन्नटोंवाला घेरदार प्रफॉक। नीचे गुलाबी रंग की प्रिफल। उन दिनों प्रफॉक वेफ ऊपर की जेब में रूमाल और बालों में इतराते रंग-बिरंगे रिबन का चलन था। लैमन कलर का बड़े प्लेटोंवाला गर्म प्रफॉक जिसवेफ नीचे पफर टँकी थी। ध्वसंत दो ट्यूनिक भी याद हैं। एक चॉकलेट रंग का और अंदर की कोटी प्यााी। दूसरा ग्रे और उसवेफ साथ सपेफ़द कोटी। मुझे अपने मोो

©KTBS Not to be republished

और स्टॉकिंग भी याद हैं! बचपन में हमें अपने मोो खुद धेने पड़ते थे। वह नौकर या नौकरानी को नहीं दिए जा सकते थे। इसकी सख्त मनाही थी।

हम बच्चे इतवार की सुबह इसी में लगाते। धे लेने वेफ बाद अपने-अपने जूते पॉलिश करवेफ चमकाते। जब जूते कपड़े या ब्रश से रगड़ते तो पॉलिश की चमक उभरने लगती। सरवर, मुझे आज भी बूट पॉलिश करना अच्छा लगता है। हालाँकि अबनई-नई किस्म वेफ शू आ चुवेफ हैं। कहना होगा कि ये पहले से कहीं यादा आरामदेह हैं। हमें जब नए जूते मिलते, उसवेफ साथ ही छालों का इलाज शुरू हो जाता।

जब कभी लंबी सैर पर निकलते, अपने पास रुई रूर रखते। जूता लगा तो रुई मोो वेफ अंदर। हाँ, हमारे-तुम्हारे बचपन में तो बहुत पफर्वफ हो चुका है। हर शनीचर को हमें ऑलिव ऑयल या वैफस्टर ऑयल पीना पड़ता। यह एक मुश्किल काम था। शनीचर को सुबह से ही नाक में इसकी गंध आने लगती!

©KTBS Not to be republished




छोटे शीशे वेफ गिलास जिन पर ठीक खुराक वेफ लिए निशान पड़े

रहते, उन्हें देखते ही मितली होने लगती। मुझे आज भी लगता है कि अगर हम न भी पीते वह शनिवारी दवा तो वुफछ यादा बिगड़ने वाला नहीं था। सेहत ठीक ही रहती। बचपनध्7 तुम्हें बताऊँगी कि हमारे समय और तुम्हारे समय में कितनी दूरी हो चुकी है। यहाँ तक कि बचपन की दिलचस्पियाँ भी बदल गई हैं। याद रहे, उन दिनों वुफछ घरों में ग्रामोपफ़ोन थे, रेडियो और टेलीविजन नहीं थे।

हमारे बचपन की वुफलपफी आइसक्रीम हो गई है। कचौड़ीसमोसा पैटीा में बदल गया है। शहतूत और पफाल्से और खसखस वेफ शरबत कोक-पेप्सी में। उन दिनों कोक नहीं, लैम्नेड, विमटो मिलती थी। शिमला और नई दिल्ली में बड़े हुए बच्चों को वैंगर्स और डेविको रेस्तराँ की चॉकलेट और पेस्ट्री माा देनेवाली होती। हम भाई-बहनों की ड्यूटी लगती शिमला माल से ब्राउन ब्रैड लाने की। हमारा घर माल से यादा दूर नहीं था। एक छोटी-सी चढ़ाई और गिरजा मैदान पहुँच जाते। वहाँ से एक उतराई उतरते और माल पर। कन्पैफक्शनरी काउंटर पर तरह-तरह की पेस्ट्री और चॉकलेट की खुशबू मनभावनी!

हमें हफ्ते ते में एक बार चॉकलेट खरीदने की छूट थी। सबसे यादा मेरे पास ही चॉकलेट-टॉपफी का स्टॉक रहता। मैं चॉकलेट लेकर खड़े-खड़े कभी न खाती। घर लौटकर साइडबोर्ड पर रख देती और रात वेफ खाने वेफ बाद बिस्तर में लेटकर मो ले-ले खाती। शिमला वेफ कापफल भी बहुत याद आते हैं। खट्ढे-मीठे। वुफछ एकदम लाल, वुफछ गुलाबी। रसभरी। कसमल। सोचकर ही मुँह में पानी भर आए। चैस्टनट एक और गाब की चीा। आग पर भूने जाते और पिफर छिलवेफ उतारकर मुँह में। चने ोर गरम और अनारदाने का चूर्ण! हाँ, चने ोर गरम की पुड़िया जो तब थी, वह अब भी नार आती है। पुराने कागाों से बनाई हुई इस पुड़िया में निरा हाथ का कमाल है। नीचे

©KTBS Not to be republished

से तिरछी लपेटते हुए ऊपर से इतनी चौड़ी कि चने आसानी से हथेली पर पहुँच जाएँ। एक वक्त था जब पिफल्म का गानाचना ोर गरम बाबू मैं लाया मोदार, चना ोर गरमयह गाना उन दिनों स्वूफल वेफ हर बच्चे को आता था। वुफछ बच्चे पुड़िया पर तो मसाला बुरकवाते। पूरा गिरजा मैदान घूमने तक यह पुड़िया चलती। एक-एक चना-पापड़ी मुँह में डालने और कदम उठाने में एक खास ही लय-रफ़्तार थी।

छुटपन में हमने शिमला रिज पर बहुत मो किए हैं। घोड़ों की सवारी की है। शिमला वेफ हर बच्चे को कभी-न-कभी यह मौका मिल ही जाता था। हम जाने क्यों घोड़ों को वुफछ कमतर करवेफ समझते। उन पर हँसते थे।ननिहाल वेफ घोड़े खूब हृष्ट-पुष्ट और खूबसूरत। उनकी बात पिफर कभी।



बचपन शाम को रंग-बिरंगे गुब्बारे। सामने जाखू का पहाड़। ऊँचा चर्च। चर्च की घंटियाँ बजतीं तो दूर-दूर तक उनकी गूँज पैफल जाती। लगता, इसवेफ संगीत से प्रभु ईशू स्वयं वुफछ कह रहे हैं। सामने आकाश पर सूर्यास्त हो रहा है। गुलाबी सुनहरी धरियाँ नीले आसमान पर पैफल रही हैं। दूर-दूर पैफले पहाड़ों वेफ मुखड़े गहराने लगे और देखते-देखते बत्तियाँ टिमटिमाने लगीं। रिज पर की रौनक और माल की दुकानों की चमक वेफ भी क्या कहने! स्वैंफडल प्वाइंट की भीड़ से उभरता कोलाहल।

© NCERT Not to be republished

सरवर, स्वैंफडल प्वाइंट वेफ ठीक सामने उन दिनों एक दुकान हुआ करती थी, जिसवेफ शोरूम में शिमला-कालका ट्रेन का मॉडल बना हुआ था। इसकी पटरियाँउस पर खड़ी छोटे-छोटे डिब्बों वाली ट्रेन। एक ओर लाल टीन की छतवाला स्टेशन और सामने सिगनल देता खंबाथोड़ी-थोड़ी दूर पर बनी सुरंगें!



पिछली सदी में तो रफ़्र तारवाली गाड़ी वही थी। कभी-कभी हवाई जहाा भी देखने को मिलते! दिल्ली में जब भी उनकी आवाा आती, बच्चे उन्हें देखने बाहर दौड़ते। दीखता एक भारी-भरकम पक्षी उड़ा जा रहा है पंख पैफलाकर। यह देखो और वह गायब! उसकी स्पीड ही इतनी तो लगती। हाँ, गाड़ी वेफ मॉडलवाली दुकान वेफ साथ एक और ऐसी दुकान थी जो मुझे कभी नहीं भूलती। यह वह दुकान थी जहाँ मेरा पहला चश्मा बना था। वहाँ आँखों वेफ डॉक्टर अंग्रो थे। शुरू-शुरू में चश्मा लगाना बड़ा अटपटा लगा। छोटे-बड़े मेरे चेहरे की ओर देखते और कहतेआँखों में वुफछ तकलीपफ है! इस उम्र में ऐनक! दूधपिया करो। मैं डॉक्टर साहिब का कहा दोहरा देतीवुफछ देर पहनोगी तो ऐनक उतर जाएगी। वैसे डॉक्टर साहिब ने पूरा आश्वासन दिया था, लेकिन चश्मा तो अब तक नहीं उतरा। नंबर बस कम ही होता रहा! मैं अपने-आप इसकी िाम्मेवार हूँ। जब आप दिन की रोशनी को छोड़कर रात

©KTBS Not to be republished

में टेबल लैंप वेफ सामने काम करेंगीतो इसवेफ अलावा और क्या होगा! हाँ, जब पहली बार मैंने चश्मा लगाया तो मेरे एक चचेरे भाई ने मुझे छेड़ादेखो, देखो, वैफसी लग रही है!

आँख पर चश्मा लगाया ताकि सूझे दूर की यह नहीं लड़की को मालूम सूरत बनी लंगूर की! मैं खीजी कि मुझ पर यह क्यों दोहराया जा रहा है! पर शेर बुरा न लगा। जब वह चाय पीकर चले गए तो मैं अपने कमरे में जाकर आईने वेफ सामने खड़ी हो गई। कई बार अपने को देखा। ऐनक उतारी। पिफर पहनी। पिफर उतारी। देखती रहीदेखती रही। सूरत बनी लंगूर की नहीं-नहीं-नहीं हाँ-हाँ-हाँ बचपन मैंने अपने छोटे भाई का टोपा उठाकर सिर पर रखा। वुफछ अजीब लगा। अच्छा भी और मााकिया भी। तब की बात थी, अब तो चेहरे वेफ साथ घुल-मिल गया है चश्मा। जब कभी उतरा हुआ होता है तो चेहरा खाली-खाली लगने लगता है। याद आ गया वह टोपाकाली प्रेफम का चश्मा और लंगूर की सूरत! हाँ, इन दिनों शिमला में मैं सिर पर टोपी लगाना पसंद करती हूँ। मैंने कई रंगों की जमा कर ली हैं। कहाँ दुपट्टों का ओढ़ना और कहाँ सहज सहल सुभीते वाली हिमाचली टोपियाँ!

## लेखिका परिचय :

लेखिका परिचय : कृष्ण सोबती का जन्म 18 फरवरी 1925 को हुआ था। ये हिंदी की काल्पितार्थ (फिक्शन) एवं निबंध लेखिका है। उन्हे 1980 में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ। उन्होंने हिंदी की कथा भाषा को विलक्षण ताज़गी दी है। इनकी प्रमुख कृतियाँ हैं - डार से बिछुड़ी, मित्रो मरजानी,

©KTBS Not to be republished

**शब्दार्थ :**

सयाना - बालिग, घेरदार - बड़े घेरेवाला, ढीला - ढाला; धारी - पट्टी, लकीर; चुन्नट - कपड़े को ढीला छोड़कर सिला हुआ भाग, परत; इतराना - धमंड़ करना, इठलाना; चलन - प्रथा, रीति - रिवाज़; प्लेटोंवाला - अस्तर चढ़ाया हुआ, ट्यूनिक - कुर्ता, कुर्ती, सिपाही का छोटा कोट (उेरीं); कोटी - छोटा कोट, मनाही - निषेध, छाल - ऊपरी परत, मितली - उलटी, वमन; शहतूत - Mulberry fruit, फालसा - फालसेब, गर्मी के मौसम का एक खट्टा - मीठा फल; लेमनेड - नींबू का मीठा शरबत, विमटो - शक्तिवर्धक पेय का नाम, काफ़ल - शिमला का प्रांतीय फल, कसमल - मोहित करनेवाला, मोहक ; चेस्टनट -अखरोट, बुरकवाना - छिड़कवाना, रिज - रिड़्ज, ढलुवाँ टीला; ननिहाल-माता का मायका, अटपटा - अजीब, असंगत; खीझना - खीजना, नाराज़ होना; शेर - उर्दू काव्य की एक विधा, टोपा - बड़े आकार की टोपी, सुभीता - सुविधा, आराम।

**सश्वर - 'सरदार'**

यह ऐसे ही एक संबोधन है जिसका प्रयोग बोल-चाल में सहज ही किया जाता है।

## अभ्यास

**मौखिक प्रश्न :**

**I. निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए :**

१. लेखिका कौनसी शताब्दी में पैदा हुई थी।

२. इतवार के दिन बच्चे किस काम में लग जाते?

३. लेखिका के बचपन की फुलफी अब किसमें बदल गयी है?

©KTBS Not to be republished

४. किसकी पुड़िया तब भी और अब भी नज़र आती है?

५. शुरू-शुरू में चश्मा लगाना लेखिका को कैसे लगा?

**लिखित प्रश्न :**

**II. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१. लेखिका पहले किस प्रकार के कपड़े पहनती रहीं?

२. अब उनका मन किस रंग का कपड़ा पहनने को करता है?

३. बचपन में मोजे धोने के लिए किसको देने से मनाही थी?

४. कौन-कौन-से शरबत कोक-पेप्सी में बदल गये हैं?

५. कुछ बच्चे चने की पुड़िया पर क्या करवाते?

६. कोलाहल कहाँ से उभरता था?

७. पिछली सदी की तेज रफ्तास्वाली गाड़ी कौनसी थी?

८. पहली बार चश्मा लगाने पर लेखिका को किसने छेड़ा?

**III. तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१. लेखिका अपने को कितनी बड़ी कहती हैं?

२. लेखिका के बचपन के कुछ फ्रॉक कैसे थे?

३. 'तुम्हें बताऊँगी कि हमारे समय और तुम्हारे समय में कितनी दूरी हो चुकी है।' सि बात की पुष्टि के लिए लेखिका क्या-क्या उदाहरण देती हैं?

**IV. पाँच-छ : वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१. शनीचर के दिन लेखिका का क्या कार्यक्रम था? शनिवारी दवा के बारे में लेखिका ने क्या कहा है?

२. लेखिका को चश्मा क्यों पहनने पड़ा? उनके चचेरे भाई ने उन्हें कैसे छेड़ा?

©KTBS Not to be republished

**V. लेखिका की पोशाकों के बारे में उल्लेख है। अब आप अपनी पोशाकों की एक सूची बनाइए :**

| **लेखिका की पोशाकें** | **हमारी पोशाकें** |
| --- | --- |
| १. फ्रॉक | |
| २. निकर | |
| ३. स्कर्ट | |
| ४. लहँगे | |
| ५. चूड़ीदार | |
| ६. कुर्ता | |
| ७. कोटी | |

**VI. पाठ में लेखिका ने कुछ रिश्तों का नाम बताया है। आप अन्य कुछ रिश्तों के बारे में लिखिए :**

**जैसे : दादी - पिताजी की माँ**

| | |
| --- | --- |
| १. नानी - ................ | ६. नाना -................ |
| २. बुआ - ................ | ७. चाचा - ................ |
| ३. मौसी - ................ | ८. बड़ी बुआ - ................ |
| ४. जीजी - ................ | ९. बड़ी मौसी - ................ |
| ५. दादा - ................ | १०. मामा - ................ |

## भाषा अध्ययन

**I. पाठ में प्रयुक्त सभी अंग्रेज़ी शब्दों की सूची बनाइए। उनके लिए हिंदी शब्द जानिए।**

**II. पाठ में 'टोपा' और टोपी दोनों शब्दों का प्रयोग हुआ है।**

©KTBS Not to be republished

टोपा - जिसका आकार बड़ा हो।

टोपी - जिसका आकार छोटा हो।

इसी प्रकार के अनेक शब्दों का प्रयोग हम हिंदी भाषा में करते हैं। ऐसे पाँच शब्द लिखिए।

**III. 'लेखिका पिछली शताब्दी में पैदा हुई थीं।'**

सोचकर लिखिए कि अब कौनसी शताब्दी चल रही है?

शताब्दी का मतलब क्या है?

**IV. हिंदी भाषा में दस रंगों का नाम लिखिए।**

**V. 'धारीवाला' शब्द में 'वाला' प्रत्यय है जो 'धारी' शब्द से जुड़ा है और एक नया शब्द बना रहा है।**

पाठ में से 'वाला' शब्दों की सूची बनाइए और अर्थ समझिए।

**योग्यता विस्तार :**

- अपने बचपन की कोई मनमोहक घटना याद करके १०-१५ वाक्य लिखिए।
- 'सरवर' की तरह बोल-चाल में प्रयुक्त अन्य संबोधन शब्दों की जानकारी प्राप्त कीजिए।

****

©KTBS Not to be republished


# पाठ-१८

# प्राकृतिक स्थल - बदरीनाथ

**- श्रीमती वासवी रंगधाम**

**आशय : बदरीनाथ भारत के उत्तर में हिमालय की घाटियों में स्थित एक सुंदर प्राकृतिक स्थल है, जहाँ प्रकृति ने अपनी सारी सुंदरता बिखेर रखी है । यह एक प्रेक्षणीय स्थल है, जहाँ हर वर्ष, प्रकृति प्रेमी आते हैं । बदरीनाथ एक पवित्र धाम के रूप में भी प्रसिद्ध है ।**

प्रकृति के साथ मनुष्य का गहरा संबंध है । मनुष्य का सारा जीवन प्रकृति की गोद में पलता है । प्रकृति से मनुष्य एक क्षण के लिए भी अलग नहीं रह सकता। क्योंकि हम जो खाते हैं, जो पहनते हैं, देखते-देखते जो अपने को भूल जाते हैं, वे सभी प्रकृति के वरदान हैं । प्रकृति के सुंदर दृश्यों के प्रति मनुष्य का स्वाभाविक आकर्षण होता है । प्रकृति सदैव ही मनुष्य जीवन को प्रभावित करती आयी है ।



हमारा भारत प्राकृतिक सौंदर्य से भरा हुआ है । जिनमें ऊँची-ऊँची पहाज्जदयों, लंबी-लंबी नदियों और घने-घने जंगलों की शोभा भरी है । इन तीनों को एक ही स्थान में देखें तो मनुष्य मुग्ध हो जाता है । हिमालय पर इन तीनों को एक साथ देख सकते हैं । इन तीनों ने मिलकर हिमालय के सौंदर्य को बज्ञफा दिया है । हिमालय को भगवान शंकर का वासस्थान कहते हैं ।

©KTBS Not to be republished

प्राकृतिक दृश्यों को देखने के लिए लोग काश्मीर, बदरीनाथ, मसूरी, नैनीताल, केदारनाथ आदि की यात्रा करते हैं । पिछले वर्ष मुझे भी इन प्राकृतिक दृश्यों को देखने का मौका मिला। मुझे इन प्राकृतिक स्थानों में बदरीनाथ सबसे आकर्षक लगा । बदरीनाथ समुद्र तल से 20, 244 फुट ऊपर स्थित है । पर्वत-वृक्षों की मनोरम पृष्ठभूमि में बसा हुआ, स्वर्ग से सुंदर बदरीनाथ भारत का भव्य भाल ही नहीं, अपितु ग्रीष्म कालीन पर्वतीय प्रांतों में सर्वोत्तम भी है। इसका मार्ग अत्यंत टेड़ा-मेढ़ी, फिसलदार एवं खतरनाक है । रास्ते के एक तऱफ हजारों फुट लंबे पहाड़ की चोटियाँ हैं तो दूसरी तरफ़ हजारों फुट नीचे गहरी-गहरी नदियाँ बहती हैं। हिमालय पहाड़ हरे-भरे पेड़ों से भरा दिखाई देता है । जब हम उस दुर्गम चढ़ाई पारकर ऊपर पहुँचते हैं तो ऐसा प्रतीत होता है मानो बदरीनाथ इस परिश्रम का पुरस्कार है । यहाँ प्रकृतिश्री का साक्षात्कार करके हम धन्य हो जाते हैं । चारों ओर बर्फ़ से ढ़के हुए पहाड़ों के नीचे चारों ओर प्रकृति अपनी हरी चादर ओढ़कर एक अंगड़ाई लेती-सी प्रतीत होती है । यहाँ यात्री प्रकृति के उस अक्षय भंडार के दर्शन करते हैं, जो अत्यंत दुर्लभ है । बीच में छोटे-छोटे झरने, बर्फ से ढ़के पहाड़ झील आदि पर्वत श्रृंखला  दृश्य को अति मनोरम बना देते हैं, गगनचुंबी पर्वतों में से निकलती पतली-पतली जलधाराएँ मन को शांति एवं सुख प्रदान करती हैं । यहाँ पर प्रकृति मानो अपने पूर्ण आभूषणों के साथ थिरकती-सी प्रतीत होती है । यह शैल सुंदरी (बदरी) देश-विदेश के यात्रियों तथा शैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करती जा रही है । जब भास्कर की किरणें नृत्य करती हैं तो पूरा यह बर्फ़ का पहाड़ कुंदन बन जाता है । बादल उज्ज शिखरों से ऊपर की ओर बढ़ते जाते हैं । नदी अलकनंदा इतनी जोर से बहती है कि पानी दूध जैसा लगता है । उसका पानी बर्फ जैसा ठंडा होता है और दूसरी तरफ गरम पानी की धाराएँ भी हैं ।

©KTBS Not to be republished

संध्या के समय सूर्य के अस्त होने का दृश्य अति मनोरम होता है । आकाश पर लालिमा छा जाती है । पूरा बर्फ़ का पहाड़ लाल काँच-सा चमकने लगता है और बादल नीचे आ जाते हैं । थोड़ी देर में बादल इतने नीचे आ जाते हैं कि एक दूसरे को देख भी नहीं सकते । पक्षी अपने मीठे कलरव के साथ अपने घोंसलों को लौटते रहते हैं ।

रात के समय तो तारे व चाँद अपनी अपूर्व शोभा के साथ चमकते रहते हैं। झरने तथा सरिताओं के बहने की आवाज़ सुनाई पज्ञदती रहती है । पूर्णिमा के दिन तो पहाड़ चाँदी का पहाड़ बन जाता है ।

बदरीनाथ के पाँच मील दूर पर वसुंधरा नामक जलप्रपात 1,200 फुट ऊँचाई पर स्थित है । 400 फुट ऊँचा जलप्रपात वसुंधरा सबको अपनी ओर आकृष्ठ करता है ।

सूर्यास्त की वेला का मनमोहक दृश्य, जिसे देखकर ऐसा भास होता है, मानो संसार की समस्त मादकता यहीं पर एकत्रित हो उठी है । मानव को अपना जीवन सुंदर, सरस और स्वस्थ बनाने के लिए, प्रकृति से अनुराग रखना आवश्यक है ।

*****

©KTBS Not to be republished

## लेखिका परिचय :

श्रीमती वासवी रंगधाम हिंदी साहित्य के क्षेत्र में चर्चित लेखिकाओं में एक हैं । आपने देश के कई प्रेक्षणीय स्थलों की यात्रा कर अपने अनुभवों को रचना द्वारा साकार किया है । प्रस्तुत पाठ में लेखिका ने बदरीनाथ यात्रा का रोमांचकारी वर्णन किया है ।

**विशेष सूचना :** प्राकृतिक विपदाओं से लोगों को बचाने के लिये, मई से नवंबर के बीच बदरीनाथ मार्ग खुला रहता है । अतः इस समय यहाँ की यात्रा की जा सकती है ।

## शब्दार्थ :

ग्रीष्म - गरमी का मौसम, कुंदन - सोना, सरिता - नदी, वासस्थान - रहने की जगह, थिरकती नृत्य करती, शैल सुंदरी - पर्वत की रानी, भास्कर - सूर्य, वेला - समय, कलरव - पक्षियों की ध्वनि, पूर्णिमा - पूर्ण चाँद की रात, भाल - माथा, शान, चमक ।

## अभ्यास

### मौखिक प्रश्न :

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

१. मनुष्य का सारा जीवन किसकी गोद में पलता है ?

२. प्रकृति सदैव किसको प्रभावित करती आयी है ?

३. अलकनंदा का पानी बहते समय कैसा लगता है ?

४. पहाड़ चाँदी के पहाड़ जैसा कब दिखता है ?

५. वसुंधरा जलप्रपात कितने फुट ऊँचा है ?



©KTBS Not to be republished

## लिखित प्रश्न :

### II. निम्नलिखित प्रश्नों के एक-दो वाक्यों में उत्तर लिखिए :

१. प्रकृति के साथ मनुष्य का कैसा संबंध है ?

२. लेखिका को सबसे आकर्षक प्राकृतिक स्थल कौन सा लगा ?

३. गगनचुम्बी पर्वतों में से निकली जलधाराएँ मन को क्या प्रदान करती है?

४. बदरीनाथ से पाँच मील दूर कौन सा जलप्रपात स्थित है ?

५. मानव को प्रकृति से अनुराग रखना क्यों आवश्यक है ?

### III. तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :

१. प्रकृति और मनुष्य के आपसी संबंध के बारे में लिखिए ।

२. पाठ में अलकनंदा नदी के संबंध में क्या कहा गया है ?

३. बदरीनाथ में संध्या समय की मनोहरता का वर्णन कैसे किया गया है ?

४. बदरीनाथ के प्राकृतिक सौन्दर्य के बारे में लिखिए ।

### IV. रिक्त स्थानों में उचित शब्द भरिये :

१. भारत........ सौन्दर्य से भरा हुआ है ।

२. हिमालय को भगवान शंकर का........ कहते हैं ।

३. बदरीनाथ समुद्रतल से........फुट ऊपर स्थित है ।

४. ........के दिन तो पहाड़ चाँदी का पहाड़ बन जाता है ।

©KTBS Not to be republished

# भाषा अध्ययन

## I. उचित शब्द चुनकर, खाली स्थान भरिए :

१. बदरीनाथ भारत का भव्य भाल ही नहीं .......ग्रीष्म कालीन पर्वतीय प्रांत में सर्वोत्तम है। (अपितु, अथवा)

२. रास्ते के हजारों .......फूट लम्बे पहाड़ों की चोटियाँ हैं । (एक और, एक तरफ़)

३. यहाँ पर प्रकृति .......अपने पूर्ण आभूषणों के साथ थिरकती सी प्रतीत होती है । (और, मानो)

## II. निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए :

भास्कर, नदी, पर्वत, चाँद

## योग्यता विस्तार

- अपने द्वारा की गई किसी भी एक यात्रा का वर्णन पंद्रह-बीस पंक्तियों में लिखिए ।

*****

©KTBS Not to be republished

# पूरक वाचन

## पाप और पुण्य

बहुत पुरानी घटना है। एक दिन पाप और पुण्य एक जंगल में अचानक मिले। पाप ने पुण्य से कर्कश आवाज़ में पूछा - "कौन हो तुम?"

"मेरा नाम पुण्य है।" पुण्य ने शांति और शालीनता से उत्तर दिया।

पाप ने कहा - "अच्छा, तो तुम हो मेरे विरोधी!"

"नहीं भैया, मैं तुम्हारा क्या, किसी का भी विरोधी नहीं।" पुण्य ने नम्रता से कहा।

"तुम कोई करामात दिखा सकते हो?" पाप ने पूछा।

"मेरे पास कोई करामात नहीं है।" पुण्य ने उत्तर दिया।

"मेरी करामात देखना पसंद करोगे?" पाप ने अकड़कर पूछा।

पुण्य बोला - "दिखाओ।"

इतना सुनते ही पाप ने अपने आपको सोने का मृग बना लिया। पुण्य एक पेड़ के पीछे छिप गया। उसी समय शिकार खोजते हुए दो शिकारी पहुँचे। उन्होंने सोने के हिरण को देखा तो मार डाला। ज्यों ही वे मरे हुए हिरण की तरफ बढ़े, पीछे से आवाज़ आई - "हम भी इसका शिकार करने वाले थे। आधा हिरण हमारा है। दो शिकारी वहाँ और आ गए थे। अंत में उनमें आधा-आधा हिरण बाँटने का फैसला हुआ।" गरमी का मौसम था। उन चारों को प्यास सताने लगी। पहले दो शिकारियों ने कहा - "हम यहाँ बैठे हैं। तुम दोनों पानी पी आओ। हमारे लिए भी लेते आना। तभी हिरण के हिस्से करेंगे।"

©KTBS Not to be republished

वे दोनों पानी लेने चले गए। उन्होंने तालाब पर पहुँच कर पहले जी भरकर पानी पिया तथा उन दोनों शिकारियों के लिए पानी ले लिया। रास्ते में उनके मन में लालच घर गया। उन दोनों ने पानी में ज़हर मिलाकर उन दोनों शिकारियों को मारकर हिरण को आधा-आधा बाँटने का फैसला किया। उन्होंने पानी में जहर मिला दिया।

इधर हिरण के पास बैठे शिकारियों के मन भी पाप आ गया। उन्होंने आपस में तय किया - "क्यों न हम उन दोनों को आते ही मार डालें। वे मर गय, तो पूरा हिरण हमें ही मिलेगा।"

जैसे ही शिकारी पानी लेकर पहुँचे, दोनों मार डाले गए। मारनेवाले प्यासे तो थे ही। पेट थे ही। पेट भरकर पानी पिया और कुछ ही देर में तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। उनके मरते ही पाप ने अपना वास्तविक रूप धारण कर लिया। वह ठहाका मारकर हँसने लगा और बोला - "देखी मेरी करामत?"

पुण्य ने कहा - "भैय्या, दूसरों की जान लेना क्या करामात है। मैं तो तब जानू, जब तुम किसी मरे को जीवित कर दो।" मरे को जीवित करना पाप की शक्ति से बाहर था। शर्म से उसकी गरदन झुक गई। वह धीरे-धीरे पाप की बस्ती की ओर चला गया।

## अभ्यास

**इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

१. पाप और पुण्य की मुलाकात कहाँ हुई?
२. पाप ने अपना विरोधी किसे बताया?
३. पाप ने किसका रूप धारण किया?
४. पानी लेने गए शिकारियों के मन में क्या पाप आया?
५. चारों शिकारियों का अंत कैसे हुआ?
६. पाप ने अपनी शक्ति की क्या सीमा बताई?

*****

©KTBS Not to be republished


# पाठ - १९

## मीराबाई के पद

**- मीराबाई**

**आशय : मीरा के गीत उनकी अन्तरात्मा की पुकार है, हृदय की कसक है, वियोगिनी का क्रन्दन है । प्रथम पद में मीरा ने कृष्ण के प्रति एकनिष्ठ प्रेम व्यक्त किया है । वे कृष्ण को ही अपना सब कुछ मानती हैं । कृष्ण के बिना मीरा को सारा संसार निस्सार दिखाई देता है ।**

**दूसरे पद में मीरा ने अपनी विरह-वेदना प्रकट की है । वे विरह से पागल होकर घूम रही है । कृष्ण ही उनका दर्द दूर कर सकते हैं ।**



(1)

मैं तो साँवरे के रंग राची ।
साजि सिंगार बाँधि पग घुँघरू, लोक लाज तजि नाची ।।
गई कुमति लई साधु की संगति, भगति रूप भई साँची ।

©KTBS Not to be republished

गाय-गाय हरि के गुण निसिदिन, काल ब्यालु सूँ बाँची ।।
उण बिन सब जग खारो लागत, और बात सब काँची ।
मीराँ श्री गिरिधरन सूँ, भगति रसीली जाँची ।। 1 ।।

(2)

हे री ! मैं तो प्रेम दिवाणी, मेरो दरद न जाणै कोय ।।
घायल की गति घायल जाणै, की जिण लाई होय ।
जौहरि की गति जौहरी जाणै, की जिण जौहर होय ।।
दरद की मारी बन-बन डोलूँ, बैद मिल्या नहि कोय ।
मीराँ की प्रभु पीर मिटेगी, जब बैद साँवलिया होय ।। २ ।।

**कवयित्री परिचय :**

कृष्ण भक्तिन मीराबाई का स्थान भक्त कवयित्रियों में अद्वितीय है । इनका जन्म राजस्थान के मेडता में सन् १४९८ ई. के लगभग हुआ और मृत्यु सन् १५४६ ई. के आसपास हुई । मीरा के पिता का नाम राजा रत्नसिंह था । इनका विवाह उदयपुर के राणा सांगा के पुत्र भोजराज से हुआ था । थोड़े दिनों के बाद ही मीरा विधवा हो गई; अब इनका मन ईश्वर प्रेम में डूब गया और कृष्ण भक्ति में दीवानी हो गईं। आपकी भाषा राजस्थानी, गुजराती और ब्रजभाषा का मिश्रण है । नरसीजी का माहरा, गीत-गोविंद की टीका, सोरठ के पद आदि मीराबाई की प्रमुख रचनाएँ हैं । विद्वान लोग पदावली को ही प्रामाणिक मानते हैं ।

**शब्दार्थ :**

१. राँची - रंग गई, अनुरक्त हुई, कुमति - कुबुद्धि, दुर्मति, लई - लेकर, तजी - त्यागकर, साँची - सच्ची, ब्यालु - सर्प, बाँची - बच गई, खारो - कडवा, निस्सार, काँची - कच्ची, नश्वर, रसीली - रसपूर्ण, आनंद से भरी हुई, जाँची - देखी ।

©KTBS Not to be republished

**भावार्थ :**

मीरा कहती है कि मैं तो साँवरे कृष्ण के रंग में रंग गई हूँ । मैं लोक लाज त्यागकर उनके सामने पैरों में घुँघरु बाँधकर नाची हूँ । साधुओं की संगति में मेरी दुर्बुद्धि नष्ट होकर मुझे सच्चा ज्ञान मिल गया है । दिन-रात कृष्ण का गुणगान करने के कारण मैं काल रूपी सर्प से बच गई हूँ । कृष्ण के बिना मुझे सारा संसार निस्सार दिखाई देता है । सब कुछ नश्वर लगता है । मैंने जाँच लिया है कि कृष्ण की भक्ति ही आनंद प्रदान करनेवाली है ।

**शब्दार्थ :**

२. प्रेम दिवाणी - प्रेम से पागल, जौहर - जवाहर की, रत्न की; जौहरी - रत्न परीक्षक, पारखी; बैद - वैद्य, साँवलिया - कृष्ण ।

**शब्दार्थ :**

मीरा कहती है कि मैं कृष्ण के प्रेम में, विरह में पागल हो गई हूँ, परन्तु मेरा दर्द कोई नहीं समझ सकता । जिस प्रकार घायल की दशा घायल समझता है तथा रत्न की परख सज्जा जौहरी ही कर सकता है, उसी प्रकार मेरी दशा कृष्ण ही समझ सकते हैं और कृष्ण की भक्ति का महत्व मैं ही जानती हूँ । मेरी यह वेदना तभी मिट सकेगी जब वैद्य स्वयं कृष्ण होंगे ।

©KTBS Not to be republished

# अभ्यास

## मौखिक प्रश्न :

**I. उत्तर दीजिए :**

१. मीरा किसकी भक्तिन थी ?

२. साधु-संगति से क्या हुआ ?

३. मीरा को संसार कैसा लगता है ?

४. मीरा किसकी दीवानी है ?

५. मीरा का इलाज कौन कर सकता है ?

## लिखित प्रश्न :

**II. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१. मीरा किसके रंग में रंग गई है ?

२. कृष्ण भक्ति में लीन मीरा किसकी संगति में आई ?

३. दिन-रात कृष्ण का गुणगान गाते-गाते मीराबाई किससे बच जाती है ?

४. मीरा किसके विरह में दुखी होकर पागल हो गई है ?

५. रत्न की परख कौन कर सकता है ?

६. मीरा की पीज्जादा कब मिटेगी ?

**III. निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए :**

१. साजि सिंगार बाँधि पग घुँघरु, लोकलाज तजि नाची ।

२. उण बिन सब जग खारो लागत, और बात सब काँची ।

३. जौहरि की गति जौहरी जाणै, की जिण जौहर होय ।

©KTBS Not to be republished

**IV. मीरा के दोनों पदों को कंठस्थ कीजिए ।**

**V. निम्नलिखित पद्यांशों की पूर्ति कीजिए :**

१. मैं तो - - - - - - - - - - - -

- - - - - - - - - - - - - -

- - - - - - - - - - - बाँची ।

२. हे री - - - - - - - - - - - -

- - - - - - - - - - - - - -

- - - - - - - - - - जौहर होय ।

**VI. निम्नलिखित शब्दों के आधुनिक रूप लिखिए :**

उदाहरण : तजि - त्यागकर

साँची, निसि, ब्यालु, काँची, दिवाणी, बैद, पीर ।

**योग्यता-विस्तार :**

- मीराबाई के समान भारत की अन्य भक्त कवयित्रियों के बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए ।

*****

©KTBS Not to be republished

# वाच्य

**प्रश्न - वाच्य किसे कहते हैं? उसके भेदों पर प्रकाश डालिए।**

**उत्तर -** 'वाच्य' का शाब्दिक अर्थ है - 'बोलने का विषय'। क्रिया के जिस रूपांतर से यह जाना जाए कि **क्रिया द्वारा किए गय विधान का केंद्र-बिंदु कर्ता है, कर्म हैं अथवा क्रिया-भाव, उसे वाच्य कहते हैं।** उदाहरणतया -

रमेश खेल रहा है।

- इसमें खेलना क्रिया का कथ्य-बिंदु है - रमेश (कर्ता)। अतः यह कर्तृवाच्य वाक्य है। दूसरा *उदाहरण* -

रमेश द्वारा फुटबाल खेली जा रही है।

- इसमें खेलना का कथ्य-बिंदु है 'फुटबाल' (कर्म)। अतः यह कर्मवाच्य है।

तीसरा उदाहरण -

मुझसे खेला नहीं जा रहा।

- इसमें स्वयं 'खेला जाना' (क्रिया-भाव) ही वाक्य का कथ्य-बिंदु है। अतः यह भाववाच्य वाक्य है। उपर्युक्त उदाहरणों - से स्पष्ट है कि वाच्य के दो भेद होते हैं -

वाच्य के भेद

वाच्य के दो भेद हैं-कर्तृवाच्य और अकर्तृवाच्य।

१. **कर्तृवाच्य -** जिस वाक्य में वाच्य-बिंदु 'कर्ता' है, उसे 'कर्तृवाच्य' कहते हैं। जैसे -

बच्चे खेल रहे हैं।

अशोक पुस्तक पढ़ता है।

कन्याएँ ढोलक बजाएँगी।

Not to be republished ©KTBS

इन तीनों वाक्यों में कथ्य-बिंदु कर्ता (बच्चे, अशोक, कन्याएँ) हैं। अतः ये कर्तृवाच्य वाक्य हैं।

२. **अकर्तृवाच्य -** जिन वाक्यों में कर्ता गौण अथवा लुप्त होता है, उन्हें अकर्तृवाच्य कहते हैं। इसके दो भेद हैं-कर्मवाच्य तथा भाववाच्य।

**कर्मवाच्य** - जहाँ वाच्य बिंदु कर्ता न होकर 'कर्म' हो, वहाँ कर्मवाच्य होता है। इन वाक्यों में या तो कर्ता का लोप हो जाता है, या उसके साथ 'से' या 'के द्वारा' का प्रयोग होता है। जैसे -

रमेश से अब दूध पिया नहीं जा रहा है। (कर्ता + से)

- इस वाक्य में वाच्य-बिंदु 'दुध' (कर्म) है। अतः यह कर्मवाच्य वाक्य है। कुछ अन्य उदाहरण देखिए -

दवाई दे दी गई है। (कर्ता का लोप)

पतंग बहुत अच्छी तरह उड़ रही है। (कर्ता का लोप)

हमसे सुंदर चित्र देखे गए। (कर्ता + से)

रोगी को भोजन दिया गया। (कर्ता का लोप)

यह उपन्यास प्रेमचंद द्वारा लिखा गया (कर्ता + द्वारा)

३. **भाववाच्य -** जिस वाक्य में वाच्य-केंद्र क्रिया हो अर्थात् जहाँ न कर्ता की प्रधानता हो, न कर्म की, बल्कि जहाँ 'क्रिया का भाव' ही मुख्य हो, उसे भाववाच्य कहते हैं। भाववाच्य की क्रिया सदा अन्यपुरूष पुल्लिंग एकवचन में रहती है।

उदाहरणों -

मुझसे अब चला नहीं जाता।

©KTBS Not to be republished

- यहाँ चलने की असमर्थता ही प्रमुख है, कर्ता नहीं। अतः यह भाववाच्य वाक्य है। अन्य उदाहरणों -

गर्मियों में खूब नहाया जाता है।

अब चला जाए।

थोड़ी देर सो लिया जाए।

राधा से रात-भर कैसे जागा जाएगा।

टिप्पणी - कर्तृवाच्य में सकर्मक और अकर्मक दोनों प्रकार की क्रियाओं का प्रयोग होता है। कर्मवाच्य में सकर्मक क्रियाओं का प्रयोग होता है। भाववाच्य में केवल अकर्मक क्रिया का प्रयोग होता है।

**कर्मवाच्य के प्रयोग-स्थल -**

निम्नलिखित स्थलों पर कर्मवाच्य वाक्यों का प्रयोग होता है -

(क) जब कर्ता का निश्चित रूप से पता न हो या किसी कारणवश उसका उल्लेख न करना चाहते हों। जैसे-

डाकपेटी में चिट्ठी डाल दी गई है।

उसकी घडी मेज पर से चुरा ली गई है।

चिट्ठी भेजी गई।

(ख) जब आपके बिना चाहे कोई कर्म अचानक हो गया हो।

जैसे-शीशा गिर गया और टूट गया।

शीशे का गिलास छूट गया।

(ग) जब कर्ता कोई स्वतंत्र रूप से व्यक्ति न हो बल्कि कोई व्यवस्था या तंत्र (सभा, समिति, सरकार आदि हो, या जहाँ व्यक्ति ने जो किया है,

©KTBS Not to be republished

वह व्यक्तिगत रूप से नहीं किया है बल्कि पदेन किया है।) जैसे-

सरकार द्वारा गरीबों के लिए बहुत से काम किए जा रहे हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि ...................

दंगाग्रस्त लोगों की आर्थिक सहायता पार्टी द्वारा की जा रही है।

रूपये खचे किए जा रहे हैं।

सभी द्वारा जनहित के अनेक कार्य किए जा रहे हैं।

(घ) सूचना विज्ञप्ति आदि में जहाँ कर्ता निश्चित नहीं है, जैसे-

पटरी पार करने वालों को सजा दी जाएगी।

अभियुक्त को न्यायालाय में पेश किया जाए।

(ङ) असमर्थता बताने के लिए 'नहीं' के साथ। जैसे-

अब अधिक दूध नहीं पिया जाता।

यह खाना हमसे नहीं खाया जाता।

आजकल गरीब को बात नहीं सुनी जाती।

अब अधिक भोजन नहीं खाया जाएगा।

अब तो पत्र भी नहीं लिखा जाता।

**भाववाच्य के प्रयोग-स्थल-**

**(क) प्रायः** असमर्थता या विवशता प्रकट करने के लिए 'नही' के साथ भाववाच्य का प्रयोग होता है। जैसे -

अब खड़ा तक नहीं हुआ जाता।

अब तो हमसे चला भी नहीं जा रहा।

©KTBS Not to be republished

रातभर कैसे जागा जाएगा?

(ख) जहाँ 'नही' का प्रयोग नहीं होता, वहाँ मूल कर्ता जनसामान्य होता है, जैसे -

गर्मियों में छत पर सोया जाता है।

अब तो चला जाए।

आओ, जरा घूमा जाए।

# १. समास

**परिभाषा -** "परस्पर संबंध रखने वाले दो या दो से अधिक शब्दों को मिलाकर जब नया सार्थक शब्द बनाया जाता है तो, उस मेल को 'समास' कहते हैं।"

संस्कृत धातु अस् 'संक्षेप करना' में सम् उपसर्ग जोड़कर समास शब्द निष्पन्न हुआ है जिसका अर्थ है समाहार या मिलाप। इस प्रकार हम पाते हैं कि समास का वास्तविक अर्थ 'संक्षेपीकरण' हुआ। जैसे चंद्र के समान मुख को हम चंद्रमुख भी कह सकते हैं।

समास रचना में दो शब्द (पद) होते हैं। पहला पद 'पूर्वपद' कहा जाता है और दूसरा पद 'उत्तरपद' तथा इन दोनों के समास से बना नया शब्द 'समस्तपद', जैसे-

| पूर्पद + उत्तरपद | समस्तपद | पूर्वपद + उत्तरपद | समस्तपद |
|---|---|---|---|
| दश + आनन (हैं जिसके)<br>घोड़ा + सवार (घोड़े पर सवार) | दशानन<br>घुड़सवार | राजा + (का) पुत्र<br>यश + (को) प्राप्त | राजपुत्र<br>यशप्राप्त |


©KTBS Not to be republished

## समास-विग्रह

जब समस्तपद के सभी पद अलग-अलग किए जाते हैं तब उस प्रक्रिया को 'समास-विग्रह' कहते हैं, जैसे 'सीता-राम' समस्तपद का विग्रह होगा सीता और राम।

## समास के भेद

१. अव्ययीभाव समास
२. तत्पुरूष समास
३. द्वंद्व समास
४. बहुव्रीहि समास




## १. अव्ययीभाव समास

इसमें पहला शब्द प्रधान होता है और समास से जो शब्द बनता है, वह अव्यय होता है। समस्त शब्द के अव्यय रूप में उपस्थित होने के कारण इस समास का नाम अव्ययीभाव पड़ा है। संस्कृत में अव्ययीभाव समास में पूर्वपद अव्यय होता है और उत्तरपद संज्ञा या विशेषण; जैसे-भरपेट, यथास्थान, यऐयोग्य, आदि। लेकिन हिंदी समासों में इसक अपवाद स्वरूप पहला पद संज्ञा तथा विशेषण भी देखा गया है, जैसे-हाथों-हाथ (हाथ संज्ञा), हर घड़ी (हर विशेषण)।

©KTBS Not to be republished

## अव्ययीभाव समास के अन्य उदाहरण :

| | | | |
|---|---|---|---|
| आसमुद्र | - समुद्रपर्यत | आमरण | - मरण-पर्यत |
| आजन्म | - जन्म से लेकर | आजानु | - जानुओं (घुटनों) तक |

## २. तत्पुरूष समास :

जिस सामासिक शब्द का उत्तरपद प्रधान होता है तथा पहले पद के साथ लगी विभक्ति का लोप हो जाता है, वह 'तत्पुरूष समास' कहलाता है। जैसे :

| | | | |
|---|---|---|---|
| परलोकगमन | - परलोक को गमन | यशप्राप्त | - यश को प्राप्त |
| स्वर्गगत | - स्वर्ग को गत | आशातीत | - आशा को लाँघकर गया हुआ |
| ग्रामगत | - ग्राम को गत | गिरहकट | - गिरह को काटने वाला |
| माखन चोर | - मक्खन को चुराने वाला | देशगत | - देश को गया हुआ |
| गृहगत | - गृह को आगत | प्रेमातुर | - प्रेम से आतुर |
| तुलसीकृत | - तुलसी से कृत | मनचाहा | - मन से चाहा |
| ऋणमुक्त | - ऋण से मुक्त | धनहीन | - धन से हीन |
| गुणहीन | - गुण से हीन | देशनिकाला | - देश से निकाला |

©KTBS Not to be republished

## ३. कर्मधारय समास :

जिसका पहला पद विशेषण और दूसरा पद विशेष्य अथवा एक पद उपमान तथा दूसरा पद उपमेय हो तो, वह 'कर्मधारय समास' कहलाता है।

विशेषण-विशेष्य :

| | | | |
|---|---|---|---|
| नीलकमल | - नीला है जो कमल | महादेव | - महान है जो देव |
| पुरूषोत्तम | - पुरूषों में है जो उत्तम | श्वेतांबर | - श्वेत है जो अंबर (वस्त्र) |
| परमानंद | - परम है जो आनंद | सद्धर्म | - सत् है जो धर्म |
| भलामानस | - भला है जो मानस | नीलगगन | - नीला है जो गगन |
| लालटोपी | - लाल है जो टोपी | अंधकूप | - अंधा है जो कूप |

**उपमान-उपमेय :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| देहलता | - देह रूपी लता | नरसिंह | - नरों में सिंह के समान |
| चंद्रमुख | - चंद्र के समान मुख | चरणकमल | - कमल के समान चरण |
| मुखचंद्र | - मुख रूपी चंद्र | भुजदंड | - दंड के समान भुजा |
| कमलनयन | - कमल के समान नयन | कनकलता | - कनक के समान लता |
| वचनामृत | - वचन रूपी अमृत | घनश्याम | - घन के समान श्याम (काला) |
| क्रोधाग्नि | - क्रोध रूपी अग्नि | विद्याधन | - विद्या रूपी धन |

©KTBS Not to be republished

## ४. द्विगु समास :

**इसमें पहला पद संख्यावाचक होता है तथा सी समूह विशेष का बोध कराता है। जैसे :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| द्विगु | - | दो गायों का समाहार | सतसई | - | सात सौ (दोहों) का समाहार |
| त्रिलोक | - | तीन लोकों का समाहार | त्रिभुवन | - | तीन भुवनों लोकों) का समूह |
| नवरल | - | नव रत्नों का समाहार | पंचवटी | - | पाँच वटों (वृक्षों) का समाहार |
| त्रिफला | - | तीन फलों का समाहार | अष्टाध्यायी | - | आठ अध्यायों का समाहार |
| सप्ताह | - | सात दिनों का समूह | पंचतत्व | - | पाँच तत्त्वों का समूह |
| चौमासा | - | चार मासों का समूह | नवरात्र | - | नौ रात्रियों का समूह |
| दोपहर | - | दो पहर का समाहार | दोराहा | - | दो राहों का सम ाहार |

## ५. द्वंद्व समास :

जिस समस्तपद में दोनों पद प्रधान हों तथा विग्रह करने में दोनों पदों के बीच 'और', 'या', 'तथा', 'अथवा' जैसे योजना शब्दों का प्रयोग हो तो, उसे 'द्वंद्व समास' कहते हैं। द्वंद्व का अर्थ दो या दो से अधिक वस्तुओं का युग्म अर्था जोड़ा होता है। जैसे :

©KTBS Not to be republished

| | | | |
|---|---|---|---|
| राधा-कृष्ण | - राधा और कृष्ण | राजा-रंक | - राजा और रंक |
| दाल-रोटी | - दाल और रोटी | राम-लक्ष्मण | - राम और लक्ष्मण |
| आटा-दाल | - आटा और दाल | दाल-चावल | - दाल और चावल |
| माँ-बाप | - माँ और बाप | सुख-दुख | - सुख और दुख |
| छोटा-बड़ा | - छोटा और बड़ा | भला-बुरा | - भला और बुरा |

**कर्मधारय और बहुव्रीहि समास में अंतर :**

कर्मधारय और बहुव्रीहि समास में सूक्ष्म अंतर पाया जाता है। कर्मधारय समास, विशेषण और विशेष्य अथवा उपमान और उपमेय पदों से मिलकर बना होता है जबकि बहुव्रीहि समास में समस्तपद किसी संज्ञा के लिए विशेषण का कार्य करता है। कमल के समान नयन (उपमेय - उपमान) या कुत्सित है जो मति (विशेषण-विशेषण) ये कर्मधारय के उदाहरण हैं, क्योंकि इसमें उपमान-उपमेय तथा विशेषण-विशेष्य का संबंध है; लेकिन बहुव्रीहि में ऐसा नहीं होता। बहुव्रीहि का विग्रह इस प्रकार होगा - कमल जैसे नहयों वाला अर्थात् विष्णु तथा कुत्सित मति है जिसकी अर्थात् व्यक्ति विशेष। इसी तरह के कुछ उदाहारण निम्नलिखित हैं :

पीतांबर - पीत के समान अंबर (कर्मधारय)
पीत अंबर हैं जिसके अर्थात् श्रीकृष्ण (बहुव्रीहि)

नीलकंठ - नीला है कंठ (कर्मधारय)
नीला है कंठ जिसका अर्थात् शिव (बहुव्रीहि)

दिव्यदृष्टि - दिव्य है जो दृष्टि (कर्मधारय)
दिव्य है दृष्टि जिसकी वह व्यक्ति विशेष (बहुव्रीहि)

Not to be republished ©KTBS

मृगनयन - मृग के नयन के समान नयन (कर्मधारय)
मृग के नयन के समान हैं जिसके अर्थात् स्त्री विशेष (बहुव्रीहि)

**द्विगु और बहुव्रीहि समास में अंतर :**

कुछ शब्द ऐसे भी होते हैं, जिन्हें द्विगु और बहुव्रीहि दोनों समासों रखा जा सकता है। दोनों में अंतर केवल इतना है कि द्विगु समास का पहला पद संख्यावाचक विशेषण होता है तथा शेष पद उसका विशेष्य लेकिन बहुव्रीहि समास में समस्त पद किसी संज्ञा के लिए विशेषण का कार्य करता है। जैसे :

अष्टाध्यायी - अष्ट (आठ) अध्यायों का समूह (द्विगु)
आठ हैं अध्याय जिसके, पाणिनि का व्याकरण (बहुव्रीहि)

चारपाई - चार पायों का समूह (द्विगु)
चार हैं पाए जिसके अर्थात् चारपाई (बहुव्रीहि)

त्रिफला - तीन फलों का समाहार (द्विगु)
तीन हैं फल जिसमें अर्थात् औषधि विशेष (बहुव्रीहि)

त्रिनेत्र - तीन नेत्र का समूह (द्विगु)
तीन हैं नेत्र जिसके अर्थात् शंकर (बहुव्रीहि)

तिरंगा - तीन रंगों का समाहार (द्विगु)
तीन रंगों वाला अर्थात् भारत का राष्ट्रध्वज (बहुव्रीहि)

*****

©KTBS Not to be republished

# ३. संधि

✻ संधि शब्द का अर्थ है - मेल।

✻ दो वर्णों या अक्षरों के मेल से होनेवाले विकार को संधि कहते हैं।

✻ जब दो वर्ण आपस में जुड़ते हैं तो एक नया रूप ग्रहण करते हैं,

वर्ण-मेल की इस प्रक्रिया को संधि कहा जाता है।

**उदाहरण :**

धर्म + अधिकारी = धर्माधिकारी (अ + अ = आ)

शिव + आलय = शिवालय (अ + आ = आ)

✻ संधि के निम्नलिखित तीन भेद हैं :

१) स्वर संधि २) व्यंजन संधि ३) विसर्ग संधि

**१) स्वर संधि :** जब दो स्वर आपस में मिलकर एक नया रूप धारण करते हैं, तब उसे स्वर संधि कहते हैं।

स्वर संधि के निम्नलिखित पाँच भेद हैं:

✻ दीर्घ संधि ✻ गुण संधि ✻ वृद्धि संधि

✻ यण् संधि ✻ अयादि संधि

✻ **दीर्घ संधि :** दो सवर्ण स्वर मिलकर दीर्घ हो जाते हैं। यदि अ, आ, इ, ई, उ, ऊ और ऋ के बाद वे ही ह्रस्व या दीर्घ स्वर आयें, तो दोनों मिलकर क्रमशः आ, ई, ऊ और ऋ हो जाते हैं।

**उदाहरण :**

क) अ + आ = आ धर्म + आत्मा = धर्मात्मा

Not to be republished ©KTBS

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ख) | इ | + | इ | = ई | कवि | + | इंद्र | = | कवींद्र |
| (ग) | उ | + | उ | = ऊ | लघु | + | उत्तर | = | लघूत्तर |
| (घ) | ऋ | + | ऋ | = ऋ | पितृ | + | ऋण | = | पितृण |

*** गुण संधि :** यदि अ या आ के बाद इ या ई, उ या ऊ और ऋ आये तो दोनों मिलकर क्रमशः ए, ओ और अर हो जाते हैं।

**उदाहरण :**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | अ | + | इ | = ए | गज | + | इंद्र | = | गजेंद्र |
| (ख) | अ | + | उ | = ओ | वार्षिक | + | उत्सव | = | वार्षिकोत्सव |
| (ग) | अ | + | ऋ | = अर | सप्त | + | ऋषि | = | सप्तर्षि |

*** वृद्धि संधि :** यदि अ या आ के बाद ए या ऐ आये तो दोनों के स्थान में ऐ तथा अ या आ के बाद ओ या औ आये तो दोनों के स्थान में औ हो जाता है।

**उदाहरण :**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क) | अ | + | ए | = ऐ | एक | + | एक | = | एकैक |
| | अ | + | ऐ | = ऐ | मत | + | ऐक्य | = | मतैक्य |
| ख) | अ | + | ओ | = औ | परम | + | ओज | = | परमौज |
| | अ | + | औ | = औ | वन | + | औषध | = | वनौषध |

*** यण् संधि :** यदि इ, ई, उ, ऊ और ऋ के बाद कोई भिन्न स्वर आये तो इ-ई का य्, उ-ऊ का व् और ऋ का र हो जाता है।

**उदाहरण :**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | + | अ | = य | अति | + | अधिक | = | अत्यधिक |

©KTBS Not to be republished

इ + उ = यु   प्रति + उपकार = प्रत्युपकार

उ + अ = व   मनु + अंतर = मन्वंतर

ऋ + अ = र   पितृ + अनुमति = पित्रनुमति

ऋ + उ = र   पितृ + उपदेश = पित्रुपदेश

* **अयादि संधि :** यदि ए, ऐ और ओ, औ के बाद कोई भिन्न स्वर आए तो  ए का अय् ऐ का आय, ओ का अव् और औ का आव हो जाता है।

**उदाहरण :**

क) ए + अ = अय   चे + अन = चयन

ए + अ = अय   ने + अन = नयन

ख) ऐ + अ = आय   गै + अक = गायक

ऐ + इ = आय   नै + इका = नायिका

ग) ओ + अ = अव   भो + अन = भवन

औ + अ = आव   पौ + अन = पावन

घ) औ + इ = आव   नौ + इक = नाविक

**(२) व्यंजन संधि :** व्यंजन से स्वर अथवा व्यंजन के मेल से उत्पन्न विकार को व्यंजन संधि कहते हैं।

**उदाहरण :**

१) दिक् + गज = दिग्गज

२) सत् + वाणी = सद्वाणी

३) अच् + अंत = अजंत

४) षट् + दर्शन = षड्दर्शन

५) वाक् + जाल = वाग्जाल

६) तत् + रूप = तद्रूप

©KTBS Not to be republished

(३) **विसर्ग संधि :** स्वरों अथवा व्यांजनों के साथ विसर्ग (:) के मेल से विसर्ग में जो परिवर्तन होता है, उसे विसर्ग संधि कहते हैं।

**उदाहरण :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| निः | + | चय | = | निश्चय |
| निः | + | कपट | = | निष्कपट |
| निः | + | रस | = | नीरस |
| दुः | + | गंध | = | दुर्गंध |
| मनः | + | रथ | = | मनोरथ |
| पुरः | + | हित | = | पुरोहित |

******

©KTBS Not to be republished

# प्रचलित कहावतें

१. **अपनी ढ़फली अपना राग** - संगटन का अभाव, जिसकी जो इच्छा हो करे।

२. **आगे कुआँ पीछे ख़ाई** - दोनों ओर मुसीबत

३. **आप भला तो जग भला** - भले आदमी के लिए सब भले हो जाते हैं।

४. **एक पंथ दो काज** - एक साधन से दो काम हो जाना।

५. **एक हाथ से ताली नहीं बजती** - झगड़ा दोनों या सभी पक्षों के कारण होता है।

६. **जिसकी लाटी उसकी भैंस** - शक्तिशाली की विजय।

७. **जैसा वेश वैसा भेष** - जहाँ रहो, वहाँ वैसी रीति पर चलो।

८. **जैसी करनी वैसी भरनी** - किए का फल भोगना पड़ेगा।

९. **गांगा गए तो गंगा दास, जमुना गए तो जमुना दास** - परिस्थितियों के अनुसार विचार बदलनेवाला अस्थिर व्यक्ति ।

१०. **न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी** - विवाद को जड़ से ही नष्ट कर देना।

११. **धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का** - अस्थिरता के कारण कहीं का भी न बन पाना।

१२. **दूध का दूध पानी का पानी** - निरपेक्ष न्याय करना।

१३. **साँप मरे न लाठी टूटे** - काम बन जाए, हानि भी न हो।

१४. **भागते भूत की लंगोटी भली** - जो मिल गया वही काफी।

१५. **सीधी उँगलियों से घी नहीं निकलता है** - बिलकुल सिधाई से काम नहीं चलता।

१६. **सिर मुँड़ाते ही ओल पड़े** - पहली बार ही अपशकुन ।

*****

Not to be republished ©KTBS

# निबंध

## १) दहेज प्रथा :

दहेज प्रथा भारतीय समाज का कंलक है और भारतीय नारियों के लिए अभिशाप है। दहेज प्रथा भी आजकल एक ऐसी पद्धति बन गई है, जिसने विवाह योग्य कन्या के पिता का चैन छीन लिया है। इस कुप्रथा के कारण विवाह जैसा महत्वपूर्ण एंव पवित्र संस्कार "वर को खरीदने एवं बेचने की मंडी" बन गयी है। आजकल समाचार पत्रों में दहेज के कारण किसी नवयुवती की मृत्यु या उसके ऊपर अत्याचार के समाचार पढ़ने के लिए बहुत मिलते हैं। यह प्रथा एक अभिशाप बन गई है।

विवाह के अवसर पर कन्या-पक्ष की ओर से वर-पक्ष को दिए जानेवाले रूपए-पैसे और साज-सामान को दहेज कहते हैं। चल-संपत्ति में प्रायः आभूषण, कॉर, सोने-चाँदी के जेवर से लेकर काँसे-पीतल के बर्तन आदि तथा अचल-संपत्ति में कबी-कभी खेत, मकान आदि तक माँगे जाते हैं। प्राचीन काल में कन्या का पिता स्वेच्छा से अपनी कन्या को दहेज देता था। कन्या से माता-पिता दहेज देने में प्रसन्नता और संतोप अनुभव करते थे।

कालांतर में दहेज के लिए दबाव और जोर जबर्दस्ती का बाजार हो गया। बहुत-सी कन्याओं का विवाह रूकने लगा और केवल धनी माँ-बाप की कन्याएँ अच्छे परिवारों में विवाहित होने लगीं। कुछ लालची सास-ससुरों ने विवाह के बाद अपनी बहुओं को सताना भी प्रारंभ कर दिया, जिसका परिणाम विषपान और आग में जलाना तक हो गया। कभी-कभी धन के लालच में लड़केवाले पहली वहू की हत्या करके या उसे अयोग्य बता कर अपने पुत्र का दूसरा विवाह भी कर डालते हैं। कन्या के गरीब माता-पिता के लिए यह सबसे बड़ा-अभिशाप सिद्ध हो रहा है। ऋण लेकर विवाह करने

©KTBS Not to be republished

पर कभी-कभी उसका समस्त जीवन ऋण चुकाने में निकल जाता है। दहेज की समस्या के कारण अपने माता - पिता की दयनीय दशा देखकर कभी-कभी कन्याएँ इतनी निराश और दुःखी हो जाती हैं कि अपना विवेक खोकर आत्महत्या कर लेती हैं। वे सोचती हैं कि अपने माता-पिता की शोचनीय दशा का कारण वे ही हैं। इसलिए "न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी" की कहावत को चरितार्थ करती हुई वे अपना जीवन ही समाप्त कर लेती हैं।

सरकार ने इस प्रथा को दूर करने के लिए कानून बना दिया है। दहेज के संदर्भ में नव विवाहिताओं के मृत्यु संबंधी मामलों में नव वधुओं के पति, सास-ससुर आदि को मृत्युदणड देकर इस कुप्रथा को समाप्त करने की दिशा में प्रशंसनीय प्रयास किया जा रहा है। इस प्रथा के विरोध में देश के अनेक भागों में महिलाओं के संगठन उठ खड़े हुए हैं। नवयुवकों और युवतियों को आगे बढ़कर इसे जल्दी-से-जल्दी समाप्त करना चाहिए।

## भारत की जनसंख्या

भारत की बढ़ती हुई जनसंख्या की समस्या काफी गंभीर है। तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण विकास और प्रगति की सारी योजनाएँ विफल होती जा रही हैं। जनसंख्या वृद्धि की समस्या अनेक अन्य समस्याओं को उत्पन्न करती है। प्रत्येक व्यक्ति की मुख्य आवश्यकताएँ हैं - रोटी कपड़ा, और मकान।' आज अनेक देशों में लाखों व्यक्तियों को खाने के लिए पेट भर रोटी नहीं मिलती, शरीर ढ़कने के लिए कपड़ा नहीं मिलता और रहने के लिए मकाननहीं मिलता है। वे बिना घर-बार के खुले आसमान के नीचे जीवन विताते हैं।

©KTBS Not to be republished

आज यातायात के साधनों का बहुत विकास हुआ है। लाखों बसों रात-दिन देश की सड़कों पर दौड़ती हैं। जहाँ पर पहले दो-ती रेलगाड़ियाँ चलती थी, वहाँ अब दस-दस गाड़ियाँ चलने लगी हैं। लेकिन जनसख्या के कारण हम सुख से यात्रा नहीं कर पाते। बसों और गाड़ियो मे हमे अपअर भीड़ का सामना करना पड़ता है। रेलगाड़ियों के लिए टिकट खरीदने में घंटों लंबी-लंबी पंक्तियों में खड़ा रहना पड़ता है। कभी-कभी लंबी-लंबी यात्राएँ खड़े-खड़े करनी पड़ती हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद विध्यालयों की संख्या पहले से अधिक बढ़ गई है। फिर भी अनेक विध्यार्थियों की शिक्षा इसलिए रूक जाती है कि उन्हें किसी विध्यालय में प्रवेश नहीं मिलता। चारों ओर भीड़ ही-भीड़ दिखाई देती है।

जनसंख्या की दृष्टि से हमारा भारत, संसार का दूसरा सबसे बड़ा देश है। आज हमारे देश की जनसंख्या लगभग करोड़ हो गई है। हमको भीषण संकट का सामना करना पड़ेगा।

इस प्रकार जनसंख्या वृद्धि अनेक समस्याओं के मूल में विध्यमान है। इसीलिए हमारी सरकार ने परिवार कल्याण की योजना चलाई है। इस योजना को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करना भारत के प्रत्येक नागारिक का कर्तव्य है। हमारे युवक और युवतियाँ आगे आकर एक-एक गावँ में जाकर एक-एक व्यक्ति को सचेन करें, तभी पूर्ण सफलता मिल सकती है। यति हम अपना, अपने परिवार का, अपने देश का कल्याण करना हैं, तो हमें परिवार नियोजन का पालन करना ही होगा। इस धर्म का पालन ही आज सच्ची देश भक्ति है।

*****

©KTBS Not to be republished

# पत्र-लेखन

## शिकायती पत्र :

## बिजली का तार ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र

दिनांक : 22.06.2016

सेवा में,

सहायक विद्युत् अधिकारी,

बिजली सेवा विभाग,

त्यागराज नगर, बेंगलूरू - 28

महोदय,

निवेदन है कि पिछले पाँच दिनों से बिजली का तार सार्वजनिक मार्ग पर गिरा पड़ा है। इससे लोगों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है। क्योंकि तार में बिजली आती रहती है। घर में भी बत्तियाँ टीक तरह से नहीं जलतीं। इसलिए जल्द से जल्द आकर तारों को टीक करने की कृपा कीजिए।

सधन्यवाद

एम.यु.जाधव<br>
घर, नं - 183,<br>
तीसरा मेन रोड,<br>
त्यागराज नगर,<br>
बेंगलूरू - 560028.

भवदीय<br>
एम.यु.जाधव

©KTBS Not to be republished

**आवेदन पत्र :**

# १) नौकरी के लिए आवेदन-पत्र

घर, नं - 266/31,
काटनपेट,
बेंगलूर - 560 053.
तारीख - 22-06-2016

सेवा में,

प्रधान सचिव,
कर्नाटक महिला हिंदी सेवा समिति,
चामराजपेट, बेंगलूरू - 560 018.

**विषय :** अध्यापक-पद के लिए आवेदन पत्र।

महोदय,

आज के "इंडियन एक्सप्रेस" समाचार पत्र में प्रकाशित आपके विज्ञापन में सूचित अध्यापक-पद के लिए मैं यह आवेदन पत्र आपके विचारार्थ प्रेषित कर रहा हूँ। मेरी शैक्षणिक योग्यता अनुभव आदि का विवरण इस प्रकार हैं।

1. नाम - नरेश कुमार
2. पिता का नाम - रतन कुमार
3. जन्म की तारीख और आयु - 16.01.1970 (22वर्ष)
4. वर्तमान पता - घर नं - 266/31, काटनपेत, बेंगलूरू - 53.

©KTBS Not to be republished

5. क्या आप अनुसूचित
जाति/जनजाति/
पिछडी जाति के है? - नहीं

6. यदि हाँ, तो जाति का
नाम लिखिए। -

7. क्या आप भारतीय नागरिक
है? - हाँ

8. यादि नहीं तो अपनी
नागरिकता लिखिए -

9. योग्यता - एम. ए. (हिंदी) - प्रथम श्रेणी,
बेंगलूरु विश्वविध्यालय।

10. अनुभव - बेंगलूरु हाईस्कूल में दो साल तक
हिंदी अध्यापन कार्य

11. भाषा ज्ञान - हिंदी, कन्नड, अंग्रेजी आदि।

मैं एक परिश्रमी, ईमानदार, अनुशसित एवं स्वस्थ युवक हूँ। मेरा संपूर्ण सदा रेकार्ड प्रशंसनीय रहा है। सभी प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपियाँ संलग्न हैं। आशा हैं, सेवा करने का अवसर प्रदान कर अनुगृहति करेंगे।

हार्दिक अन्यवाद,

भवदीय

नरेश कुमार

©KTBS Not to be republished

## ढाँचे के आधार पर कहानी लेखन :

नीचे कुछ कहानियों की रूपरेखाएँ दी गई हैं। उनके आधार पर कहानियाँ लिखिए और उनके उचित शीर्षक दीजिए -

(क)

- पुत्र गधे पर, पिता पैदल, मार्ग में सामने से आते तीन आदमी।
- पिता गधे पर, पुत्र पैदल, मार्ग में कुछ आदमी।
- पिता तथा पुत्र गधे पर, रास्ते में तीन स्त्रियाँ।
- पिता-पुत्र दोनों पैदल, साथ में गधा और सामने कुछ पथिक।
- पिता-पुत्र गधे को लाठी की सहायता से कंधे पर उठाकर ले जाते हुए।

(ख)

- बंदर का मनुष्य की चीज़ों को तोड़ना-फोड़ना।
- मनुष्य का बाहर बैठकर दाढ़ी बनाना और पेड़ पर बैठे बंदन का उसे देखना।
- मनुष्य का घर के अंदर जाना तथा बंदर का ब्लेड से दाढ़ी बनाने की नकल करना।
- बंदर के चेहरे का लहूलुहान हो जाना।

©KTBS Not to be republished

(ग)

- एक बालक का गुड़ अधिक खाना।
- माँ का तंग होना।
- साधु के पास जाना।
- एक सप्ताह बाद आने का आदेश।
- गुड़ न खाने का उपदेश।
- माँ की जिज्ञासा।
- साधु का स्वयं एक सप्ताह गुड़ न खाना।

(घ)

- कौआ और हंस एक साथ।
- कौए का हंस की हँसी उड़ाना।
- सागर के ऊपर उड़ान का मुकाबला करना।
- कौए का तेज़ उड़कर हंस से आगे रहना।
- हंस का स्वाभाविक गति से उड़ना।
- कौए का थक जाना।
- सागर में गिरकर डूबने लगना।
- हंस का उसे बचाना।

निम्नलिखित कहानी को पढ़कर बताइए कि यदि 'कौआ' बुद्धिमान होता, तो क्या करता।

©KTBS Not to be republished

एक दिन एक कौए को रोटी का एक टुकड़ा मिला। वह उसे चोंच में पकड़कर एक वृक्ष  की शाखा पर बैठ गया। इतने में वहाँ एक लोमड़ी आ गई? कौए की चोंच में रोटी का टुकड़ा देखकर उसके मुँह में पानी भर आया।

उसने रोटी हड़पने का एक उपास सोचा। वह कौए से बोली, "भाई कौए, तुम बहुत सुंदर हो। तुम्हारे पंख कैसे चमकीले हैं। तुम्हारा स्वर भी बहुत मीठा होगा। क्या तुम मुझे अपना गाना नहीं सुनाओगे?" अपनी प्रशंसा सुनकर कौआ फूला नहीं समाया। वह काँव-काँव कर गाने लगा। उसके चोंच खोलते ही रोटी का टुकड़ा नीचे गिर पड़ा। चालाक लोमड़ी ने वह टुकड़ा उठाया और चलती बनी।

**संभावित उत्तर**

यदि कौआ बुद्धिमान होता तो वह या तो लोमड़ी की बात अनसुनी करके मज़े में रोटी खाता रहता या रोटी खाने के बाद गाना गाता या टुकड़े को पंजे दबाकर गाना गाता।

*****

©KTBS Not to be republished